www.navpradesh.com

दैनिक **नवप्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, शनिवार, 2 मई 2026 | शुक्ल पक्ष-प्रतिपदा, | विक्रम संवत -2083 / वर्ष-12 अंक- 20 | पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

खेती से समृद्ध किसान, आदिवासी अंचलों में बदलाव, आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ते कदमः नेताम

*छत्तीसगढ़ सरकार के कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने राज्य की योजनाओं और उपलब्धियों पर **नवप्रदेश** के साथ खुलकर चर्चा की। मंत्री श्री नेताम ने कृषि क्षेत्र में सुधार, सहकारी सोसाइटियों में खाद की उपलब्धता, मत्स्य पालन को बढ़ावा, पशुधन विकास और रोजगार सृजन, नक्सल और आदिवासी क्षेत्रों के विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सरकार की प्राथमिकताओं को स्पष्ट किया। नेताम ने कहा कि भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार ने सुशासन को केंद्र में रखते हुए हर वर्ग के हित में काम किया है, जिससे किसानों, आदिवासी समुदायों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। साय सरकार की योजनाएं लोगों की आय में वृद्धि और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ी पहल है। सरकार ने मोदी की सभी गारंटी को तेजी से पूरा किया है, जिससे जनता का भरोसा बढ़ा है। वरिष्ठ आदिवासी नेता व मंत्री राम विचार नेताम के साक्षात्कार के प्रमुख अंश...*

Q कृषि और किसान कल्याण मंत्री के तौर पर आपने हाल ही में खाद की कालाबाजारी करने वालों को सख्त चेतावनी दी है। जमीनी स्तर पर क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

- हमारी सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए जिला स्तर पर उड़नदस्ता दल बनाए गए हैं। लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। दोषियों पर एफआईआर और लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई हो रही है। साथ ही, वितरण व्यवस्था को डिजिटल माध्यम से ट्रैक किया जा रहा है, ताकि किसानों को समय पर उचित मूल्य पर खाद मिल सके।

Q नई पैक्स समितियों के गठन को आप कितना महत्वपूर्ण मानते हैं?

- **जवाब** : नई समितियों का गठन किसानों की आर्थिक मजबूती की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। हमारी केंद्र की सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सहकार से समृद्धि की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में कार्य कर रही है।

दो साल में सरकार ने बेहतर काम किया, मोदी की सभी गारंटी लगभग पूरी

कृषि एवं आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते नवप्रदेश के प्रधान संपादक यशवंत धोटे। (फोटो- नवप्रदेश)

नई समितियों के गठन से गांव स्तर पर ही किसानों को ऋण, भंडारण और विपणन की सुविधाएं मिलेंगी, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी और बिचौलियों पर निर्भरता समाप्त होगी।

Q आदिवासी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में वनांचलों के विकास में क्या बदलाव महसूस हो रहे हैं?

- देखिये जहां तक आदिवासी मुख्यमंत्री की बात है तो छत्तीसगढ़ एक मजबूत नेतृत्व के रूप में उभरी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में चहमुखी विकास हो रहा है। राज्य के किसान, मजदूर सहित सभी वर्ग के लोग खुशहाल है। वहीं आदिवासी नेतृत्व से आदिवासी क्षेत्रों में विकास की गति तेज हुई है।
- सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में बेहतर कार्य हो रहे हैं। स्थानीय संसाधनों पर आधारित रोजगार सृजन और जनभागीदारी को बढ़ावा दिया जा रहा है।

Q प्लास्टिक बोतलों में शराब बिक्री को लेकर आपके बयान पर विवाद हुआ, क्या कहना चाहेंगे?

- सरकार का उद्देश्य व्यवस्था में सुधार और पारदर्शिता लाना है। किसी भी नीति पर निर्णय लेने से पहले सभी पहलुओं-विशेषकर स्वास्थ्य और पर्यावरण को ध्यान में रखा जाता है। हम संतुलित और जिम्मेदार निर्णय के पक्षधर हैं।

Q हाल ही में पारित बजट का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए आपका क्या ब्लूप्रिंट है?

- बात बजट की हो तो हमारा लक्ष्य है कि बजट का सीधा लाभ आदिवासी और किसान व कमजोर वर्ग तक पहुंचे। इसके लिए डीबीटी, विकेंद्रीकरण और ग्राम स्तर पर मॉनिटरिंग को मजबूत किया गया है। पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है।

Q संगठन से जुड़ी आपकी टिप्पणी पर काफी चर्चा हुई, क्या संगठन में सब कुछ ठीक है?

- भारतीय जनता पार्टी की संगठन मजबूत और अनुशासित है। किसी भी बयान को संदर्भ से हटाकर नहीं देखना चाहिए। हम सभी वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में एकजुट होकर कार्य कर रहे हैं। किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है।

Q सोशल मीडिया पर बढ़ती बयानबाजी को आप कैसे देखते हैं?

- सोशल मीडिया अभिव्यक्ति का महत्वपूर्ण माध्यम है, लेकिन इसका जिम्मेदारी से उपयोग जरूरी है। लोकतंत्र में आलोचना का स्वागत है, परंतु मर्यादा बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक है।

Q मत्स्य पालन और पशुधन विकास में रोजगार बढ़ाने के लिए क्या किया जा रहा है?

- मत्स्य पालन और पशुधन विकास में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। सरकार आधुनिक तकनीक, प्रशिक्षण और अनुदान के माध्यम से युवाओं को प्रोत्साहित कर रही है। स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजनाएं लागू की गई हैं। हाल में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जनजातीय बहुल्य बस्तर संभाग के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

आज बेबाक

पांच राज्यों में से चार राज्यों के विधानसभा चुनाव के एग्जिट पोल को लेकर कोई विवाद नहीं है। अलबत्ता बंगाल के एग्जिट पोल को लेकर जरूर पशोपेश की स्थिति बनी हुई है। इसकी वजह है कांटे की टक्कर हुई है। ऐतिहासिक मतदान भाजपा के तूफान का संकेत दे रहा है और अधिकांश एग्जिट पोल बंगाल में भाजपा की सरकार बनने का पूर्वानुमान लगा रहे हैं। इसके बावजूद दीदी अपनी जीत का दम भर रही हैं। स्ट्रांग रूम के बाहर टीएमसी समर्थकों की दसटंकी को देखकर यही लगता है कि चार मई को टीएमसी का टाईटैनिक डूबने जा रहा है।

जनता का विश्वास सबसे बड़ी पूंजीः शालीनता और संवेदनशीलता हो प्रशासनिक अधिकारियों की पहचानः साय

मुख्यमंत्री का अफसरों को दो टूक निर्देश, जनता की सुनें, सुनाएं नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रशासनिक व्यवस्था को जनकेंद्रित और संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से शासकीय अधिकारियों को स्पष्ट और सख्त निर्देश दिए हैं कि वे आमजन के साथ शालीनता, धैर्य और सम्मान के साथ व्यवहार करें। उन्होंने दो टूक कहा कि मुख्यालय और फील्ड स्तर पर शासकीय अधिकारी ही शासन का चेहरा होते हैं, इसलिए उनका आचरण शासन की छवि को प्रभावित करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को सुनना प्रशासनिक अधिकारियों का पहला कर्तव्य है। उन्होंने अधिकारियों को आगाह किया कि वे जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनें और समाधान पर केंद्रित रहें। उन्होंने स्पष्ट किया कि संवाद तभी सार्थक है, जब उसमें संवेदना और समस्याओं का समाधान करने की नीयत हो।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभागों में जनसमस्याओं के निराकरण को प्रभावी, सरल और भरोसेमंद बनाया जाए। जब कोई आम नागरिक किसी शासकीय कार्यालय पहुंचे, तो उसे यह महसूस होना चाहिए कि उसकी बात सुनी जा रही है और उसके साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजनाओं की सफलता केवल आंकड़ों से नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर लोगों के अनुभव से मापी जाती है। इसलिए अधिकारी फील्ड में सक्रिय रहें, लोगों से सीधे संवाद करें और उनकी वास्तविक जरूरतों के अनुरूप कार्य करें। उन्होंने कहा कि संवेदनशीलता और तत्परता ही प्रशासन की असली ताकत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता का विश्वास सबसे बड़ी पूंजी है, जिसे बनाए रखने के लिए ईमानदारी के साथ-साथ व्यवहार में शालीनता और विनम्रता भी जरूरी है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सुशासन केवल नीतियों से नहीं, बल्कि व्यवहार से स्थापित होता है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ का सपना तभी साकार होगा, जब प्रशासन हर नागरिक के लिए सुलभ, संवेदनशील और सम्मानजनक बने।

सीएम साय करेंगे औचक निरीक्षण

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्पष्ट किया कि सुशासन तिहार के दौरान वे स्वयं विभिन्न क्षेत्रों में आकस्मिक निरीक्षण करेंगे और अधिकारियों के कार्य के साथ-साथ उनके व्यवहार पक्ष का भी अवलोकन करेंगे। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क के दौरान अधिकारियों की संवेदनशीलता, शालीनता और जवाबदेही को प्राथमिकता के साथ परखा जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री स्वयं शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा भी करेंगे।

■ **संवाद तभी सार्थक जब उसमें संवेदना और समस्याओं का समाधान करने की नीयत हो**

■ **आम आदमी सरकारी कार्यालय पहुंचे, तो उसे महसूस होना चाहिए कि उसकी बात सुनी जा रही**

सुशासन तिहार 2026 के मुख्य बिंदु

आयोजनः 1 मई से 10 जून तक प्रदेश में 'सुशासन तिहार' का आयोजन किया जा रहा है।
समाधान शिविरः ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पंचायत एवं वार्ड स्तर पर बड़े पैमाने पर समाधान शिविर लगाए जाएंगे।
त्वरित निराकरणः शिविरों में आवेदन स्वीकार कर जनसमस्याओं का मौके पर निराकरण किया जाएगा।
जनप्रतिनिधिः इस अभियान में जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।
जवाबदेहीः पारदर्शिता और जवाबदेही को कार्य का मूल आधार बनाने की अपेक्षा की गई है।

भीषण गर्मी में हांफने लगे सीएसईबी के पावर प्लांट

कोरबा में राखड़ बांध फूटने से दो यूनिट बंद

■ **सेंट्रल पुल के भरोसे सप्लाई, खपत 7000 मेगावाट पार, उत्पादन घटकर 2000 से 2200 मेगावाट के आसपास**

ईश्वर चंद्रा

कोरबा। प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच बिजली व्यवस्था पर जबरदस्त दबाव बना हुआ है। मांग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है, लेकिन उत्पादन घटने से हालात असंतुलित हो गए हैं। सबसे बड़ा असर कोरबा स्थित हसदेव ताप विद्युत संयंत्र (एचटीपीपी) में झाबू राखड़ बांध फूटने की घटना के बाद सामने आया है, जहां दो यूनिट पूरी तरह बंद करनी पड़ी हैं।

मौजूदा स्थिति में प्रदेश की बिजली खपत 7000 से 7300 मेगावाट के पार पहुंच चुकी है, जबकि खुद का उत्पादन घटकर करीब 2000-2500 मेगावाट रह गया है। इस बड़े अंतर को पाटने के लिए राज्य को सेंट्रल सेक्टर से भारी मात्रा में बिजली लेनी पड़ रही है। उत्पादन कम होने के कारण प्रदेश को रोजाना करीब 4800 से 5000 मेगावाट बिजली सेंट्रल पुल से लेनी पड़ रही है। इससे बिजली कंपनियों पर आर्थिक दबाव बढ़ रहा है, हालांकि ■ शेष पृष्ठ 8 पर

> झाबू राखड़ बांध पर दबाव कम करने के लिए उत्पादन घटाया गया है। शेष इकाइयों को आंशिक क्षमता पर चलाया जा रहा है और राख को दूसरे बांध में भेजा जा रहा है। मरम्मत का काम तेजी से चल रहा है और अगले दो दिनों में स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है।
> – एचके सिंह, मुख्य अभियंता, हसदेव ताप विद्युत संयंत्र

मांग में रिकॉर्ड बढ़ोतरी

गर्मी के चलते बिजली की मांग तेजी से बढ़ी है और यह 7000- 7300 मेगावाट तक पहुंच गई है, जो अब तक का उच्चतम स्तर है। यह पिछले साल की तुलना में करीब 200 मेगावाट ज्यादा है।

तापमान	
अधिकतम 45°	न्यूनतम 28°

बाजार भाव	
गोल्ड 1,50,820	सिल्वर 2,39,000

शेयर बाजार	
संसेक्स 76,913.50	निफ्टी 23,997.55

विश्व जनसंख्या	भारत जनसंख्या
8,290,409,329	1,474,726,156

महंगाई का झटका

कमर्शियल एलपीजी 993 महंगी, कांग्रेस ने सरकार को घेरा

नई दिल्ली। कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में करीब एक हजार रुपये की भारी बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि चुनाव खत्म होते ही भाजपा सरकार ने आम जनता पर महंगाई का बोझ डाल दिया है। श्री वेणुगोपाल ने कहा कि कमर्शियल सिलेंडर के दाम में 993 रुपये और 5 किलो वाले सिलेंडर में 261 रुपये का इजाफा किया गया है। इसका सीधा असर छोटे ढाबों, रेस्टोरेंट्स और खाद्य व्यवसायों पर पड़ेगा।

गरमा-गरम

मतगणना केंद्रों में सुरक्षा बढ़ाने क्यूआर आधारित आईडी

चेन्नई, (वार्ता)। चुनाव आयोग ने मतगणना केंद्रों में किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति के प्रवेश को रोकने के लिए ईसीआईएनईटी पर क्यूआर कोड आधारित फोटो पहचान पत्र (पीआईसी) प्रणाली शुरू की है। तमिलनाडु विधानसभा के लिए 23 अप्रैल को हुए मतदान में वोटों की गिनती चार मई को पूरे राज्य के 62 केंद्रों पर की जाएगी जिनमें चेन्नई के तीन केंद्र भी शामिल हैं। चेन्नई में ही उन ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) को सुरक्षित कक्षों में रखकर सील किया गया है, जिनमें 443 महिलाओं सहित 4,032 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला हुआ है।

तमिलनाडु की मुख्य निर्वाचन अधिकारी सुश्री अर्चना पटनायक ने कहा कि क्यूआर कोड आधारित फोटो पहचान पत्र प्रणाली को असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के चुनावों और पांच राज्यों की सात सीटों पर हुए उपचुनावों में पहली बार लागू किया गया है और उसका विस्तार लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं के सभी आम चुनावों और उपचुनावों में किया जाएगा।

यह महत्वपूर्ण पहल पिछले एक वर्ष में ईसीआई द्वारा की गई 30 से अधिक पहलों की श्रृंखला में शामिल है, जिसमें बीएलओ के लिए मानकीकृत क्यूआर कोड आधारित फोटो आईडी कार्ड की शुरुआत भी शामिल है। मतगणना केंद्रों पर पहचान के सत्यापन के लिए तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

प्रदेश में प्रथमः मंदरौद पंचायत ने रचा इतिहास

धमतरी/नवप्रदेश। पंचायत विकास सूचकांक में धमतरी जिले ने बड़ी सफलता हासिल की है। जिले के कुरूद विकासखंड की मंदरौद ग्राम पंचायत गरीबी मुक्त और आजीविका संवर्धन में 94.4 अंक लेकर पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान पर रही है।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और विधायक अजय चंद्राकर ने इस उपलब्धि को प्रदेश के लिए मिसाल बताया है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिला प्रशासन और ग्रामीणों को बधाई देते हुए इसे पारदर्शी विकास का परिणाम कहा।

ईरान पर हाइपरसोनिक मिसाइलों से हमला कर सकता है अमेरिका

■ **बचे हुए ईरानी नेता टारगेट पर, सेना ने ट्रम्प को प्लान बताया**

तेल अवीव/वॉशिंगटन। अमेरिका पहली बार ईरान के खिलाफ हाइपरसोनिक मिसाइलों का इस्तेमाल कर सकता है। अमेरिका की सेंट्रल कमांड के कमांडर ने राष्ट्रपति ट्रम्प को ईरान के खिलाफ संभावित हमला करने के विकल्पों की जानकारी दी है। फॉक्स न्यूज के मुताबिक एडमिरल ब्रैड कूपर ने व्हाइट हाउस के सिचुएशन रूम में ट्रम्प के साथ बैठक में ये विकल्प पेश किए। इसमें बताया गया कि अगर ट्रम्प दोबारा हमले का फैसला लेते हैं, तो एक 'छोटा लेकिन बहुत ताकतवर हमला' किया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस हमले में ईरान की बची हुई सैन्य ताकत, उसके ■ शेष पृष्ठ 8 पर

लद्दाख दौरे पर घिरे अमित शाह

नई दिल्ली/लेह/वार्ता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के लद्दाख दौरे को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। कांग्रेस ने शाह की इस यात्रा को केवल एक 'धार्मिक प्रदर्शन' करार देते हुए उन पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस के संचार विभाग प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि एक तरफ गृह मंत्री बौद्ध अवशेषों की महिमा के गुणगान में व्यस्त हैं, वहीं दूसरी ओर लद्दाख की जनता अपनी पहचान और अधिकारों की रक्षा के लिए सड़कों पर है।

कांग्रेस ने याद दिलाया- नेहरू का 'बौद्ध कनेक्शन'

विशेष सत्रः छत्तीसगढ़ विधानसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में संकल्प पारित

मातृशक्ति के सम्मान के लिए डबल इंजन सरकार प्रतिबद्ध : साय

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के विशेष सत्र में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में संकल्प प्रस्तुत करते हुए कहा कि महिलाओं के सम्मान, समग्र विकास और सशक्तिकरण के लिए संसद और सभी विधानसभाओं में उनके लिए एक तिहाई आरक्षण सुनिश्चित किया जाना अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल लोकतांत्रिक संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी को सुदृढ़ करेगी, बल्कि समाज में समान अवसर और संतुलित प्रतिनिधित्व की दिशा में भी एक नई ऊर्जा प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के प्रयासों से देश की आधी आबादी को निर्णय प्रक्रिया में सशक्त भूमिका मिलेगी और विकास अधिक समावेशी एवं प्रभावी बनेगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की यह पावन धरती माता शबरी, मां दंतेश्वरी और मां महामाया की भूमि है, जहां नारी को सदैव शक्ति के रूप में सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी केवल सम्मान ■ शेष पृष्ठ 8 पर

लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी जरूरी

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी और प्रतिनिधित्व का विस्तार समाज के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के कार्यक्षेत्र के विस्तार और जनसंख्या वृद्धि को देखते हुए समय-समय पर व्यवस्थागत सुधार और संतुलन पर विचार करना महत्वपूर्ण है, जिससे शासन व्यवस्था अधिक प्रभावी और जनसरोकारों के अनुरूप बन सके।

महिलाएं जनप्रतिनिधि के रूप में नेतृत्व कर रहीं

सीएम साय ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी लोकतंत्र को मजबूत बनाने का एक सशक्त उदाहरण है। बड़ी संख्या में महिलाएं जनप्रतिनिधि के रूप में नेतृत्व कर रही हैं और स्थानीय विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को परिवार और समाज में सशक्त बनाने के लिए विभिन्न स्तरों पर सकारात्मक पहल की जा रही हैं, जिससे वे निर्णय प्रक्रिया में अधिक प्रभावी भूमिका निभा सकें।

क्रूज हादसे में अब तक 9 शव मिले, 4 लोग लापता

■ **जबलपुर में 4 साल के बेटे को छाती से चिपकाए मिली मां**

जबलपुर/नवप्रदेश। जबलपुर स्थित बरगी डैम में गुरुवार शाम करीब 5 बजे पर्यटन विभाग का एक क्रूज अचानक आई तेज आंधी के चलते डूब गया। अब तक 9 शव मिल चुके हैं। प्रशासन के मुताबिक, 28 लोगों को बचा लिया गया है। तीन बच्चों सहित 4 लोग लापता हैं। बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त क्रूज में लगभग 43 से 47 पर्यटक थे। टिकट सिर्फ 29 लोगों की कटी थी।

हादसा किनारे से करीब 300 मीटर दूर हुआ, जिस समय क्रूज डूबा, उस वक्त हवा की रफ्तार 74 किलोमीटर प्रतिघंटा थी। बरगी सिटी सीएसपी अंजुल मिश्रा के मुताबिक, एसडीआरएफ ने कई लोगों को बचाया, लेकिन अंधेरा और खराब मौसम से राहत कार्य प्रभावित हुआ। दो-दो लाख और घायलों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बाल विवाह रोकथाम पर पंचायतों को मिला प्रशिक्षण, बाल अधिकारों पर बढ़ी जागरुकता

- **ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समितियों के उन्मुखीकरण में 12 पंचायतों की सहभागिता**
- **सुरक्षित बचपन के लिए पंचायतों की जिम्मेदारी और सतर्कता पर दिया गया बल**

जगदलपुर(नवप्रदेश)। ग्राम पंचायत पोड़ागुड़ा में बस्तर सामाजिक जन विकास समिति द्वारा संचालित चाइल्ड डेवलपमेंट प्रोग्राम बस्तर के अंतर्गत क्लस्टर स्तर पर ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति का प्रशिक्षण एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम स्तर पर बाल संरक्षण तंत्र को मजबूत करना, पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका को स्पष्ट करना तथा समुदाय में बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस प्रशिक्षण में जगदलपुर विकासखंड की 12 ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम संस्था के सचिव डॉ सुशील कुमार पाण्डेय के निर्देशन में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में बाल कल्याण समिति बस्तर के अध्यक्ष नरेंद्र पाणिग्राही एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी डॉ विजय शंकर शर्मा उपस्थित रहे। दोनों विशेषज्ञों ने बाल संरक्षण की जमीनी चुनौतियों और पंचायतों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से विचार साझा किए।

प्रशिक्षण सत्र में बाल अधिकार, किशोर न्याय अधिनियम, बाल विवाह रोकथाम, मानव तस्करी, नशा मुक्ति तथा बच्चों से जुड़े शोषण और उपेक्षा जैसे विषयों पर गहन जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं की रोकथाम केवल प्रशासनिक हस्तक्षेप से नहीं,बल्कि ग्राम स्तर पर जागरूक और सक्रिय समुदाय से संभव है। पंचायतें यदि सतर्क रहें और सही समय पर हस्तक्षेप करें,तो बच्चों का भविष्य सुरक्षित किया जा सकता है।

प्रजेंटेशन और संवाद आधारित सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को व्यवहारिक दृष्टिकोण से प्रशिक्षित किया गया। इस पहल ने ग्राम स्तर पर बाल संरक्षण समितियों की भूमिका को और अधिक स्पष्ट किया तथा समुदाय-आधारित संरक्षण व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में सकारात्मक संदेश दिया।कार्यक्रम के सफल संचालन में फील्ड ऑफिसर डॉ नारायण दास पंथ,फील्ड कोऑर्डिनेटर हरिमोहन रॉय एवं रामेश्वर जोशी,कम्युनिटी मोबिलाइजर्स विनोद साहू, सुचित्रा पॉल, जामली कर्मा, गुड़िया मौर्य,ज्योत्सना प्रधान, खुशबू बघेल, तनुजा सलाम, सरिता बघेल तथा संस्था के सियाराम नेताम,थबीर सिंह,मनीषा कश्यप, भूमिका,रुचिका यादव, सुखविंदर कौर, संतोष पटेल, निलेश भारती, सूरज नाग,कमल यादव एवं रामेश्वर ध्रुव सहित अन्य स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

सशक्त पंचायत, सुरक्षित बचपन

यह प्रशिक्षण केवल जानकारी साझा करने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि ग्राम स्तर पर बाल संरक्षण की सामूहिक जिम्मेदारी को मजबूत करने का माध्यम बना। पंचायतों, समुदाय और संस्थाओं के साझा प्रयास से ही बाल विवाह,शोषण और उपेक्षा जैसी समस्याओं पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। सुरक्षित और उज्ज्वल बचपन के निर्माण के लिए यह पहल एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

सम्मान और स्मृतियों के बीच प्राचार्य को दी गई विदाई

- **दीर्घ सेवा, अनुशासन और समर्पण के लिए विद्यालय परिवार ने किया अभिनंदन**

जगदलपुर(नवप्रदेश)। पीएमश्री सेजस धरमपुरा में प्राचार्य के सेवानिवृत्ति उपलक्ष्य में आयोजित विदाई समारोह गरिमा,सम्मान और भावनाओं से परिपूर्ण रहा। विद्यालय परिसर में आयोजित इस अवसर पर शिक्षकों,विद्यार्थियों और अतिथियों ने एकत्र होकर उनके दीर्घ कार्यकाल,अनुशासनप्रियता और शैक्षणिक नेतृत्व को याद किया। समारोह ने एक ओर उपलब्धियों का उत्सव मनाया तो दूसरी ओर विद्यालय परिवार को भावुक क्षणों से भी भर दिया।

कार्यक्रम में विद्यालय परिवार ने अपने उद्बोधनों के माध्यम से उनके व्यक्तित्व और कार्यशैली को रेखांकित किया। वक्ताओं ने कहा कि उनका नेतृत्व केवल प्रशासनिक दायित्व तक सीमित नहीं रहा, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और विद्यालय के शैक्षणिक स्तर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में उनकी केंद्रीय भूमिका रही। शिक्षकों ने उन्हें अनुशासन,समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक बताते हुए कहा कि उनका कार्यकाल आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बना रहेगा।

समारोह में अभिनंदन पत्र का वाचन किया गया,जिसमें उनके सेवा काल की उपलब्धियों और विद्यालय विकास में दिए गए योगदान को विस्तार से प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को और भी जीवंत बना दिया। गीतों की मधुर प्रस्तुतियों ने उपस्थितजनों को भाव-विभोर कर दिया और पूरे समारोह को आत्मीयता का स्पर्श दिया। मंच संचालन भी कुशलता और गरिमा के साथ संपन्न हुआ, जिससे कार्यक्रम की संपूर्ण गरिमा बनी रही। अपने संबोधन में सेवानिवृत्त प्राचार्य ने विद्यालय को अपने जीवन का महत्वपूर्ण अध्याय बताते हुए कहा कि यह संस्थान केवल कार्यस्थल नहीं,बल्कि उनके व्यक्तित्व और जीवन यात्रा का अभिन्न हिस्सा रहा है।

विशेष सत्र: महिला आरक्षण को लेकर पक्ष-विपक्ष आमने-सामने, बहुमत से पारित हुआ निंदा प्रस्ताव, सदन में दिखा राजनीतिक टकराव

नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर गरमाई बहस

जगदलपुर(नवप्रदेश)। नगर पालिक निगम जगदलपुर के सभा कक्ष में छत्तीसगढ़ नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 की धारा 30 के तहत आयोजित विशेष सम्मिलन बैठक में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 को लेकर तीखी बहस देखने को मिली। बैठक का उद्देश्य इस महत्वपूर्ण संवैधानिक पहल के विरोध में खड़े लोगों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित करना था। सत्र के दौरान महिला आरक्षण के मुद्दे पर पक्ष-विपक्ष के बीच स्पष्ट मतभेद उभरकर सामने आए।

बैठक में एमआईसी सदस्यों सहित भाजपा के सभी पार्षदों ने विधेयक के समर्थन में खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने इसे महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि यह कानून लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित कर देश की आधी आबादी को निर्णय प्रक्रिया में प्रभावी भागीदारी देने का मार्ग प्रशस्त करता है। वक्ताओं ने इसे लोकतांत्रिक ढांचे को अधिक समावेशी और सशक्त बनाने वाली पहल बताया।

सदन में उस समय माहौल और अधिक गर्म हो गया, जब कुछ सदस्यों ने संसद में विरोध करने वाले जनप्रतिनिधियों को महिला हितों का विरोधी बताया। इस टिप्पणी पर कांग्रेसी पार्षदों ने आपत्ति जताई और विरोधस्वरूप सदन से बाहर चले गए। इसके बाद भी बैठक जारी रही और उपस्थित सदस्यों ने महिला सशक्तिकरण के मुद्दे पर अपने विचार रखे।

वक्ताओं ने कहा कि ऐसे महत्वपूर्ण विधेयक का पारित न हो पाना महिलाओं के अधिकारों के लिए गंभीर बाधा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह समय राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर महिला नेतृत्व को मजबूत करने का था। अंततः बैठक के समापन पर निंदा प्रस्ताव रखा गया, जिसे बहुमत के आधार पर पारित कर दिया गया।

स्थानीय सदन में महिला प्रतिनिधित्व पर राष्ट्रीय बहस की झलक

जगदलपुर निगम का यह विशेष सत्र केवल स्थानीय राजनीतिक गतिविधि नहीं रहा, बल्कि महिला आरक्षण जैसे राष्ट्रीय मुद्दे पर गहन विमर्श का मंच बना। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर हुई बहस ने यह स्पष्ट किया कि महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी आज भी देश की प्रमुख लोकतांत्रिक बहसों में शामिल है।

महिला आरक्षण बनाम परिसीमन: क्या है विवाद?

कांग्रेस का दावा है कि महिला आरक्षण का वास्तविक उद्देश्य महिलाओं की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करना होना चाहिए, न कि इसे परिसीमन से जोड़कर सीमित दायरे में लागू करना। पार्टी का कहना है कि मौजूदा लोकसभा सीटों पर ही 33 प्रतिशत आरक्षण देने से अधिक महिलाओं को सीधा अवसर मिलेगा। वहीं केंद्र की प्रस्तावित व्यवस्था में केवल बढ़ी हुई सीटों पर आरक्षण की बात होने से संख्या कम रह जाएगी। इसी मुद्दे को लेकर निगम सदन में निंदा प्रस्ताव लाया गया, जिसे कांग्रेस ने महिला विरोधी मानसिकता का प्रतीक बताते हुए विरोध किया।

निंदा प्रस्ताव पर गरमाया निगम सदन, कांग्रेस ने किया बहिष्कार

- **महिला आरक्षण पर भाजपा की मंशा पर उठाए सवाल, परिसीमन के नाम पर जनता को भ्रमित करने का आरोप**

जगदलपुर(नवप्रदेश)। नगर पालिका निगम जगदलपुर की सामान्य सभा में महिला आरक्षण विधेयक को लेकर बुलाए गए विशेष सम्मेलन के दौरान राजनीतिक माहौल तीखा हो गया। विपक्ष के खिलाफ लाए गए निंदा प्रस्ताव को लेकर कांग्रेस पार्षद दल ने इसे सदन की गरिमा के विपरीत बताते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया और अंततः बहिष्कार कर बाहर निकल गया।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी महिला आरक्षण के पक्ष में पहले भी थी, आज भी है और आगे भी रहेगी। महिला आरक्षण के नाम पर केंद्र सरकार परिसीमन को जोड़कर देश की जनता को भ्रमित कर रही है। उनका तर्क था कि यदि मौजूदा 543 लोकसभा सीटों पर ही 33 प्रतिशत आरक्षण लागू किया जाए तो लगभग 180 सीटों पर महिलाओं को अवसर मिल सकता है, जबकि परिसीमन के बाद 850 सीटों की स्थिति में यह संख्या 280 तक पहुंच सकती है। इसके विपरीत केवल बढ़ी हुई सीटों पर आरक्षण देने की नीति महिलाओं की भागीदारी सीमित कर देगी। कांग्रेस पार्षदों ने आरोप लगाया कि विपक्ष की महिला सदस्यों को अपनी बात रखने से रोका गया और सदन में बहुमत के आधार पर प्रस्ताव पारित करने की जल्दबाजी दिखाई गई। इसे लोकतांत्रिक संवाद की भावना के विरुद्ध बताते हुए कांग्रेस पार्षद दल ने बैठक का बहिष्कार किया। नेता प्रतिपक्ष ने यह भी कहा कि यदि महिला सशक्तिकरण की बात की जा रही है तो अंत्योदय राशन कार्ड से जुड़ी विधवा, बुजुर्ग, एकाकी और परित्यक्ता महिलाओं की समस्याओं पर भी विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि जनहित के मुद्दों की उपेक्षा कर राजनीतिक निंदा प्रस्तावों पर निगम संसाधनों का उपयोग किया जा रहा है।

मजदूर दिवस पर श्रमशक्ति को नमन

- **भाजपा ने किया श्रमिकों का सम्मान, माल्यार्पण, अंगवस्त्र और मिठाई भेंट कर बढ़ाया हौसला**

जगदलपुर (नवप्रदेश)। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर शहर में श्रमशक्ति के सम्मान का प्रेरक दृश्य देखने को मिला,जब भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के तत्वावधान में श्रमिकों का सार्वजनिक सम्मान किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के श्रमिकों को समाज की विकासधारा का आधार बताते हुए उनके योगदान को सराहा। सम्मान स्वरूप माल्यार्पण, श्रीफल, अंगवस्त्र एवं मिठाई भेंट कर श्रमिकों का उत्साहवर्धन किया गया।

इस आयोजन का उद्देश्य केवल औपचारिक सम्मान तक सीमित नहीं रहा,बल्कि श्रमिकों के अधिकार,सुरक्षा और कल्याण से जुड़े मुद्दों पर संवाद भी केंद्र में रहा। वक्ताओं ने कहा कि श्रमिक वर्ग देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है,जो कठिन परिस्थितियों में भी अपने श्रम और समर्पण से विकास का पहिया गतिमान रखता है। कोविड काल से लेकर बुनियादी ढांचे के निर्माण तक, श्रमिकों ने हर चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में अपनी भूमिका निभाई है। कार्यक्रम में श्रमिकों के कल्याण से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी साझा की गई। उपस्थित पदाधिकारियों ने श्रमिकों को इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया और उनकी समस्याओं को सुनते हुए समाधान हेतु हरसंभव प्रयास का भरोसा दिलाया। सम्मानित श्रमिकों में महावीर बघेल, कृष्णा यादव, ओमप्रकाश उइके, नरेंद्र बघेल, बालचंद्र बघेल एवं सौरभ कुमार शामिल रहे। कार्यक्रम में भाजपा पश्चिम मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा,झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के बस्तर जिला संयोजक संतोष त्रिपाठी,सह संयोजक कृष्णा ठाकुर,चंद्रप्रकाश शुक्ला, लाला किशोर महावर, रितेश सोनी,रूपेश जैन,मनोज पटेल,मनीष जैन, आनंद झा, बृजेश कपूर उपस्थित रहे।

श्रमिक सम्मान के साथ जागरुकता का संदेश

मजदूर दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम केवल सम्मान समारोह नहीं रहा,बल्कि श्रमिकों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण का संदेश भी बना। आयोजन के माध्यम से श्रमिकों को यह भरोसा दिलाया गया कि उनकी मेहनत और संघर्ष को समाज तथा शासन दोनों ही गंभीरता से स्वीकारते हैं। श्रमिक वर्ग के सम्मान को केंद्र में रखकर आयोजित इस पहल ने यह स्पष्ट किया कि विकास की हर इमारत की नींव में श्रमिकों का पसीना और समर्पण शामिल है।

बुद्ध पूर्णिमा पर वेलुवन बुद्धविहार में गूंजा धम्म का संदेश

- **ध्वजारोहण,पंचशील और बुद्ध वंदना के साथ हुआ शुभारंभ**
- **वक्ताओं ने बताया बुद्ध के उपदेश आज भी मानव कल्याण का मार्ग**

जगदलपुर (नवप्रदेश)। बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर वेलुवन बौद्ध समाज जगदलपुर द्वारा वेलुवन बुद्धविहार में विविध आध्यात्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। श्रद्धा, अनुशासन और धम्म चेतना से ओतप्रोत इस आयोजन की शुरुआत धम्म ध्वज के ध्वजारोहण से हुई। इसके बाद पंचशील ग्रहण, बुद्ध वंदना तथा सामूहिक प्रार्थना के माध्यम से तथागत गौतम बुद्ध को नमन किया गया।

कार्यक्रम में ज्ञान बोधि भंते द्वारा धम्म देशना दी गई, जिसमें उन्होंने पंचशील के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि धम्म का मार्ग व्यक्ति को शांति, संयम और करुणा की ओर ले जाता है। साथ ही उन्होंने गौतम बुद्ध के जीवन प्रसंगों के माध्यम से यह समझाया कि किस प्रकार सत्य और आत्मबोध से मानव जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है। समाज के अध्यक्ष पीडी मेश्राम ने त्रिशरण एवं पंचशील के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि इन्हें दैनिक जीवन में व्यवहारिक रूप से अपनाया जाए,तो व्यक्ति का जीवन संतुलित और सफल बन सकता है। पूर्व अध्यक्ष डीपी अहरवाल ने सिद्धार्थ गौतम के ज्ञान प्राप्ति के पश्चात मानव कल्याण हेतु किए गए कार्यों का उल्लेख किया। वहीं ओबीसी महासभा के संभागीय अध्यक्ष दिनेश यदु ने भगवान बुद्ध के उपदेशों की प्रासंगिकता पर विचार रखे। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष पीडी मेश्राम,पूर्व अध्यक्ष डीपी अहरवाल,ओबीसी महासभा के संभागीय अध्यक्ष दिनेश यदु, उपाध्यक्ष सुचित्रा रंगारे, सचिव कमलेश रामटेके,महासचिव विजय बोरकर,कोषाध्यक्ष मुकेश खोबरागडे, रामु गनवीर, बंसीलाल सहारे,लखपति बोरकर,अभय लोनहारे,सीएल रामटेके, राहुल गौरखेड़े, कन्हैया लाल गढ़पाले,जितेंद्र धमगाए, मोना सहारे,श्यामा,बिंदिया नाग,स्वाती वासनीकर, निर्मला बोरकर सहित समस्त उपासक-उपासिकाएं उपस्थित रहीं।

सामाजिक चेतना का उत्सव बुद्ध पूर्णिमा

वेलुवन बुद्धविहार में आयोजित कार्यक्रम केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह सामाजिक समरसता, नैतिक मूल्यों और आत्मिक जागरण का संदेश भी बनकर उभरा। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि बुद्ध के विचार आज के समय में भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने सदियों पहले थे। करुणा, अहिंसा और समता का यह संदेश समाज को एक नई दिशा देता है।

स्टेट बैंक चौक पर फूटा मुख्य पाइप, सड़क के बीचों-बीच उठा पानी का तेज फव्वारा

- **व्यस्ततम चौराहे पर अचानक जलधारा फूटने से मची अफरा-तफरी**

जगदलपुर(नवप्रदेश)। शहर के हृदय स्थल और अत्यधिक व्यस्त यातायात वाले स्टेटबैंक चौक में गुरुवार की देर शाम उस समय हड़कंप मच गया,जब अचानक सड़क के बीचों-बीच से तेज रफ्तार में पानी का फव्वारा निकलने लगा। कुछ ही क्षणों में यह जलधारा इतनी ऊंचाई तक पहुंच गई कि राहगीर,वाहन चालक और आसपास मौजूद लोग घबरा उठे। व्यस्त मार्ग पर इस अप्रत्याशित घटना ने कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल पैदा कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,पहले तो किसी को समझ नहीं आया कि आखिर सड़क के बीच से इतनी तेज जलधारा कैसे निकल रही है। देखते ही देखते वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। कई वाहन चालकों ने अपने वाहन रोक दिए,जबकि कुछ ने रास्ता बदलना ही उचित समझा। चौराहे की संवेदनशीलता और भारी ट्रैफिक को देखते हुए स्थिति चिंताजनक बनती जा रही थी। सूचना मिलते ही नगर निगम के जलप्रदाय विभाग की टीम मौके पर पहुंची। कर्मचारियों और इंजीनियरों ने पूरे घटनाक्रम का निरीक्षण किया,जिसके बाद स्पष्ट हुआ कि पॉवर हाउस से जल आपूर्ति करने वाली मुख्य पाइपलाइन अचानक फट गई थी। इसी कारण सड़क के बीच से फव्वारे जैसी तेज जलधारा निकलने लगी।

घटना से उठे बड़े सवाल

शहर के सबसे व्यस्त चौराहे पर मुख्य पाइपलाइन फटना केवल तकनीकी खराबी नहीं,बल्कि शहरी अधोसंरचना की चुनौतियों का संकेत भी है। यदि समय रहते विभागीय टीम मौके पर न पहुंचती, तो सड़क धंसने, यातायात बाधित होने या बड़े हादसे की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता था। यह घटना नगर निगम के लिए चेतावनी है कि पुरानी पाइपलाइनों की नियमित जांच और रखरखाव को प्राथमिकता दी जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

काकतीय महाविद्यालय में गूंजा न्याय का पाठ मूट कोर्ट से छात्रों ने सीखी अदालती कार्यवाही

- **विधि विद्यार्थियों ने निभाई न्यायाधीश, वकील और गवाह की भूमिकाएं**
- **व्यावहारिक प्रशिक्षण से सुदृढ़ हुई कानूनी समझ, आत्मविश्वास और प्रस्तुतीकरण क्षमता**

जगदलपुर(नवप्रदेश)। शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विधि विभाग में आयोजित मूट कोर्ट ने विद्यार्थियों को वास्तविक न्यायालयीन प्रक्रिया का जीवंत अनुभव प्रदान किया। अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए आयोजित इस विशेष शैक्षणिक अभ्यास का उद्देश्य उन्हें सैद्धांतिक अध्ययन से आगे बढ़ाकर व्यवहारिक विधिक ज्ञान से जोड़ना था। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. अनिल श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें छात्रों ने अदालती माहौल को प्रभावी ढंग से पुनर्सृजित किया।

मूट कोर्ट में विद्यार्थियों ने न्यायाधीश,वकील और गवाह की भूमिकाएं निभाते हुए एक काल्पनिक प्रकरण की सुनवाई प्रस्तुत की। इस वर्ष गाली-गलौज से जुड़े मामले को न्यायालय के समक्ष रखा गया,जिसमें अभियोजन और बचाव पक्ष के छात्रों ने अपने-अपने स्तर्क, साक्ष्य और घटनाक्रम को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। सुनवाई भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत की गई,जिससे विद्यार्थियों को विधिक प्रावधानों के व्यावहारिक उपयोग की समझ विकसित हुई।

कार्यक्रम के दौरान न्यायालयीन प्रक्रिया का सूक्ष्म अनुकरण किया गया। विद्यार्थियों ने केस प्रस्तुति, जिरह,साक्ष्य परीक्षण और अंतिम बहस जैसे सभी चरणों को गंभीरता से निभाया। न्यायाधीश की भूमिका निभाने वाले छात्रों ने दोनों पक्षों के तर्कों का विश्लेषण कर निर्णय सुनाया,जिससे संपूर्ण अभ्यास वास्तविक अदालत की कार्यशैली के निकट प्रतीत हुआ।

विधि संकाय के शिक्षकों ने इस अवसर पर न्यायालयीन प्रक्रिया, चार्ज निर्धारण, पेशेवर अनुशासन और वकालत के दायित्वों पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। साथ ही न्यायालय की अवमानना,साक्ष्य मूल्यांकन और न्यायिक निर्णय प्रक्रिया के कानूनी पक्षों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। शिक्षकों ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों के आत्मविश्वास,तार्किक क्षमता और प्रस्तुतीकरण कौशल को विकसित करने में अत्यंत सहायक होते हैं।

आयोजन में विधि विभागाध्यक्ष डॉ मोहन सोलंकी,सहायक प्राध्यापक नरेंद्र कुमार साहू,डॉ हीरा लाल गौतम,डॉ स्वीटी ठाकुर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

किताबों से अदालत तक: क्यों जरूरी है मूट कोर्ट?

मूट कोर्ट विधि शिक्षा का वह महत्वपूर्ण आयाम है, जहां छात्र केवल कानून पढ़ते नहीं,बल्कि उसे व्यवहार में लागू करना सीखते हैं। यह मंच उन्हें अदालत की वास्तविक प्रक्रिया, तर्क-वितर्क की शैली,साक्ष्य के महत्व और न्यायिक निर्णय के आधारों को समझने का अवसर देता है। ऐसे अभ्यास विद्यार्थियों के भीतर पेशेवर आत्मविश्वास विकसित करते हैं और उन्हें विधिक पेशे की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। काकतीय महाविद्यालय का यह आयोजन इसी दिशा में एक उल्लेखनीय पहल बनकर सामने आया।

सुशासन तिहार बना समस्याओं के समाधान का सशक्त माध्यमः धरमलाल कौशिक

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू हुए सुशासन तिहार का जिले में आज हरदीकला से शानदार आगाज हुआ। बिल्हा ब्लॉक में आयोजित पहले जिला स्तरीय शिविर ने सुशासन की अवधारणा को धरातल पर उतारते हुए जनभागीदारी और त्वरित समाधान का सशक्त संदेश दिया। यह अभियान 01 मई से 10 जून 2026 तक जिलेभर में आयोजित किया जाएगा।

शिविर में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, जिला पंचायत सदस्य अनिता राजेंद्र शुक्ला, जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ. रामकुमार कौशिक, उपाध्यक्ष विक्रम सिंह, सरपंच श्रीमती सरिता विष्णु साहू, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्री शिव कुमार बनर्जी, एसडीएम सुश्री आकांक्षा त्रिपाठी एवं जनपद सीईओ श्री कुमार लहरे सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। 19 गांवों से आए ग्रामीणों को शिविर का लाभ मिला। मुख्य अतिथि धरमलाल कौशिक ने अपने उद्बोधन में कहा कि सुशासन तिहार शासन और जनता के बीच संवाद एवं विश्वास को मजबूत करने का अभिनव प्रयास है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में शासन की प्राथमिकता है कि आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना न पड़े, बल्कि प्रशासन स्वयं उनके द्वार तक पहुंचे और मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में भी गांव-गांव पहुंचकर समस्याओं का समाधान करना सरकार की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर योजनाओं का लाभ उठाएं।

शिविर में इन हितग्राहियों को मिला लाभ

शिविर में हरदीकला के गुरूकृपा महिला स्व सहायता समूह की दीदियों को 1 नग मछली जाल प्रदान किया गया। परिवहन विभाग द्वारा संतोष कुमार बंजारे, ओमप्रकाश साहू, क्षत्रीलाल श्रीवास को लर्निंग लाइसेंस का वितरण किया गया। श्रम विभाग की योजना मिनीमाता माता योजना के तहत ग्राम तेलसरा की प्रीति बंजारे एवं रहंगी की ऋतु ध्रुव को 20-20 हजार रूपए की सहायता राशि का लाभ मिला। हरदीकला के कुंवरिया ध्रुव, आशीष पाण्डेय, छबी लाल श्रीवास, संतोष साहू, रामायण नेताम, लसराम यादव, हरीराम रजक एवं श्रवण कुमार ध्रुव, पंचराम ध्रुव को मनरेगा जॉब कार्ड का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास पूर्ण कर चुके हितग्राहियों गंगा बाई, रेखा गोड़, बच्चन बाई, कृष्णा बाई, गोदवरी वैष्णव, सुजीन साहू एवं मनोज साहू को आवास पूर्णता प्रमाण पत्र दिया गया। महिला बाल विकास विभाग द्वारा हरदीकला के यामिनी श्रीवास, अरमान बर्मन, फलक रजक, मोक्ष कौशिक, युवराज ध्रुव को विद्या आरम्भ प्रमाण पत्र दिये गये एवं सुकन्या समृद्धि योजना अंतर्गत हरदीकला की शिवन्या रजक, कोरमी की आव्या घृतलहरे और बसिया के दुर्गेश्वरी यादव को पासबुक वितरण किया गया। सेवा सहकारी समिति मर्यादित सरवानी के जगदीश वाजपेयी को 3 लाख रूपये एवं भरतलाल ध्रुव को 1 लाख रूपये का केसीसी ऋण वितरण चेक देकर लाभान्वित किया गया।

न्यूज गैलरी

सहकारी समिति की मतदाता सूची पर दावा आपत्ति 6 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। माँ शारदा खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सेवा सहकारी सोसायटी मर्यादित इन्दिरानगर, विकासखण्ड बिल्हा के मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। सूची के संबंध में दावा आपत्ति 6 मई तक सोसाइटी कार्यालय में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी खुशी अग्रवाल समक्ष लिखित में प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निराकरण सोसाइटी कार्यालय में 7 मई को सवेरे 10 बजे से किया जाएगा।

आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती, आवेदन 18 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। एकीकृत बाल विकास परियोजना मस्तुरी अंतर्गत मस्तुरी ब्लॉक के आंगनबाड़ी केंद्र ओखर 01, हरदी 01, मानिकचौरी 01 एवं कोकड़ी 01 में सहायिका के 1-1 रिक्त पदों पर 4 मई से 18 मई तक वेबसाईट https://aww.e-bharti.in/ में जाकर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के वेबसाईट का अवलोकन किया जा सकता है।

शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण, आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। जान पहचान बनाकर प्रेम जाल में फॅसाकर पीड़िता का दैहिक शोषण करने वाले आरोपी को बिल्हा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी शादी से इंकार कर पीड़िता धमकी दे रहा था। आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। पुलिस के अनुसार प्रार्थीया ने 30 अप्रैल को थाने में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज करायी कि आरोपी रोशन कुमार उर्फ नानू लहरे ने पीड़िता के साथ जान पहचान बनाकर शादी करने का झांसा देकर 18 अगस्त 2025 से लगातार शारीरिक संबंध बनाकर शादी करने से इंकार करने व जान से मारने की धमकी दिये जाने के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध्द कर थाना प्रभारी द्वारा तत्काल हालात से उमनि एवं व.पु.अ. रजनेश सिंह बिलासपुर को अवगत कराकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह एवं नगर पुलिस अधीक्षक चकरभाठा डी.आर. टण्डन से मार्गदर्शन पाकर टीम गठित कर त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी रोशन कुमार उर्फ नानू लहरे को पकड़कर थाना लाकर पर पूछताछ किया जो पीड़िता के साथ अपराध घटित करना स्वीकार किये जाने पर आरोपी को आज एक मई को गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना से परिजन को अवगत कराकर माननीय न्यायालय न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। प्रकरण की उक्त कार्यवाही में निरीक्षक तोपसिंह नवरंग, उनि जी.एल. चन्द्राकर, आरक्षक 1431 अर्जुन जांगडे व आर. 1390 संतोष मरकाम की अहम भूमिका रही।

एसईसीएल मुख्यालय में खनिक दिवस का आयोजन, एसईसीएल की हर उपलब्धि के पीछे किसी कामगार की मेहनत, किसी परिवार का त्याग और किसी टीम का अनुशासन है

धरती से ऊर्जा निकालकर देश को रौशन करने वाले हमारे श्रमिक हैं राष्ट्र के ऊर्जा प्रहरीः दुहन

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्य अतिथि अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने सभी उपस्थितों को खनिक दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हमारे श्रमिक हैं राष्ट्र के ऊर्जा प्रहरी। उन्होंने कहा आज का दिन केवल एक औपचारिक दिवस नहीं है वरन उस हाथ को प्रणाम करने का दिन है जो धरती के भीतर से ऊर्जा निकालकर देश को रौशन करता है।

एसईसीएल की असली पहचान मशीन, माइंस, उत्पादन या आंकड़े नहीं है, एसईसीएल की असली पहचान हमारा कामगार, हमारा माइनर, हमारा सुपरवाइजर, हमारा कांट्रेक्ट वर्कर, हमारी महिला शक्ति, और हर वह परिवार है जो इस कठिन सेवा के पीछे खडा है। उन्होंने कहा जब पूरा देश सो रहा होता है तब हमारे खदानों में शिफ्ट बदलती है, जब शहरों में रोशनी जलती है तब कहीं कोई कामगार पसीना बहा रहा होता है, हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि एसईसीएल की हर उपलब्धि के पीछे किसी कामगार की मेहनत, किसी परिवार का त्याग और किसी टीम का अनुशासन है। अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन के मुख्य आतिथ्य, निदेशक तकनीकी संचालनएन. फ्रेंकलिन जयकुमार, निदेशक (एचआर) बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, निदेशक (योजना-परियोजना) रमेश चन्द्र महापात्र, पूर्व निदेशक (एच आर) आर. एस. सिंह उपस्थित थे।

कर्मठ कर्मवीरों ने इतिहास दोहरायाः सिंह

पूर्व निदेशक (एचआर)आर. एस. सिंह ने अपने सम्बोधन में इस कार्यक्रम में आमंत्रित किए जाने पर घन्यवाद देते हुए कहा कि यहाँ के श्रेष्ठ नेतृत्व व कर्मठ कर्मवीरों के बलबूते निश्चय ही अपने गौरवशाली सफलता के इतिहास को दोहराएगा। उन्होंने एसईसीएल एवं इसमें कार्यरत कर्मियों को सपरिवार उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की। एसईसीएल संचालन समिति के एसईसीएल संचालन समिति के नाथूलाल पाण्डेय (एचएमएस), अजय विश्वकर्मा (एटक), गोपालनारायण सिंह (एसईकेएमसी), वी. एम. मनोहर (सीटू), एके खुल्लर (सीएमओएआई) ने अपने उद्बोधन में श्रमिक दिवस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कंपनी की प्रगति में यथोचित सहयोग का आश्वासन दिया।

श्रमवीर पुरस्कृत हुए

इस अवसर पर मुख्य अतिथि अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन, निदेशक तकनीकी संचालन सह योजना-परियोजना एन. फ्रेंकलिन जयकुमार, निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, निदेशक (योजना-परियोजना) रमेश चन्द्र महापात्र, पूर्व निदेशक (एच आर) आर. एस. सिंह, एसईसीएल संचालन समिति के श्री नाथूलाल पाण्डेय (एचएमएस), अजय विश्वकर्मा (एटक), गोपालनारायण सिंह (एसईकेएमसी), वी. एम. मनोहर (सीटू), एके खुल्लर (सीएमओएआई) के करकमलों से निम्न को पुरस्कृत किया गया। एरिया परफारमेन्स-ग्रुप-ए-प्रथम-दीपका एरिया, द्वितीय-रायगढ़ एरिया, तृतीय-कुसमुंडा एरिया रहा। ग्रुप-बी-प्रथम- जमुना कोतमा एरिया, द्वितीय- भटगांव एरिया, तृतीय- कोरबा एरिया रहा। ग्रुप-सी-प्रथम-हसदेव एरिया, द्वितीय-चिरमिरी एरिया, तृतीय-बैकुंठपुर एरिया रहा। ओपनकास्ट माइन्सवाइज परफार्मेन्स-ग्रुप-ए-प्रथम-जगन्नाथपुर एवम आमाडांड ओसी, द्वितीय-दीपका ओसी, तृतीय-छाल ओसी रहा। ग्रुप बी-प्रथम-जामपाली ओसी, द्वितीय-बिजारी ओसी, तृतीय-रामपुर बटुरा ओसी रहा। ग्रुप सी-प्रथम-राजनगर ओसी, द्वितीय-कंचन ओसी, तृतीय-आमगाव ओसी रहा। अंडरग्राउंड माइन्सवाइज परफार्मेन्स ग्रुप-ए-प्रथम-कुरजा यूजी, द्वितीय-बेहराबांध यूजी, तृतीय-बंगवार यूजी रहा। ग्रुप-बी-प्रथम-कटकोना 1/2 यूजी, द्वितीय-बगदेवा यूजी, तृतीय-राजेंद्रा यूजी रहा। ग्रुप-सी में प्रथम- जमुना 9/10 यूजी, द्वितीय- सिंघाली यूजी, तृतीय-भद्रा यूजी रहा। बेस्ट एसडीएल आपरेटर-प्रथम-चरन सिंह उमरिया यूजी जोहिला, द्वितीय-रामबहादुर राजनगर आरओ यूजी हसदेव, तृतीय-अशोक कुमार कटकोना 1/2 बैकुंठपुर रहे।

हिमांशु ने मुख्य सतर्कता अधिकारी एमसीएल का अतिरिक्त प्रभार संभाला

भारतीय रेलवे सेवा के वर्ष 2007 बैच के अधिकारी हिमांशु जैन ने महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड में मुख्य सतर्कता अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया है। वर्तमान में वे एसईसीएल में सीवीओ के रूप में कार्यरत हैं तथा इससे पूर्व उन्होंने नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के सीवीओ का भी अतिरिक्त पदभार सम्हाला है। श्री जैन ने एनआईटी रायपुर से इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार अभियांत्रिकी में स्वर्ण पदक के साथ स्नातक तथा आईआईटी बॉम्बे से एमटेक उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने वर्ष 2007 में संघ लोक सेवा आयोग की इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 9 प्राप्त कर भारतीय रेलवे सेवा में प्रवेश किया। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने रेलवे के महत्वपूर्ण अवसंरचना एवं सिग्नलिंग परियोजनाओं का सफल नेतृत्व किया है। इसके अतिरिक्त वे भारतीय रेल में उप-महाप्रबंधक, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी तथा महाप्रबंधक के सचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं।

एसईसीएल के 10 कर्मियों को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

कल 30 अप्रैल को एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से सेवानिवृत्त होने वाले 10 कर्मियों को मुख्यालय बिलासपुर स्थित सीएमडी कक्ष में उन्हें शाल, श्रीफल, पुष्पहार से सम्मानित कर समस्त भुगतान का चेक प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गयी। मुख्यालय प्रशासनिक भवन के कान्फ्रेन्स हाल में अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन के मुख्य आतिथ्य, निदेशक तकनीकी (संचालन) एन फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (एचआर) बिरंची दास, सीवीओ हिमांशु जैन एवं निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) रमेश चन्द्र महापात्र, विभीन्न विभागाध्यक्षों, श्रमसंघ प्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति में चन्द्रमोहन वर्मा महाप्रबंधक (सिविल) सीएसआर विभाग, एसके महापात्रा मुख्य प्रबंधक (खनन/मासंवि), संजय दास प्रबंधक (सर्वे) योजना परियोजना विभाग, श्याम बोरकर सहायक अभियंता नगर प्रशासन विभाग, पुरुषोत्तम लाल साहू असिस्टेंट सुपरवाईजर ई/टी विभाग, व्ही. नागेश फोरमेन इंचार्ज नगर प्रशासन विभाग, संतोष कुमार मेश्राम असिस्टेंट सुपरवाइजर नगर प्रशासन विभाग, दल बहादुर गुरुंग सिनीयर डुप्लीकेटिंग ऑपरेटर सीएमडी सचिवालय, बैकुंठ महानंदा सामान्य सहायक श्रेणी-4 वसंत विहार डिस्पेंसरी, भोला प्रसाद सुरक्षा प्रहरी को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गयी।

नहर किनारे बछड़े का सिर मिलने से सनसनी, ग्रामीणों में आक्रोश

सीपत/नवप्रदेश। सीपत क्षेत्र के ग्राम ठरकपुर में गुरुवार की रात उस समय सनसनी फैल गई, जब सोंठी कैमाडीह मोड़ नहर के पास एक बछड़े का केवल सिर (शरीर का ऊपरी हिस्सा) मिला। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में आक्रोश का माहौल बन गया और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। बताया जा रहा है कि ग्रामीणों ने नहर किनारे बछड़े का कटा हुआ सिर देखा, जिसके बाद तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राजेश मिश्रा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना की खबर मिलते ही विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए। कार्यकर्ताओं ने इस घटना पर कड़ा आक्रोश जताते हुए इसे गंभीर और संवेदनशील मामला बताया। उन्होंने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों और बजरंग दल के सदस्यों ने कहा कि यह केवल एक पशु के साथ क्रूरता नहीं, बल्कि धार्मिक भावनाओं को आहत करने का प्रयास भी हो सकता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि दोषियों की जल्द पहचान कर उन्हें कड़ी सजा दी जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। थाना प्रभारी राजेश मिश्रा ने कहा कि मामले को गंभीरता से लिया गया है। पंचनामा कार्रवाई के बाद मिले अवशेष को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ की जा रही है और जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। इस दौरान जिला सहमंत्री रिंकु शर्मा, प्रखंड संयोजक दीपक वैष्णव, सहसंयोजक अंशु सोनवानी, सहमंत्री लोकेश साहू, मिथलेश श्रीवास, राहुल साहू, ओंकार यादव, लक्ष्मण पटेल, चैनु पटेल, रामकुमार चंद्रकर, मोनु पटेल, प्रियांशु कश्यप, प्रीतम जाट, शिवराम पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम से ही महिलाओं के समान भागीदारी की नींव होगी पूरीः कौशिक

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने विधानसभा के विशेष सत्र में लोक सभा में प्रस्तुत नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधन विधेयक 2026 को लेकर विधानसभा में शासकीय संकल्प प्रस्तुत किया है उसके लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा की नारी के उत्थान और उनके सशक्तीकरण के लिए भारतीय जनता पार्टी की प्रतिबद्धता थी, है और हमेशा रहेगी अंतिम क्षण तक ये कोशिश रहेगी की महिलाओं को 33 % आरक्षण देश और प्रदेश की महिलाओं को दिलाएंगे।

उन्होंने कहा कि यदि पूरे वैश्विक स्तर पर आंकलन करे तो नारी शक्ति का सशक्तिकरण कि दिशा में जो उनका योगदान है निश्चित रूप से पुरषों कि तुलना में महिलाओं कि संख्या में नगण्य महसूस हो रहा है। विश्वभर में 25 देशों में जहाँ 28 महिलाएं राज्य प्रमुख या सरकार के प्रमुख के रूप में कार्यरत है, विश्व में निर्णय निर्माण में 22.9% है । भारत में आजादी के बाद में दशकों तक विभिन्न संवैधानिक प्रावधानों के बावजूद महिलाओं का स्थान सीमित रहा है और किन्तु भारीतय जनता पार्टी ने हमेशा से इसमे वृद्धि करने का कार्य किया है। 1952 में महिलाओं के निर्वाचन में भागीदारी केवल 5% रही थी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आने के बाद इसमे वृद्धि हुई है जो बढ़कर 13% हुई, 18 वीं लोकसभा में 15 प्रतिशत रही है। लेकिन कांग्रेस ने हमेशा से महिला विरोधी का कार्य किया। कांग्रेस हमेशा से ही महिलाओं को आरक्षण देने का बात करते आयी है लेकिन जब संसद में 33% आरक्षण में आयी तो कांग्रेस ने उस बिल को गिराने का काम किया है। कांग्रेस की नियत कभी भी महिलाओं को आरक्षण देने का नही रहा है जो इस बात का स्पष्टिकरण करता है कि कांग्रेस महिलाओं की विरोधी पार्टी है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी द्वारा 1998 से हमेशा से ही महिला सशक्तिकरण का बिल सदन में रखा किन्तु कांग्रेस ने हमेशा से किसी- किसी कारण बता कर इस बिल को पारित नही होने दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जब प्रधानमंत्री बनके आये तब उन्होंने महिलाओं को सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से सभी क्षेत्र में महिलाओं का विकास होना चाहिए, नीति निर्धारण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना, जिससे महिलाएं समाज में एक समान भागीदारी निभा सके। इस उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा हमेशा से ही महिलाओं के हित में कार्य किया। महिलाओं को आर्थिक, समावेशी विकास और बैंक जोड़ने और खाता खुलाने का काम प्रधानामंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा किया गया है, आज प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा महतारी वंदन योजना के माध्यम से परिवार के एक महिला को 5 साल में 60 हजार देने का काम किया जा रहा है। यह नारी शक्ति वंदन अधिनियम आने वाले भारत की तस्वीर बदलने वाला है। बात सिर्फ एक कानून की नहीं है, बात उस दिशा की है जिसमें देश आगे बढ़ रहा है और मैं साफ शब्दों में कहना चाहता हूँ कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब नारी शक्ति पूर्ण रूप से सशक्त होगी।

अभियानः 15 दिनों में 27 शिक्षण संस्थानों व 11 गांवों तक पहुंची टीम

रेलगाड़ियों में पत्थरबाजी व ट्रैक पर अवरोध रोकने रेलवे सुरक्षा बल का जागरूकता मुहिम

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल द्वारा रेलगाड़ियों में पत्थरबाजी, रेलवे ट्रैक पर लोहा, लकड़ी, पत्थर आदि रखकर रेल परिचालन बाधित करने जैसी घटनाओं की रोकथाम हेतु व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यह विशेष अभियान सामुदायिक पुलिस व्यवस्था के तहत संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बच्चों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं आम नागरिकों को इन घटनाओं के दुष्परिणामों तथा कानूनी प्रावधानों से अवगत कराना है।

रेलवे द्वारा प्राप्त जांच रिपोर्टों एवं विभिन्न घटनाओं के विश्लेषण में पाया गया है कि कई मामलों में रेल लाइन के समीप रहने वाले बच्चे खेल-खेल में अथवा उत्सुकतावश चलती ट्रेनों पर पत्थर फेंक देते हैं या ट्रैक पर लकड़ी, पत्थर, लोहे के टुकड़े रख देते हैं। ऐसी घटनाएं न केवल गंभीर अपराध हैं, बल्कि इससे बड़ी रेल दुर्घटना होने की संभावना रहती है, यात्रियों की जान को खतरा हो सकता है तथा रेलवे संपत्ति को भारी नुकसान पहुंच सकता है। मंडल सुरक्षा आयुक्त दीप चंद्र आर्य के मार्गदर्शन में नागपुर मंडल के सभी निरीक्षक प्रभारियों के नेतृत्व में यह अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण, स्थानीय नागरिकों से संपर्क, ग्राम प्रमुखों से संवाद, बच्चों एवं अभिभावकों की काउंसलिंग तथा शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बच्चों को समझाने हेतु विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं जैसे क्रिकेट, शतरंज, दौड़, चम्मच दौड़, ट्रे-पासिंग आदि का आयोजन भी किया गया, जिसमें विजेताओं को पुरस्कार तथा अन्य बच्चों को सांत्वना पुरस्कार एवं खाद्य सामग्री वितरित कर प्रेरित किया गया। इसके माध्यम से बच्चों को यह समझाया गया कि रेलगाड़ियों पर पत्थर मारना या ट्रैक पर कोई वस्तु रखना मजाक नहीं, बल्कि गंभीर अपराध है। माह अप्रैल में 16.04.2026 से प्रारंभ इस विशेष मुहिम के तहत मात्र 15 दिनों में नागपुर मंडल क्षेत्राधिकार में रेलवे लाइन के समीप स्थित लगभग 27 शिक्षण संस्थानों, 11 गांवों/बस्तियों एवं 03 खेल मैदानों तक पहुंचकर कुल 408 जागरूकता अभियान चलाए गए। यह अभियान महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्यों के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों, गांवों एवं सार्वजनिक स्थलों पर चलाया गया, जिनमें नागपुर, गोंदिया, भंडारा, गढ़चिरौली, बालाघाट, छिंदवाड़ा, मंडला, सिवनी, राजनांदगांव आदि क्षेत्र शामिल हैं। रेलवे सुरक्षा बल नागपुर मंडल सभी अभिभावकों, शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों, नागरिकों एवं रेल यात्रियों से अपील करता है कि यदि कहीं भी रेलगाड़ियों पर पत्थरबाजी, रेलवे ट्रैक पर अवरोधक सामग्री रखना या रेल दुर्घटना की आशंका उत्पन्न करने वाली कोई गतिविधि दिखाई दे तो इसकी सूचना तत्काल निकटतम पोस्ट अथवा रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 पर दें। रेलवे सुरक्षा बल यह विश्वास दिलाता है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

सुविचार

दुनिया की सबसे अच्छी किताब हम खुद हैं। अपने आप को समझ लीजिये आपकी हर समस्या का समाधान हो जाएगा।

बंगाल के नतीजों पर सबकी नजर

4 मई को बंगाल सहित पांच राज्यों की विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने जा रहे हैं। वैसे तो ये सभी राज्य महत्वपूर्ण हैं लेकिन पूरे देश की नजर बंगाल की चुनाव परिणाम पर टिकी हुई है। इसकी एक वजह तो यह है कि बंगाल में आजादी के बाद से पहली बार रिकॉर्ड तोड़ मतदान हुआ। दोनों चरणों को मिलाकर पहली बार सर्वाधिक 92.47 प्रतिशत मतदान हुआ है। इसमें भी पुरूषों के मुकाबले महिलाओं ने डेढ़ प्रतिशत ज्यादा मतदान किया है। महिलाओं का यह डेढ़ प्रतिशत ज्यादा मतदान भी चुनावी नतीजों में बड़ा अंतर डालेगा। इसमें कोई दो मत नहीं कि बंगाल की महिलाओं की पहली पसंद ममता बनर्जी ही रही हैं किन्तु केन्द्र की एनडीए सरकार ने महिला आरक्षण विधेयक से लेकर महिलाओं के उत्थान की दिशा में जो कारगर कदम उठाये हैं उससे बंगाल की महिला शक्ति भी निश्चत रूप से प्रभावित हुई होगी। बंगाल में भाजपा और टीएमसी के बीच कितना नजदीकी संघर्ष रहा है इसका अनुमान एग्जिट पोल से भी लगाया जा सकता है। एग्जिट पोल ने पांचो राज्यों के पूर्वानुमान दिखाएं हैं जिनमें से असम, केरल, तमिलनाडु, पुंडीचेरी के एग्जिट पोल पर लगभग सभी सहमत हैं किन्तु बंगाल के एग्जिट पोल को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है यह बात अलग है कि अधिकांश एग्जिट पोल बंगाल में पहली बार भाजपा की सरकार बनने का पूर्वानुमान लगा रहे हैं वहीं एक दो एग्जिट पोल बंगाल में फिर से ममता बनर्जी की ही सरकार बनने की भविष्यवाणी कर रहे हैं। एक प्रमुख सर्वे ऐजेंसी ने तो एग्जिट पोल करा लिया लेकिन उसका परिणाम सर्वाजनिक ही नहीं किया। इसी से इस बात का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि बंगाल विधानसभा चुनाव का परिणाम किसी के भी पक्ष में जा सकता है और चुनावी ऊंट किसी भी करवट बैठ सकता है। वैसे भी एग्जिट पोल के अनुमान पहले भी कई बार गलत साबित हो चुके हैं कभी ये सत्यता के निकट होते हैं तो कभी ये एकदम उलट हो जाते हैं इसलिए बंगाल चुनाव पर सब की नजर वहीं लगी हुई है वैसे यह एक बड़ी उपलब्धि मानी चाहिए कि बंगाल में मतदान का नया कीर्तिमान बना और इसी के साथ यह भी पहली बार हुआ कि चुनाव के दौरान वहां हिंसा का घटनाएं छिटपुट ही हुई। इसके पूर्व बंगाल में चाहे कोई भी चुनाव हो हिंसा का तांडव होता रहा है किन्तु इस बार चुनाव आयोग ने शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए वहां सुरक्षा के चाकचौबंध इंतेजाम किये थे यही वजह है कि चुनाव के दौरान वहां हिंसा की कोई बड़ी घटना नहीं हुई। हालांकि दूसरे चरण के मतदान के दौरान कई जगह टीएमसी और भाजपा समर्थकों के बीच टकराव की स्थिति बनी और डॉयमंड हारबर के फलता बूथ पर ईवीएम में भाजपा प्रत्याशी के नाम और चुनाव चिंह पर टेप चिपकाए जाने की घटना भी सामने आई जिसकी चुनाव आयोग से शिकायत की गई है। ऐसे कुछ मतदान के केन्द्रों में जहां टीएमसी समर्थकों ने गड़बड़ी की कोशिश की वहां दुबारा मतदान कराया जा सकता है। इन घटनाओं को छोड़ दें तो बंगाल का चुनाव पहली बार शांतिपूर्ण रहा कड़ी सुरक्षा के कारण ही लोग निर्भिक होकर लोग मतदान के लिए घरों से निकले इसके लिए चुनाव आयोग तथा केन्द्रीय सुरक्षाबल के जवान साधुवाद के पात्र हैं। अब देखना यह होगा कि चार मई को बंगाल में ईवीएम किसके पक्ष में नतीजे देती है। भाजपा और टीएमसी दोनों ही अपनी सरकार बनने का दावा कर रहे हैं। वहीं ममता बनर्जी अभी से चुनाव परिणाम को लेकर ईवीएम पर निशाना साध रहीं हैं। कोलकाता में एक मतदान केन्द्र के पास टीएमसी समर्थकों ने जमकर हंगामा किया और यह आरोप लगाया कि वहां ईवीएम के साथ छेड़छाड़ की जा रही है। इसकी सुचना मिलने पर खुद ममता बनर्जी ही रात में वहां पहुंच गई और उन्होंने भी ईवीएम के साथ छेड़छाडखानी के आरोप लगाए। हालांकि चुनाव आयोग ने इन आरोपों का खंडन किया है और कहा है कि स्ट्रांग रूम में ईवीएम की कड़ी सुरक्षा की जा रही है वहां किसी भी तरह की गड़बड़ी किये जाने की कतई कोई संभावना नहीं है। बहरहाल चुनाव परिणाम घोषित होने तक इस तरह के आरोप प्रत्यारोप तो लगते रहेंगे लेकिन चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद बंगाल में और ज्यादा शर्तकता बरतने की आवश्यकता पड़ेगी। यदि चुनाव परिणाम भाजपा के पक्ष में गये तो टीएमसी समर्थक बवाल काट सकते हैं। ऐसे में वहां और कुछ दिनों तक सुरक्षा के कड़े इंतेजाम रखना निहायत जरूरी है।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू ऋतेश्वर

- गुरु द्वार में जाओ और यदि एक करोड़ की लॉटरी का आशीर्वाद दे दिया तो सोचना- हे भगवान ! क्या मैं इतना पतित हूँ, रोओ !! क्योंकि जब तक यह सब चीजें व्यर्थ नहीं लगती तब तक श्री कृष्ण नहीं मिलेंगे।
- जिनके पास कृष्ण प्रेम धन हो और गुरु प्रेम धन है वास्तव में वही धनी है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1519 महान चित्रकार लिओनार्दो दा विंची का निधन। 1921 पद्म भूषण, पद्म विभूषण, भारत रत्न, और ऑस्कर अवॉर्ड से अलंकृत फ़िल्म निर्माता, निर्देशक और लेखक सत्यजित रे का जन्म। 1924 नीदरलैंड ने सोवियत संघ को मान्यता देने से इनकार कर दिया। 1933 जर्मनी में हिटलर ने मजदूर संघों पर प्रतिबंध लगा दिया। 1945 इटली में मौजूद जर्मन सैनिकों ने आत्मसमर्पण कर दिया। 1949 महात्मा गांधी की हत्या के मामले की सुनवाई शुरू। 1950 फ्रांस ने कोलकाता के पास स्थित अपने उपनिवेश चंद्रनगर को भारत सरकार को सौंपा। 1952 दुनिया के पहले जेट विमान डी हैविलैंड ने लंदन से जोहानिसबर्ग के बीच पहली उड़ान भरी। 1986 सं.रा. अमेरिका की 30 वर्षीया एन. बैन्क्राफ़ उत्तरी ध्रुव पर पहुँचने वाली प्रथम महिला बनीं। 1997 ब्रिटेन में 18 वर्षों बाद लेबर पार्टी सत्ता में, उसके नेता टोनी ब्लेयर ब्रिटेन के संसदीय इतिहास में सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री बने। 1999 मिरया मोस्कोसो पनामा की प्रथम महिला राष्ट्रपति नियुक्त। 2002 पाकिस्तान के इंजामामुल हक ने न्यूजीलैंड के ख़िलाफ़ 329 रन बनाये।

समाजोन्मुखी पत्रकारिता के पितामह हैं देवर्षि नारद

नारद मुनि की छवि को एक चुगलखोर अर्थात् इधर की उधर करने वाले और आपस में भिड़ाकर क्लेश कराने वाले पौराणिक चरित्र के रूप में गढ़ दिया गया है लेकिन वास्तव में उनका प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक भक्त की पुकार भगवान तक पहुंचाना ही परिलक्षित होता रहा है। वे एक लोक से दूसरे लोक में भ्रमण करते हुए संवाद-संकलन का कार्य कर एक सक्रिय एवं सार्थक संवाददाता की भूमिका निभाते रहे हैं। संवाद के माध्यम से वे तोड़ने का नहीं बल्कि जोड़ने का कार्य करते हैं और पत्रकारिता के प्रथम पितृ पुरूष हैं। देवताओं के ऋषि होने के साथ-साथ वे ब्रह्माण्ड के प्रथम दिव्य पत्रकार के रूप में लोकमंडल के संवाददाता हैं।

योगेश कुमार गोयल

उन्हें देवताओं का दिव्य दूत और संचार का अग्रणी साधक माना गया है। उन्हें ब्रह्माण्ड का पहला ऐसा संदेशवाहक अर्थात् पत्रकार माना जाता है, जो एक लोक से दूसरे लोक की परिक्रमा करते हुए सूचनाओं का आदान-प्रदान किया करते थे। मान्यता है कि देवर्षि नारद का जन्म ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा के दिन हुआ था। इसीलिए प्रतिवर्ष इसी दिन नारद जयंती मनाई जाती है, जो इस वर्ष 2 मई को मनाई जा रही है। इस दिन भगवान विष्णु तथा माता लक्ष्मी का पूजन करने के पश्चात् देवर्षि नारद की पूजा की जाती है। अपनी वीणा की मधुर तान से भगवान विष्णु का गुणगान करने और अपने श्रीमुख से सदैव नारायण-नारायण का जप करते हुए विचरण करने वाले नारद को महर्षि व्यास, महर्षि वाल्मीकि तथा महाज्ञानी शुकदेव का गुरू माना जाता है। कुछ शास्त्रों में नारद मुनि को त्रिकालदर्शी और विष्णु का अवतार भी माना गया है। श्रीमद्भागवद्पुराण के अनुसार सृष्टि में भगवान विष्णु ने देवर्षि नारद के रूप में तीसरा अवतार ग्रहण किया है। कुछ स्थानों पर उनका वर्णन बृहस्पति के शिष्य के रूप में भी मिलता है। धार्मिक पुराणों के अनुसार अनेक कलाओं तथा विद्याओं में निपुण देवर्षि नारद को संगीत की शिक्षा ब्रह्माजी ने स्वयं दी थी और भगवान विष्णु ने उन्हें माया के विविध रूप समझाए थे। मान्यता है कि देवर्षि नारद ने ही भक्त प्रह्लाद, भक्त अम्बरीष, भक्त ध्रुव इत्यादि भगवान विष्णु के कई परम भक्तों को उपदेश देकर उन्हें भक्ति मार्ग में प्रवृत्त किया था। उन्होंने ही भृगु कन्या लक्ष्मी का विवाह भगवान विष्णु के साथ कराया। देवराज इन्द्र को समझा-बुझाकर देव नर्तकी उर्वशी का पुरुरवा के साथ परिणय सूत्र कराया। इसके अलावा वे कई अत्याचारी महाराक्षसों द्वारा जनता के उत्पीड़न का वृत्तांत भगवान तक पहुंचाकर उनके विनाश का माध्यम भी बने। महर्षि वाल्मीकि को रामायण की रचना करने के लिए प्रेरित किया। यही कारण है कि समस्त युगों, कालों, विधाओं और वर्गों में सम्मान के पात्र रहे नारद जी को सभी लोकों के समाचारों की जानकारी रखने वाले कवि, मेधावी नीतिज्ञ तथा एक प्रभावशाली वक्ता के रूप में स्मरण किया जाता है। जन-जन के हितकारी देवर्षि नारद किस प्रकार धरती पर विभिन्न प्राणियों को दुखी देखकर स्वयं भी दुखी हो जाया करते थे, इसका



उल्लेख भी एक पौराणिक कथा में मिलता है। कथानुसार, एक बार देवर्षि नारद ने बैकुंठधाम जाकर भगवान विष्णु से निवेदन किया कि वे पृथ्वी पर लोगों को दुखी देखकर खुद बहुत दुखी हैं क्योंकि वहां धर्म के रास्ते पर चलने वाले लोगों का नहीं बल्कि गलत कार्य करने वालों का ही भला होता है। भगवान विष्णु ने कहा कि हे नारद! ऐसा नहीं है और जो कुछ भी हो रहा है, सब नियति के जरिये ही हो रहा है। उन्होंने पूछा कि आखिर ऐसा आपने क्या देख लिया, जिसके आधार पर आप यह कह रहे हैं? तब देवर्षि ने कहा कि उन्होंने जंगल में दलदली जमीन में फंसी एक गाय देखी। एक चोर वहां आया और गाय को दलदल में फंसी देखकर भी उसकी कोई मदद करने के बजाय वह उसी पर चढ़कर दलदल लांघकर निकल गया, जिसे आगे जाकर सोने की मोहरों से भरी एक थैली मिली। कुछ पलों बाद वहां एक वृद्ध साधु आए, जिन्होंने काफी प्रयासों के बाद गाय को दलदल से बाहर निकाल दिया लेकिन थोड़ा आगे जाने पर वही साधु एक गहरे गड्ढे में गिरकर घायल हो गए। आखिर यह कौनसा न्याय है? देवर्षि की बातें सुनने के पश्चात् भगवान विष्णु ने कहा कि जो चोर गाय पर चढ़कर भाग गया था, उसकी किस्मत में तो एक बड़ा खजाना था लेकिन उसके इस पाप के कारण उसे केवल कुछ ही मोहरें मिली जबकि साधु को गड्ढे में इसलिए गिरना पड़ा क्योंकि उनके भाग्य में मृत्यु लिखी थी लेकिन गाय को बचाने के कारण उनके पुण्य बढ़ गए और उनकी मृत्यु एक छोटी सी चोट में बदल गई। भगवान विष्णु ने उन्हें समझाते हुए कहा कि किसी भी इंसान के कर्म से ही उसका भाग्य तय होता है। सद्गुणों के अथाह भंडार और समस्त शास्त्रों में प्रवीण देवर्षि नारद को शास्त्रों में मन का ऐसा भगवान कहा गया है, जो किसी भी होनी-अनहोनी को समय रहते पहचान लेते हैं। उन्हें वेदों और उपनिषदों का मर्मज्ञ, न्याय तथा धर्म का तत्वज्ञ, शास्त्रों का प्रकांड विद्वान, इतिहास व पुराण विशेषज्ञ, औषधि ज्ञाता, योगनिष्ठ, ज्योतिष एवं संगीत विशारद, भक्ति रस का प्रमुख तथा अतीत की बातों को जानने वाला माना गया है। वे एक ऐसे पौराणिक चरित्र हैं, जो तत्वज्ञान में परिपूर्ण हैं। पच्चीस हजार श्लोकों वाला प्रसिद्ध 'नारद पुराण' देवर्षि द्वारा ही रचा गया है, जिसमें उन्होंने भगवान विष्णु की भक्ति महिमा के साथ-साथ मोक्ष, धर्म, संगीत, ब्रह्मज्ञान, प्रायश्चित इत्यादि कई विषयों की मीमांसा प्रस्तुत की है। इसके अलावा संगीत का एक उत्कृष्ट ग्रंथ 'नारद संहिता' भी है।

जहाँ बुद्ध घर लौटते हैं

गजेन्द्र सिंह शेखावत

भारत के इतिहास में पहली बार, तथागत बुद्ध के पवित्र अवशेष अपने स्थायी संरक्षण-स्थल से उस भूमि को आशीर्वाद देने निकले हैं, जिसने सदियों की कठिनाइयों, ऊँचाइयों और आस्था के बीच धर्म को जीवित रखा। यह एक सभ्यता का अपने आप को नमन है। श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा किसी राष्ट्र के जीवन में कुछ ऐसे क्षण आते हैं जब इतिहास केवल खुद को दोहराता नहीं - बल्कि और गहरा हो जाता है। इस बुधवार, जब तथागत बुद्ध के पवित्र अवशेष इस पैमाने पर सार्वजनिक श्रद्धा के साथ पहली बार भारत में लद्दाख की धरती पर उतरेंगे, तो मैं खुद को सरकारी भाषा की ओर नहीं, बल्कि किसी बहुत पुरानी चीज़ की ओर – श्रद्धा की ओर – मुड़ते हुए पाता हूँ। सदियों से लद्दाख ने यह ज्योति संजोए रखी है। उन क्रूर सर्दियों में जो नदियों को जमा देती हैं, उन भू-राजनीतिक दबावों में जो मज़बूत से मज़बूत आत्माओं को भी आज़माते हैं, ऊँचाई की एकाकी दुनिया में और दूर-दराज़ के दर्रों की कठिनाइयों के बीच – लद्दाख के लोगों ने धर्म को ऐसी निष्ठा से जीवित रखा है जो हर संस्था और हर सरकार को नत-मस्तक कर दे। तो यह बिल्कुल उचित है कि भारत का पहला ऐतिहासिक सार्वजनिक प्रदर्शनी किसी महानगर के वातानुकूलित संग्रहालय में नहीं, बल्कि यहाँ – दुनिया की छत पर – हो रहा है, जहाँ आस्था ही जीवन की बुनावट है। और सोचिए – ये अवशेष कहाँ से आ रहे हैं? वे पिपरहवा, उत्तर प्रदेश से आते हैं – वह स्थान जिसे ऐतिहासिक रूप से प्राचीन कपिलवस्तु से जोड़ा जाता है, सिद्धार्थ गौतम की जन्मभूमि। उन्हें लद्दाख लाना, शाब्दिक अर्थों में, एक घर-वापसी है। एक ऐसा &#x~;पहली बार×स39; जो युगों का बोझ उठाए है। तथागत के पवित्र अवशेषों की इस पावन प्रदर्शनी का आधिकारिक नाम भी एक घोषणा है: ×ह्ल्ख्शह्ल;संघर्ष के समय में शांति।" एक ऐसी दुनिया में जो युद्ध, विखंडन और बढ़ती दुश्मनी से जूझ रही है, ये शब्द उस सोच को चुनौती देते हैं जो संघर्ष को अनिवार्य मानती है, शक्ति को आक्रामकता से जोड़ती है, और अनिश्चितता का एकमात्र उत्तर बल में देखती है। बुद्ध ने ढाई हज़ार साल पहले इस चुनौती का जवाब दिया था। हम उनकी भौतिक उपस्थिति को वापस ला रहे हैं ताकि दुनिया को याद दिला सकें – वह उत्तर आज भी उतना ही प्रासंगिक है। गौतम बुद्ध के पवित्र अवशेष – जिन्हें अत्यंत पवित्रता के साथ संरक्षित किया गया है – पहली बार अपने स्थायी संरक्षण-स्थल से बाहर निकलकर इस पैमाने पर भारतीय भूमि पर दर्शन के लिए आ रहे हैं।' श्रेणी की सुरक्षा के साथ, एक विशेष विमान में, वे 29 अप्रैल को लेह पहुँचेंगे – और पंद्रह दिनों तक, 1 से 15 मई तक, शुभ 2569वीं वेसाक बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर से आरंभ होकर, दुनियाभर के श्रद्धालुओं, भिक्षुओं, विद्वानों और तीर्थयात्रियों के लिए यह प्रदर्शनी सुलभ रहेगी। स्थान भी अपने आप में बहुत कुछ कहते हैं। महाबोधि अंतर्राष्ट्रीय ध्यान केंद्र, ऐतिहासिक लेह पैलेस का धर्म केंद्र, और जीवे-त्सल का शिक्षण स्थल – वही पवित्र भूमि जहाँ परमपावन दलाई लामा ने अपनी शिक्षाएं दी हैं – इस प्रदर्शनी के आयोजन-स्थल होंगे। और अवशेष केवल लेह तक सीमित नहीं रहेंगे। 11 और 12 मई के बीच वे सुदूर ज़ांस्कर घाटी की यात्रा करेंगे – उस समुदाय तक बुद्ध की कृपा पहुँचाने के लिए, जिनकी बौद्ध परंपराएं उनके परिदृश्य की खाइयों जितनी गहरी हैं। ×ह्ल्ख्शह्ल;यह भारत की आत्मा, उसकी सभ्यता और उस शाश्वत संदेश का उत्सव है जो वह एक टूटती हुई दुनिया को देती है।×ह्ल्ख्शह्ल; वह भूमि जिसने ज्योति को कभी बुझने नहीं दिया यह समझने के लिए कि लद्दाख इस अवसर के लिए सही घर क्यों है, पहले लद्दाख को समझना होगा। यह केवल मठों और पहाड़ों का एक नाटकीय परिदृश्य नहीं है – चाहे वह परिदृश्य कितना भी मनोरम हो। यह धर्म का एक जीवित विश्वविद्यालय है। हेमिस मठ की शांत ऊँचाइयों से – जिसका वार्षिक उत्सव समूचे हिमालयी संसार से तीर्थयात्रियों को खींचता है – अलची के प्राचीन भित्तिचित्रों तक, जो 10वीं सदी में बने और आज भी भक्ति की प्रतिभा से जीवंत हैं; दिस्कित की विशाल मैत्रेय बुद्ध प्रतिमा से – जो श्योक नदी की ओर अनंत करुणा की दृष्टि से देखती है – थिकसे के बहुस्तरीय ज्ञान तक, जिसकी तुलना अक्सर तिब्बत के महान मठों से की जाती है – लद्दाख हज़ार वर्षों से अधिक समय से बौद्ध दर्शन, कला, पांडुलिपि परंपरा और जीवंत साधना के सबसे असाधारण भंडारों में से एक रहा है। ये मठ, इनमें रहने वाले भिक्षु – ये उस परंपरा के सक्रिय वाहक हैं जो हिमालयी क्षेत्र के हर भू-राजनीतिक तूफ़ान में टिकी रही। और यह संरक्षण का कार्य उन्होंने उन परिस्थितियों में किया है जो अधिकांश प्रशासकों की कल्पना को भी थका दे: कड़ाके की ठंड, सीमित संसाधन, बुनियादी सुविधाओं का अभाव, और एक ऐसा भूगोल जिसे बसाने के लिए भी साहस चाहिए। यह भारत की आधिकारिक स्वीकृति है कि लद्दाख हमेशा से क्या रहा है – नक्शे के किनारे पर एक सीमांत क्षेत्र नहीं, बल्कि राष्ट्र की पहचान के केंद्र में धड़कता हुआ एक आध्यात्मिक हृदय। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने लद्दाख को बौद्ध संस्कृति और आध्यात्मिकता के एक जीवंत केंद्र के रूप में निरंतर वर्णित किया है। उन्होंने लद्दाख के लोगों की लचीलेपन और देशभक्ति की – विशेषकर कठिन सीमा परिस्थितियों में – अक्सर बात की है, उनकी आध्यात्मिक शक्ति को राष्ट्रीय संकल्प और एकता से जोड़ते हुए। उन्होंने स्पष्ट किया है कि लद्दाख में विकास उसकी अनूठी संस्कृति और पर्यावरण के संरक्षण के साथ-साथ चलेगा। जैसा कि प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया है: लद्दाख न केवल अत्यंत रणनीतिक महत्त्व की भूमि है, बल्कि बुद्ध की शिक्षाओं का एक जीवंत केंद्र भी है। पवित्र अवशेषों की यह यात्रा एक आध्यात्मिक आशीर्वाद भी है और बौद्ध विरासत को संजोने में लद्दाख की सदियों पुरानी भूमिका, तथा राष्ट्र की सेवा में यहाँ के लोगों के साहस और समर्पण की पहचान भी। यह दृष्टि – कि लद्दाख एक साथ राष्ट्रीय सुरक्षा का सीमांत और सभ्यतागत ज्ञान का गढ़ है एक टूटती दुनिया को लद्दाख क्या सिखाता है यह प्रदर्शनी भारत में अब तक की बौद्ध समुदायों की सबसे बड़ी सभाओं में से एक बनने की संभावना रखती है। और ऐसी दुनिया में जो संघर्ष, ध्रुवीकरण और संदेह की राजनीति से परिभाषित होती जा रही है, यह सभा एक ऐसा संदेश देती है जो किसी एक आस्था की सीमाओं से परे जाता है। अहिंसा, करुणा और आंतरिक जागृति पर बुद्ध की शिक्षाएं किसी एक समुदाय, संप्रदाय या परंपरा की संपत्ति नहीं हैं। चाहे वह गेलुग हो, द्रुकपा, काग्यू, या लद्दाख में फलती-फूलती कोई भी अन्य महान परंपरा – धर्म का सार एक ही रहता है: करुणा का, प्रज्ञा का, सद्भाव का मार्ग।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

रहने दो ये अँधेरे की अब ये नही डसता है , रौशनी का अब एक-एक कतरा भी चुभता है , जब पहले रौशनाई में चलता था , हर एक हाँथ सलामी में उठता था , सहर क्या गया ,एक हवा क्या चली जो जलया था दिया वो क्या बुझा , की सब बदल गया ,की सब ढल गया , एक रात स्याह सी उम्र भर को छा गई , कोई हाँथ न उठा ,कोई पुकार न गूंजी , कोई राह न सूझी ,कोई रोशनी न फूटी , सा खो गया जैसे सारा जहाँ सो गया , लड़खड़ाते रहे छटपटाते रहे।। – **नमन कुमार मिश्रा**

एक दिन मर जाएंगे और फिर यही धरी रह जाएंगी। सारी शिकायतें नफरतें और परेशानियां। सो जाना है फिर सुकून की नींद मिट्टी में मिलकर। सारा गुमान और सारी अकड़ यही रह जायेगी। फिर याद करेगी तुमको दुनिया तुम्हारे किये गए कर्मों के अनुसार।। – **कमलकांत डोंगरे**

वापसी, विश्व श्रमिक दिवस की बधाई ले कर सुबह सुबह निकल पड़ा था हर मजदूर दिहाड़ी पर। किसी के कंधे पे गमछा था। किसी के लैपटॉप। गमछे वाला शाम तक घर आ गया। पर लैपटाप वाले का देर रात तक भी पता नहीं। – **तपन मुखर्जी**

कुछ लोग हमें नहीं जानते लेकिन अपनों से ज्यादा मानते हैं । कहते हैं फेसबुक एक आभासी दुनिया है जिसका कोई वजूद नहीं लेकिन क्या आज के समय आपको ऐसा लगता है जिस वक्त आपके अपने आपसे दूर हो रहे हैं ? बताइएगा जरूर और हाँ यदि आपको मेरी पोस्ट पसन्द आती हैं तो कृपया शेयर भी किया कीजिए ,हार्दिक आभार ।

– **वर्षा वार्ष्णेय अलीगढ़**

मेरे ख्वाब की ताबीर हो तुम, मेरे लिए एक जागीर हो तुम। तुम्हें पाने की तमन्ना की थी मैने, इसी हकीकत के तलबगार हो तुम। इतनी इनायत करते रहना, ,मेरे हमसफर हमसाज हो तुम। हर राज तुमसे बया किया है मैने, एक राजदार भी हो तुम। विश्वास को विशवास में बदलने वाले, यही मेरा विश्वास हो तुम। कभी ये सफर न रुकने पाये, मेरे हम सफर हमराज हो तुम।।

– **हेमा पांडेय**

रिश्ते हमारे जीवन की वो फ़सलें हैं जिन्हें जिस तरीके से सींचा जाता है वो उसी के अनुसार पैदावार देती हैं। ये ज़रूर है कि उनमें ग़म और खुशी के मौसमों की मार पड़ती रहती है लेकिन ज़रूरी ये है कि बावजूद इसके उसकी हिफ़ाजत की जाए।

–**रेनू शब्दमुखर**

लिखता है जो देश की, निज हाथों तकदीर। उस श्रमसाधक की हुई,अति धुँधली तस्वीर।।1।। सब देते बस सांत्वना,नहीं समझते पीर। भूखा प्यासा श्रम करे,जर्जर हुआ शरीर।।2।। श्रमिक वर्ग का दिख रहा,लथपथ स्वेद शरीर। उसे निवाला भूख का, बाबू खाते खीर।।3।। श्रम करते जो रात-दिन,रहें मज़े से दूर। ये दुनिया है मानती, ऐसों को मज़दूर।।4।।

– **डॉ. बिपिन पाण्डेय**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन आपके लिए फायदे की नई राह खोल सकता है। आपके फैसले सटीक बैठेंगे और सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी आपको खुश कर देगी।

वृष: आज दिल की कोई बड़ी इच्छा पूरी होकर आपको खुशी से भर देगी। घर में सरप्राइज जैसा माहौल बनेगा और अपनों के साथ हंसी-खुशी का समय बीतेगा।

मिथुन: आज कुछ नया शुरू करने की हलचल आपके मन में रहेगी। शादीशुदा जीवन में सम्मान और समझ बनी रहेगी। आप अपने लक्ष्य को लेकर काफी सजग रहेंगे।

कर्क: आज का दिन राहत और प्रगति लेकर आएगा। प्रॉपर्टी से जुड़े फैसले आपके पक्ष में रहेंगे और आपकी कला-कौशल में निखार दिखेगा।

सिंह: आज सुख-सुविधाओं में इजाफा आपको संतुष्टि देगा। राजनीति या नेतृत्व से जुड़े लोगों के लिए दिन शानदार है। जीवनसाथी के साथ हल्की नोकझोंक हो सकती है, इसलिए संयम रखें।

कन्या: आज खुशियों और सुकून से भरा दिन है। परिवार का पूरा साथ मिलेगा, लेकिन संतान की सेहत को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है। पढ़ाई और कौशल में सुधार देखने को मिलेगा।

तुला: आज बिजनेस में थोड़ी उलझनें आ सकती हैं, लेकिन परिवार के साथ समय बिताकर मन खुश रहेगा। बच्चों के साथ घूमने-फिरने का मौका मिलेगा।

वृश्चिक: आज कमाई के नए रास्ते खुलेंगे और हर काम में सफलता आपके साथ होगी। सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी से मन प्रसन्न रहेगा। वैवाहिक जीवन में चल रही परेशानियां खत्म होंगी।

धनु: आज आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। परिवार का सहयोग और माता-पिता का आशीर्वाद आपके रुके काम पूरे कराएगा। भाई-बहनों की सलाह आपके लिए फायदेमंद साबित होगी।

मकर: आज अधूरे काम पूरे करने का समय है। नौकरी के नए अवसर आपके लिए दरवाजे खोल सकते हैं। सामाजिक क्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आप कुछ अलग और खास करने की दिशा में बढ़ेंगे।

कुंभ: आज जिम्मेदारी निभाने का दिन है और आप इसमें सफल भी रहेंगे। सुख-समृद्धि बढ़ेगी और नया वाहन खरीदने का सपना पूरा हो सकता है। बिजनेस की अटकी डील फाइनल होने के संकेत हैं।

मीन: आज का दिन शांति और आनंद से भरा रहेगा। धार्मिक कार्यों में मन लगेगा और जीवनसाथी के साथ रोमांटिक पल बिताने का मौका मिलेगा। परिवार में छोटी-मोटी बहस हो सकती है, इसलिए संयम रखें।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) भारतीय सेना द्वारा हाल ही में शामिल की गई 'शौर्य स्क्वाड्रन' मुख्यत: किस प्रकार की रेजिमेंट से संबंधित हैं?

2) आईएनएस सावित्री का निर्माण किस भारतीय शिपयार्ड ने किया था?

3) वर्ल्ड रेडियोग्राफी डे 2025 की थीम क्या है?

4) वाल्मीकि रामायण की दुर्लभ पांडुलिपि स्थायी रूप से किस संस्था को भेंट की गई है?

5) लिथुआनियाई उपन्यास 'द लास्ट डे' के लेखक कौन हैं, जिसका हाल ही में साहित्य अकादेमी द्वारा हिंदी में अनुवाद किया गया है?

उत्तरमाला- (1) बख्तरबंद रेजिमेंट (2) गार्डन रीच शिपबिल्डर्स, मुंबई (3) रेडियोग्राफर्स: अनदेखे को देखना (4) अंतरराष्ट्रीय रामायण संग्रहालय, अयोध्या (5) जारोस्लावास मेलनिकास

पहेली

शब्द सामर्थ्य -025

बाएं से दाएं
1. सम्पत्ति, ख़ज़ाना 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. मजह, "लेबल" 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, व्याख्याकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

ऊपर से नीचे
1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबास, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थित प्रसिद्ध जेल।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 024 का हल

न्यूज गैलरी

'गूगल बॉय' रुद्र को, लोक भवन में मिला सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज लोक भवन में जिला दुर्ग के 6 वर्षीय 'गूगल बॉय ' रुद्र शर्मा ने अपने पालकों के साथ मुलाकात की।अपनी अद्भुत स्मरण शक्ति से उसने हैरान कर दिया। राज्यपाल श्री डेका से मुलाकात के दौरान रुद्र ने सामान्य ज्ञान और प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े सवालों के सटीक उत्तर देकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।कक्षा पहली के छात्र रुद्र को यूपीएससी और पीएससी स्तर के प्रश्नों के उत्तर भी याद हैं। मुलाकात के दौरान राज्यपाल ने उससे छत्तीसगढ़ के गठन, राज्य की विशेषताओं और भारतीय संविधान से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका रुद्र ने बिना झिझक तुरंत सही जवाब दिया।रुद्र की तेज स्मरण शक्ति और आत्मविश्वास से प्रभावित होकर राज्यपाल ने उसकी सराहना की। उन्होंने लोक भवन की ओर से रुद्र को प्रमाण पत्र प्रदान किया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर रुद्र के माता श्रीमती पायल शर्मा के साथ उसके नाना श्री विनोद शर्मा भी उपस्थित थे, जिन्होंने उसकी उपलब्धि पर खुशी जाहिर की।

चेकिंग के दौरान युवक चाकू के साथ गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना मौदहापारा क्षेत्र में रजबंधा मैदान के पास पुलिस ने औचक कार्रवाई करते हुए एक युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, 30 अप्रैल 2026 की शाम थाना मौदहापारा पुलिस टीम थाना प्रभारी निरीक्षक शक्ति सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र में अड्डेबाजी और संदिग्ध गतिविधियों की जांच कर रही थी। इसी दौरान रजबंधा मैदान के पास स्थित एक चाय ठेले के आसपास चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान पुलिस को एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से एक धारदार चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए युवक को हिरासत में ले लिया और हथियार को जब्त कर लिया।

डी.एल.एड मुख्य/अवसर परीक्षा 2026 की समय-सारणी जारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डी.एल.एड) प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष मुख्य/अवसर परीक्षा वर्ष 2026 की समय- सारणी जारी कर दी गई है। जारी कार्यक्रम के अनुसार प्रथम वर्ष की सैद्धांतिक परीक्षाएं 28 मई 2026 से 12 जून 2026 तक तथा द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं 29 मई 2026 से 10 जून 2026 तक आयोजित की जाएंगी। सभी परीक्षाएं प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक निर्धारित परीक्षा केंद्रों में संपन्न होंगी।प्रथम वर्ष के अंतर्गत बाल विकास एवं सीखना, ज्ञान-पाठ्यचर्या व शिक्षण शास्त्र, शैक्षिक तकनीकी, हिन्दी भाषा शिक्षण स्तर-1, अंग्रेजी भाषा प्रोफिसिएंसी, गणित व गणित शिक्षण, पर्यावरण व पर्यावरण शिक्षण तथा शालेय संस्कृति, प्रबंधन एवं विकास विषयों की परीक्षाएं निर्धारित तिथियों में आयोजित होंगी। वहीं द्वितीय वर्ष में आधुनिक विश्व के संदर्भ में भारतीय शिक्षा, सामाजिक-सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य में संज्ञान एवं अधिगम, विविधता एवं समावेशी शिक्षा, हिन्दी भाषा शिक्षण स्तर-2, अंग्रेजी एवं संस्कृत शिक्षण तथा गणित/विज्ञान/सामाजिक विज्ञान शिक्षण विषय शामिल हैं।

मंत्री राजेश अग्रवाल ने स्वर्गीय विवेक अंधारे को दी श्रद्धांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल आज मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निज सहायक श्री दीपक अंधारे के चचेरे भाई एवं बंदरचुआ, कुनकुरी निवासी श्री जोगेश्वर अंधारे के सुपुत्र स्वर्गीय श्री विवेक अंधारे के निधन उपरांत आयोजित दशगात्र कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने शोकाकुल परिवारजनों से भेंट कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं और इस कठिन समय में धैर्य बनाए रखने का संबल दिया।मंत्री श्री अग्रवाल ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्वर्गीय श्री विवेक अंधारे का अल्पायु में असामयिक निधन अत्यंत पीड़ादायक एवं हृदय विदारक है। उन्होंने कहा कि ऐसी अपूरणीय क्षति की भरपाई संभव नहीं है, लेकिन सभी को मिलकर परिवार का संबल बनना चाहिए। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिजनों को इस गहन दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

आठवें वेतन आयोग के समक्ष छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने रखा व्यापक मांग-पत्र

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के समक्ष राज्य के शासकीय, अर्धशासकीय, निगम-मंडल, शिक्षक एवं पेंशनभोगियों के हितों से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुवार सुझाव प्रस्तुत किए गए हैं। फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रदेश के कर्मचारियों के वेतन, भत्तों एवं सेवा शर्तों में व्यापक सुधार की मांग करते हुए एक विस्तृत ज्ञापन आयोग को प्रेषित किया है।फेडरेशन ने अपने ज्ञापन में न्यूनतम वेतन ?30,000 से ?32,500 प्रतिमाह निर्धारित करने तथा फिटमेंट फैक्टर को 2.57 से बढ़ाकर न्यूनतम 3.68 किए जाने की मांग की है। साथ ही, वेतन संरचना को सरल बनाते हुए वार्षिक वेतनवृद्धि 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 5 प्रतिशत करने एवं 8-16-24-32 वर्ष की सेवा पर समयमान वेतनमान देने का सुझाव दिया गया है।महंगाई भत्ते के संबंध में फेडरेशन ने मांग की है कि 50 प्रतिशत से अधिक होने पर डीए को मूल वेतन में स्वतः विलय किया जाए तथा AICPI के आधार वर्ष को अद्यतन किया जाए। गृह भाड़ा भत्ता (HRA) में वृद्धि करते हुए X, Y, Z श्रेणी के लिए क्रमशः 40त्न, 30त्न एवं 20% किए जाने तथा रायपुर, बिलासपुर एवं दुर्ग-भिलाई को X श्रेणी में शामिल करने का प्रस्ताव रखा गया है।अन्य भत्तों के अंतर्गत कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने, चिकित्सा भत्ता 3000 प्रतिमाह करने, यात्रा भत्ता में वृद्धि, संतान शिक्षा भत्ता ?4500 प्रति माह तथा जोखिमपूर्ण कार्यों में लगे कर्मचारियों को 20 प्रतिशत जोखिम भत्ता देने की मांग की गई है।

पारिस्थितिकी बहाली का छत्तीसगढ़ मॉडल–'बारनवापारा में काले हिरणों की वापसी'

रायपुर/नवप्रदेश। मन की बात' से राष्ट्रीय क्षितिज तक का सफर- प्रायः सभी प्रकृति प्रेमियों का मानना है कि प्रकृति कभी भी अपना ऋण नहीं भूलती। यदि मनुष्य पूरी ईमानदारी से उसके संरक्षण की ओर एक कदम बढ़ाता है, तो प्रकृति उसे अपनी भव्यता से कई गुना वापस लौटाती है। छत्तीसगढ़ की पावन धरा, जो सदियों से अपनी नैसर्गिक संपदा और सघन वन क्षेत्रों के लिए विख्यात रही है, आज वन्यजीव संरक्षण के एक नए स्वर्णिम युग की ओर बढ़ रही है।

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में स्थित बारनवापारा वन्यजीव अभ्यारण्य (लगभग 245 वर्ग किमी) में काले हिरणों (ब्लैकबक) का सफलतापूर्वक पुनरुद्धार हुआ है, जहाँ इनकी संख्या अब 200 के करीब पहुँच गई है। 1970 के दशक में विलुप्त हो चुके इन हिरणों को 2018 की पुनरुद्धार योजना और 2026 तक के वैज्ञानिक प्रयासों से वापस लाया गया। हाल ही में देश के यशस्वी

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपने लोकप्रिय कार्यक्रम ÷मन की बात÷ में जब बारनवापारा अभ्यारण्य के काले हिरणों की सफल वापसी का उल्लेख किया, तो यह केवल एक राज्य की उपलब्धि नहीं रही, बल्कि भारत के पर्यावरण मानचित्र पर वन्यजीव संरक्षण का एक नया अध्याय बन गई। विजन भरा नेतृत्व और प्रतिबद्धता- इस गौरवमयी उपलब्धि के सूत्रधार छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय हैं। उन्होंने इस सफलता को राज्य की समृद्ध जैव विविधता और पर्यावरण के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतिफल बताया है।

वैज्ञानिक रणनीति : विलुप्ति से पुनर्वास तक

बारनवापारा अभ्यारण्य में काले हिरणों का दिखाई देना एक समय दुर्लभ हो गया था। लेकिन वन मंत्री श्री केदार कश्यप के कुशल मार्गदर्शन और प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) श्री अरुण कुमार पाण्डेय के रणनीतिक निर्देशन ने इस असंभव लक्ष्य को वास्तविकता में बदल दिया। फरवरी 2026 का महीना छत्तीसगढ़ के वन इतिहास में एक मील का पत्थर साबित हुआ, जब विशेषज्ञों की कड़ी निगरानी में 30 काले हिरणों को उनके प्राकृतिक आवास में 'सॉफ्ट रिलीज' पद्धति से मुक्त किया गया। यह प्रक्रिया केवल उन्हें जंगल में छोड़ने तक सीमित नहीं थी, बल्कि यह सुनिश्चित करना था कि वे नए वातावरण में बिना किसी तनाव के रच-बस सकें। ब्लैकबक कंजर्वेशन सेंटर में बेहतर पोषण और वैज्ञानिक देखभाल से इनकी संख्या में वृद्धि हुई।

राष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ की दोहरी उपलब्धि

फाइलेरिया व मलेरिया नियंत्रण में राज्य मॉडल की देशभर में सराहना

रायपुर/नवप्रदेश। जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ने एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। 30 अप्रैल और 01 मई 2026 को चंडीगढ़ में आयोजित "National Summit on Innovation and Inclusivity – Best Practices Shaping IndiaÓs Future" में राज्य को फाइलेरिया और मलेरिया उन्मूलन के लिए अपनाई गई नवाचारी पहलों पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान न केवल राज्य की स्वास्थ्य रणनीतियों की प्रभावशीलता को रेखांकित करता है, बल्कि सामुदायिक भागीदारी आधारित मॉडल की सफलता का भी प्रमाण है।

BIHAN मॉडल ने बदली तस्वीर-फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में BIHAN (स्टेट रूरल लाइवलीहुड मिशन) से जुड़ी महिला स्व-सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया। Mission Steering Group–Human Resource (MSG–HR) के अंतर्गत इस मॉडल को देश की सर्वश्रेष्ठ नवाचारी और समावेशी पहल के रूप में मान्यता मिली, जिसमें PCI India का तकनीकी सहयोग भी महत्वपूर्ण रहा।

मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान के दौरान महिलाओं ने घर-घर पहुंचकर न केवल दवा सेवन सुनिश्चित कराया, बल्कि समुदाय में व्याप्त भ्रांतियों को भी दूर किया। सामुदायिक बैठकों और जागरूकता गतिविधियों के जरिए लोगों में भरोसा कायम किया गया।

'मलेरिया मुक्त बस्तर' ने दुर्गम क्षेत्रों में दिखाई प्रभावशीलता

सम्मेलन में 'मलेरिया मुक्त बस्तर' अभियान को भी एक प्रभावी और परिणामोन्मुख पहल के रूप में विशेष सराहना मिली। बस्तर के दूरस्थ और आदिवासी अंचलों में संचालित इस अभियान के तहत घर-घर स्क्रीनिंग, रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट से समय पर जांच, त्वरित उपचार और Da4-7 व Da4-14 फॉलो-अप के माध्यम से पूर्ण इलाज सुनिश्चित किया गया।

रेल परिवार से रायपुर मंडल के13 सदस्य हुए सेवानिवृत्त

रायपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल के विभिन्न विभागों में कार्यरत रेल परिवार के 13 सदस्य अप्रैल 2026 में अपनी गौरवशाली रेल सेवा पूर्ण करने के पश्चात् सामान्य सेवानिवृत हुए।

इस समारोह में मंडल रेल प्रबंधक (श्री दयानंद), वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी (श्री राहुल गर्ग), सहायक कार्मिक अधिकारी (श्री महेंद्र कुमार शर्मा), सेवानिवृत्त कर्मी एवं उनके परिजन, कल्याण निरीक्षक तथा बंदोबस्त अनुभाग के कर्मचारी उपस्थित थे। मंडल के सेवानिवृत्त होने वाले 13 रेलकर्मियों में यांत्रिकी विभाग से 03, इंजीनियरिंग विभाग से 03, परिचालन विभाग से 02, वाणिज्य विभाग से 02, सामान्य प्रशासन से 01, लेखा विभाग 01 एवं विद्युत विभाग से 01 कर्मचारी शामिल है।

मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सम्मलेन कक्ष में आयोजित समारोह में समस्त सेवानिवृत्त कर्मियों को विदाई दी गई। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक द्वारा सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति का समस्त भुगतान प्रमाण-पत्र दिया गया। ई-पेमेंट के माध्यम से सेवानिवृत्त कर्मचारियों की कुल राशि रुपये 5,76,37,696/- का भुगतान किया गया। पेंशन भुगतान आदेश, सेवानिवृत्त कर्मचारी का पहचान पत्र एवं कर्मचारियों एवं आश्रितों का पास कार्ड दिनांक 30/04/2026 को प्रदान किया गया।

2 सिस्टम हुए एक्टिव, छत्तीसगढ़ में 50 किमी की रफ्तार से चलेगी हवाएं

■ 5 दिन बारिश के आसार, रायगढ़-गरियाबंद में ओले गिरे, बर्फ की चादर बिछी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी के बीच मौसम का मिजाज बदल गया है। मौसम विभाग ने अगले 5 दिनों तक प्रदेश के सभी संभागों में गरज-चमक और बिजली गिरने के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं, जिससे अगले 48 घंटों में अधिकतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी। इससे पहले, गुरुवार को प्रदेश के कई हिस्सों में मौसम के तेवर देखने को मिले। रायगढ़ और गरियाबंद जिले के कई इलाकों में भीषण गर्मी के बीच जमकर ओले गिरे। गरियाबंद के इंदागांव, उदंती और जुगाड़ क्षेत्र में ओलावृष्टि इतनी तेज थी कि नेशनल हाईवे 130ष्ट और खेतों में बर्फ की सफेद चादर बिछ गई।

बीते 24 घंटों के दौरान दक्षिण छत्तीसगढ़ में भी हल्की बारिश दर्ज की गई। हालांकि, गर्मी का असर अब भी बरकरार है, 43.6 डिग्री सेल्सियस के साथ दुर्ग प्रदेश में सबसे गर्म रहा, जबकि जगदलपुर में न्यूनतम तापमान 24.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

अगले 2 दिन तापमान में गिरावट–मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अगले 48 घंटों में अधिकतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है। इसके बाद अगले 3 दिनों तक तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में भीषण आग

■ खेती परीक्षण को भारी नुकसान, घंटों बाधित रही बिजली; 20 लाख से ज्यादा का नुकसान

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में गुरुवार देर रात भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि पूरे विश्वविद्यालय परिसर और आसपास के हॉस्टल क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

घटना के बाद विश्वविद्यालय और हॉस्टल की बिजली कई घंटों तक बाधित रही, जिससे छात्र-छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौके पर दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया। इस घटना में 20 लाख से अधिका नुकसान होना बताया जा रहा है। घटना तेलीबांधा थाना क्षेत्र की है।

20 लाख से अधिक का नुकसान–जानकारी के अनुसार आग विश्वविद्यालय परिसर के उस हिस्से में लगी, जहां खेती परीक्षण और कृषि अनुसंधान से जुड़ी फसलें और सामग्री रखी गई थीं। देखते ही देखते आग ने कई एकड़ क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया।

आग की लपटें और धुआं दूर तक दिखाई देने लगा। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक इस घटना में खेती परीक्षण से जुड़ी फसलों और उपकरणों को भारी नुकसान पहुंचा है। करीब 20 लाख रुपए से अधिक के नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

फायर ब्रिगेड को लेट दी गई सूचना–विश्वविद्यालय के छात्रों के अनुसार, आग लगने के बाद विश्वविद्यालय प्रबंधन की ओर से तुरंत दमकल विभाग को सूचना नहीं दी गई। छात्रों का

ब्रह्माकुमारी संस्थान ने चौबे कालोनी में चलाया समर कैम्प

रायपुर/नवप्रदेश। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनोज दयाल ने कहा कि सभी बच्चों में कुछ न कुछ खुबियाँ जरूर होती हैं। आपको उन खूबियों को पहचान कर आगे बढना है। सचिन तेन्दुलकर और अमिताभ बच्चन ने अपनी प्रतिभा को पहचाना और सही मार्ग चुना। उसी तरह आपको भी सही राह चुनना होगा। इसमें मेडिटेशन आपकी बहुत मदद करेगा। भौतिक शिक्षा तो स्कूलों में आपको मिल ही रही है ब्रह्माकुमारीज के समर कैम्प में आपको आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों की शिक्षा दी जाएगी। प्रो. मनोज दयाल आज प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा विश्व शान्ति भवन चौबे कालोनी रायपुर में आयोजित समर कैम्प के उद्घाटन अवसर पर बच्चों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि समर कैम्प आपको अपनी प्रतिभा को पहचानने का अवसर देता है। उन्होंने अंग्रेजी के अक्षर चार-सी का उल्लेख करते हुए बतलाया कि सफल होने के लिए इसे जीवन में धारण करें।

एक ट्रिप के लिए समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन

रायपुर/नवप्रदेश। ग्रीष्मकालीन भीड़ के दौरान यात्रियों को कंफर्म बर्थ के साथ सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से सीएसएमटी-सांतरागाछी के मध्य एक तरफा 01 ट्रिप के लिए समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 01145 सीएसएमटी-सांतरागाछी समर स्पेशल ट्रेन पनवेल से दिनाँक 02 मई 2026 को चलेगी। इस गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया, दुर्ग, रायपुर एवं बिलासपुर स्टेशनों में दिया गया है।

गाडी की समय सारिणी : गाड़ी संख्या 01145 सीएसएमटी-सांतरागाछी समर स्पेशल ट्रेन सीएसएमटी से दिनाँक

02 मई 2026 शनिवार को 11.20 बजे रवाना होगी तथा मार्ग के अन्य मध्यवर्ती स्टेशनों से होते हुये दूसरे दिन गोंदिया आगमन 03.28 बजे, प्रस्थान 03.30 बजे, दुर्ग आगमन 05.40 बजे, प्रस्थान 05.45 बजे, रायपुर आगमन 06.20 बजे, प्रस्थान 06.25 बजे, बिलासपुर आगमन 08.05 बजे, प्रस्थान 08.15 बजे होते हुये 20.30 बजे सांतरागाछी स्टेशन पहुंचेगी।

कोच संरचना – इस स्पेशल ट्रेन में 02 एसएलआरडी, 06 जनरल, 10 स्लीपर, 03 एसी-III कोच सहित कुल 21 आई सी एफकोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी ।

वाणिज्यिक ठहराव : रास्ते में ये समर स्पेशल गाड़ी दादर, ठाणे, कल्याण, नासिक रोड, मनमाड, भुसावल, अकोला, बडनेरा, वर्धा, नागपुर, गोंदिया, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, झारसुगुड़ा, राउरकेला, चक्रधरपुर, टाटानगर, खड़गपुर, स्टेशनों पर रुकेगी। यात्रियों से आग्रह है कि उक्त स्पेशल ट्रेनों की समय-सारिणी और ठहराव संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर देखकर तदानुसार यात्रा प्रारम्भ करें।

मातृशक्ति के सम्मान और सशक्तिकरण हेतु विशेष सत्र

एक तिहाई आरक्षण के संकल्प को मिला व्यापक समर्थन

■ मातृशक्ति के सम्मान और सशक्तिकरण हेतु विशेष सत्र : एक तिहाई आरक्षण के संकल्प को मिला व्यापक समर्थन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा है कि मातृशक्ति उनके लिए केवल सम्मान का विषय नहीं, बल्कि सृजन, संस्कार और सामर्थ्य की आधारशिला है। इसी भावना के साथ छत्तीसगढ़ विधानसभा में महिलाओं के समग्र विकास और सशक्तिकरण से जुड़े महत्वपूर्ण विषय पर एक दिवसीय विशेष सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें संसद एवं देश की सभी विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण लागू करने के संकल्प पर व्यापक चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण की जो मजबूत नींव रखी गई है, उसी क्रम में उनकी राजनीतिक भागीदारी को भी सशक्त करना हमारा अगला महत्वपूर्ण कदम है। यह संकल्प देश की आधी आबादी को उनके अधिकारों से पूर्ण रूप से जोड़ने का एक सार्थक प्रयास है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इस महत्वपूर्ण विषय पर विशेष सत्र आयोजित करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम के रूप में सदैव याद रखी जाएगी।

उन्होंने कहा कि इस विशेष सत्र में समाज के विभिन्न वर्गों और क्षेत्रों से आई महिलाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने इस ऐतिहासिक पहल के समर्थन में अपने विचार रखे और महिलाओं के अधिकारों तथा उनके सशक्तिकरण के लिए सशक्त स्वर प्रदान किया। सदन में वरिष्ठ विधायकों और महिला नेतृत्व ने भी पूरे मनोयोग से चर्चा में भाग लेते हुए अपने विचार साझा किए और इस महत्वपूर्ण संकल्प का समर्थन किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने स्पष्ट रूप से कहा कि नारी शक्ति के सम्मान और अधिकारों के मार्ग में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न करना न्यायसंगत नहीं है। यह विषय किसी दल या राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्र के समग्र विकास और उज्ज्वल भविष्य से जुड़ा हुआ है। ऐसे में इस दिशा में हर सकारात्मक पहल का समर्थन आवश्यक है।

शादी के नाम पर महिला ने वृद्ध से किया 9.50 लाख की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। शादी करने के नाम पर महिला ने 80 वर्षीय वृद्ध से 9.50 लाख रुपए की ठगी की। हांडीपारा निवासी मनहरण लाल टिकरिया 80 ने कल शाम आजाद चौक थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। वृद्ध ने शादी के लिए रिश्ता तलाशने के क्रम में एक वर्ष पूर्व दिल्ली के मैरिज ब्यूरो से संपर्क किया था। वहां से एक महिला रजनी शर्मा का रिश्ता बताया गया। फोन नंबर 7383175804 से रजनी ने मनहरण से संपर्क कर शादी करने और कई बहाने बना कर अपने बताए खाते में 15 जून 25 से 9 जनवरी 26 के बीच 9,50000 लाख रुपए जमा कराए।

आर्थिक तंगी भी नहीं बनी बाधा, आशीष ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में जिले में किया टॉप

■ **संघर्ष के बीच सफलता, दिन में मजदूरी, रात में पढ़ाई, 94.4% अंक हासिल कर किया जिला टॉप**

अंबिकापुर/नवप्रदेश। आर्थिक तंगी और मजदूरी जैसे कठिन हालातों के बीच पढ़ाई जारी रखना हर किसी के बस की बात नहीं होती, लेकिन सरगुजा जिले के बाबा आशीष केरकेट्टा ने अपने मजबूत इरादों और अथक मेहनत से यह कर दिखाया। मल्टीपरपज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंबिकापुर के छात्र बाबा आशीष ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में 94.4 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस सफलता ने न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे जिले को गौरवान्वित कर दिया है।

बाबा आशीष केरकेट्टा का परिवार आर्थिक रूप से बेहद कमजोर है। उनके माता-पिता रोजी-मजदूरी और दूसरों के खेतों में काम करके परिवार का भरण-पोषण करते हैं। ऐसे में घर की जिम्मेदारियों का बोझ कम उम्र में ही आशीष के कंधों पर भी आ गया था। उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ मजदूरी करनी पड़ती है, जिससे कई बार पढ़ाई प्रभावित भी होती है। बावजूद इसके, उन्होंने कभी अपने

लक्ष्य से ध्यान नहीं हटाया। आशीष ने बताया कि कई बार उन्हें किताबों और अन्य जरूरी शैक्षणिक संसाधनों की कमी का सामना करना पड़ा। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे अतिरिक्त कोचिंग या सुविधाएं नहीं ले सके, लेकिन उन्होंने स्वअध्ययन को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया।

टूटी साइकिल के सहारे तय किया सफलता का सफर

आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से आने वाले आशीष केरकेट्टा के घर की स्थिति ऐसी है कि आज भी मेहमानों के बैठने के लिए कुर्सी तक उपलब्ध नहीं है। मेहमान आने पर परिवार को पड़ोसियों से कुर्सियां मांगनी पड़ती हैं। इन चुनौतियों के बीच आशीष केरकेट्टा ने अपनी पढ़ाई जारी रखी। वे रोजाना टूटी साइकिल से स्कूल आना-जाना करते थे, लेकिन कभी हार नहीं मानी। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने मेहनत और लगन के दम पर पढ़ाई को प्राथमिकता दी। बाबा आशीष की यह संघर्ष भरी कहानी न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि यह भी साबित करती है कि संसाधनों की कमी सफलता के रास्ते में बाधा नहीं बन सकती, अगर इरादे मजबूत हों।

सीमित संसाधनों में रहकर उन्होंने नियमित पढ़ाई की और समय का सही उपयोग किया। दिन में मजदूरी और घर का काम करने के बाद भी वे रात में पढ़ाई के लिए समय निकालते थे। उनकी इस कठिन मेहनत और लगन का ही परिणाम है कि उन्होंने जिले में टॉप कर अपने परिवार और शिक्षकों का नाम रोशन किया। उनके गांव और स्कूल में जश्न का माहौल है, वहीं लोग उनकी मेहनत और संघर्ष की सराहना कर रहे हैं। बाबा आशीष अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और अपने आत्मविश्वास को देते हैं। उनका कहना है कि अगर परिवार और गुरुजनों का सहयोग न मिलता, तो यह सफलता संभव नहीं थी। आशीष केरकेट्टा की कहानी यह साबित करती है कि यदि इंसान के इरादे मजबूत हों और मेहनत करने का जज्बा हो, तो कोई भी बाधा सफलता के रास्ते में रुकावट नहीं बन सकती।

न्यूज गैलरी

अंतागढ़ में सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा

अंतागढ़/बड़ेराजपुर/नवप्रदेश। बुधवार को सरस्वती शिशु मंदिर अंतागढ़ में सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस अवसर पर अरुणोदय समिति के अध्यक्ष महेंद्र सिंह ठाकुर, व्यवस्थापक, वरिष्ठ सदस्य राम विलास गुप्ता, समिति सदस्य भूषण लाल साहू, महिला समिति की अध्यक्ष टीकम साहू, उपाध्यक्ष रंजीता नूरेटी सहित प्राचार्य, आचार्य, दीदियां एवं समस्त पालकगण उपस्थित रहे। परिणाम के अनुसार अरुण कक्षा में प्रथम काव्या साहू, द्वितीय मयंक कुमेटी एवं तृतीय घनिष्ठ साहू, उदय कक्षा में प्रथम दक्षिका नाग एवं द्वितीय अनन्या नंदा, कक्षा प्रथम में प्रथम ऋषभ कल्लो एवं द्वितीय लिसा नूरेटी, कक्षा द्वितीय में प्रथम प्रणव सिंह सोलंकी तथा द्वितीय भेषज अंचल एवं धवल राज पांडे, कक्षा तृतीय में प्रथम वनवी दरो एवं द्वितीय चयन नाविक, कक्षा चतुर्थ में प्रथम मीनाक्षी साहू एवं द्वितीय टिकेंद्र कल्लो, कक्षा छठवीं में प्रथम अक्ष सिंह सोलंकी तथा द्वितीय जिनम जैन एवं भवेंद्र कोर्राम, वहीं कक्षा सप्तम में प्रथम ज्ञानेश्वर ठाकुर एवं द्वितीय राजवीर लावत्रे रहे। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

शिवसेना ने हर्षोल्लास से मनाया मजदूर दिवस मजदूरो का किया सम्मान

कांकेर/भानुप्रतापपुर / नवप्रदेश। शिवसेना द्वारा पूरे भारतवर्ष में 1 मई को मजदूर दिवस को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मजदूर दिवस को लेकर भानुप्रतापपुर शिवसेना ने मजदूर दिवस के अवसर पर अपने मजदूर साथियों के साथ बड़े हर्षोल्लास के साथ मजदूर दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मजदूर साथियों को शिवसेना द्वारा कहा गया कि आज क्षेत्र में बड़े उद्योगपति आकर के मजदूरों के बीच फूट डाल रहे हैं ।बड़े-बड़े खदानों का मशीनीकरण करके मजदूरों का हक मार रहे हैं। पूंजीपतियों द्वारा मजदूरों का शोषण किया जा रहा है। इसके लिए हमें पूरे क्षेत्र के मजदूरों को एक होना पड़ेगा और एक होकर इन पूंजीपतियों का विरोध करना पड़ेगा अन्यथा आने वाले समय में मजदूरों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा ।शिवसेना द्वारा मजदूर दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ सरकार एवं केंद्र सरकार से मांग किया गया कि पूरे क्षेत्र के मजदूरों का जो उनका बाजीब हक और अधिकार है उन्हें दिया जाए।सरकार मजदूरों को वृद्धावस्था में पेंशन सुविधा प्रदान करें। मजदूरो हेतु निशुल्क चिकित्सा व्यवस्था पूर्ण रूप से की जाए , मजदूरों का निशुल्क बीमा किया जाए। मजदूरों को दुर्घटना पर उचित मुआवजा दिया जाए, मजदूरों के भविष्य हेतु सरकार उचित कदम उठाए, क्षेत्र के खदानों में मजदूरों के हो रहे शोषण पर रोक लगाया जाए एवं बड़े पूंजीपतियों द्वारा आज मजदूर, स्थानीय जनप्रतिनिधि ,सामाजिक कार्यकर्ता लोगों के बीच डाले जा रहे फुट पर खदान प्रबंधकों पर उचित कार्यवाही किया जाए। स्थानीय खदानों में दलालों की व्यवस्था पर रोक लगाया जाए, ठेकेदारी प्रथा बंद हो। खदान में मजदूरों की भर्ती कंपनी खुद किया करें।

विकसित कृषि संकल्प अभियान 5 से 20 मई तक

कांकेर / नवप्रदेश। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा खरीफसीजन 2026 के पहले विकसित कृषि संकल्प अभियान 05 से 20 मई तक चलाया जाएगा। इसके तहत कृषकों को उन्नत कृषि तकनीकियों, केन्द्र व राज्य सरकार की कृषि उद्यानिकी पशुपालन तथा मत्स्य पालन विभाग की कृषक हितैषी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्र के विषय विशेषज्ञों द्वारा कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा का भी आयोजन किया जाएगा। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले के सभी विकासखण्डो में उक्त तिथियों में ग्रामवार शिविर सुबह 11 बजे से आयोजित कर किसानों को कृषि एवं समवर्गीय विभागों में संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

ग्राम कोलर में सर्वेक्षण दल को मिलीं प्राचीन और दुर्लभ पांडुलिपियां

कांकेर / नवप्रदेश। ज्ञान भारतम् राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के तहत कांकेर जिले में एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। अंतागढ़ ब्लॉक के ग्राम कोलर में सर्वेक्षण दल को प्राचीन और दुर्लभ पांडुलिपियां प्राप्त हुई हैं।कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी श्री हरेश मंडावी द्वारा प्रबुद्धजन, समाज प्रमुख, ब्लॉक प्रमुख, महाविद्यालय के प्रोफेसर, समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित कर सर्वे कार्य को तीव्र गति से करने एवं पांडुलिपि की पहचान करने के निर्देश दिए तथा बताया गया कि सर्वेक्षण में प्राप्त दस्तावेजों का विशेषज्ञों द्वारा भौतिक सत्यापन किया जाएगा ।

आरोपियों के कब्जे से महंगे मोबाइल समेत नगदी जब्त

दुर्ग-भिलाई से आकर ऑनलाइन सट्टा खिला रहे थे, 4 गिरफ्तार

कांकेर / नवप्रदेश। सिटी कोतवाली पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा संचालित करने वाले दुर्ग भिलाई के 04 आरोपी को शहर से सटे ग्राम आतुरगांव से पकड़ने में बड़ी सफलता मिली है।आरोपियों के कब्जे से 10 नग मोबाइल एवं नगदी जब्त किया गया है।सिटी कोतवाली से मिली जानकारी अनुसार

जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चल रहे अभियान के तहत 23 अप्रैल 2026 को सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति ग्राम आतुरगांव नाकापारा में सड़क किनारे बैठकर मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहे हैं तथा आईडी उपलब्ध कराकर अवैध लेन-देन कर लाभ अर्जित कर रहे हैं।सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश साहू एवं

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश सिन्हा (नोडल अधिकारी साइबर सेल) के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर मोहसीन खान के पर्यवेक्षण में थाना कांकेर पुलिस टीम द्वारा तत्काल रेड कार्यवाही की गई।सूचना पर थाना प्रभारी प्रतीक दादासाहब बनसोडे के निर्देशन में उपनिरीक्षक मनोरथ जोशी के नेतृत्व में टीम गठित कर मौके पर दबिश दी गई। घेराबंदी कर कार्यवाही करने पर 04 आरोपियों को रंगे हाथों ऑनलाइन सट्टा संचालित करते पकड़ा गया।आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 146/2026 धारा 7, 8 छत्तीसगढ़ जुआ अधिनियम, 66(ष्ठ) आईटी एक्ट एवं 111(2), 111(4) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। तत्पश्चात आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। गिरफ्तार आरोपीयो में अमन कुमार राय पिता अजय राय,उम्र 25 वर्ष, निवासी मरोदा सेक्टर भिलाई थाना नेवई जिला दुर्ग एम.संदीप पिता एम. शंकर, उम्र 26 वर्ष, निवासी मरोवा थाना नेवई जिला दुर्ग.ओशिन बाघमारे पिता प्रवीण उम्र 25 वर्ष, निवासी सेक्टर-8 भिलाई जिला दुर्ग..सौरभ सिंह, पिता अजय सिंह, उम्र 24 वर्ष, निवासी हाउसिंग बोर्ड, भिलाई थाना जामुल जिला दुर्ग शामिल है। ऑनलाइन सट्टा संचालित करने वालो को पकड़ने में

पुलिस टीम उपनिरीक्षक मनोरथ जोशी सहायक उपनिरीक्षक सोमेंद्र सिंह आरक्षक ईश्वर साहू, रामप्रसाद साहू शैलेन्द्र चतुर्वेदी सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक यशवंत सिंह श्याम प्रधान आरक्षक सचिन शोरी, पर्वत पोया आरक्षक प्रणय यादव की अहम भूमिका निभाई है।

सांसद फुलो देवी नेताम ने 'स्व-गणना' कर पेश की मिसाल

डिजिटल इंडिया की ओर बढ़ते कदम

■ **नागरिकों से की आगे आने की अपील**

फरसगांव/बड़ेराजपुर। भारत की जनगणना 2026 के प्रथम चरण का आगाज़ हो चुका है। इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में आधुनिक तकनीक का समावेश करते हुए इस बार 'स्व-गणना' की विशेष सुविधा दी गई है। इसी क्रम में नगर पंचायत फरसगांव निवासी एवं राज्यसभा सांसद श्रीमती फुलो देवी नेताम ने एक जिम्मेदार नागरिक का परिचय देते हुए स्वयं डिजिटल माध्यम से अपने परिवार की जनगणना पूर्ण की।

तकनीक से समय की बचत और सटीक आंकड़े-सांसद फुलो देवी नेताम ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जनगणना में स्व-गणना की सुविधा एक अभिनव और क्रांतिकारी पहल है। उन्होंने बताया कि स्वयं जानकारी भरने से आंकड़ों में त्रुटि की संभावना न्यूनतम हो जाती है और सही व सटीक जानकारी सीधे जनगणना निदेशालय तक पहुँचती है। इससे न केवल प्रगणकों के समय की बचत होगी, बल्कि जनगणना के कार्य को भी अभूतपूर्व गति मिलेगी। बता दें कि जनगणना का पहला चरण 01 मई से 30 मई तक निर्धारित है। इस दौरान प्रगणक घर-घर जाकर बुनियादी सुविधाओं और परिवार से जुड़े सवाल पूछेंगे।

नगर पालिका की लापरवाही: डिवाइडर में लगे महंगे पौधे सूखने की कगार पर

दंतेवाड़ा/बड़ेराजपुर। बचेली नगर पालिका क्षेत्र में लापरवाही का एक गंभीर मामला सामने आया है। शहर के मुख्य मार्ग पर सड़क निर्माण के दौरान बनाए गए डिवाइडरों में लगाए गए पौधे अब देखभाल के अभाव में सूखने की कगार पर पहुंच गए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पालिका द्वारा लगाए गए इन पौधों को नियमित रूप से पानी नहीं दिया जा रहा है। भीषण गर्मी के चलते पौधों की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। कई पौधे पूरी

तरह सूख चुके हैं, जबकि बाकी मुरझाने लगे हैं। जानकारी के अनुसार, इन पौधों की कीमत लगभग 1000 से 1500 रुपये प्रति पौधा बताई जा रही है, जिन्हें सरकारी खर्च से लगाया गया था। इसके बावजूद उनकी देखभाल में लापरवाही पर सवाल खड़े हो रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि पौधारोपण केवल औपचारिकता बनकर रह गया है, जबकि संरक्षण पर ध्यान नहीं दिया जा रहा।

इस पूरे मामले को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। उनका कहना है कि यदि समय रहते पौधों को पानी और देखभाल नहीं मिली, तो न सिर्फ सरकारी धन की बर्बादी होगी बल्कि पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचेगा।वहीं, इस संबंध में नगर पालिका के सीएमओ का कहना है कि पौधों को नियमित रूप से पानी दिया जा रहा है।

226वीं बटालियन मुख्यालय कैंप में नव-निर्मित सड़क और मेस का लोकार्पण

■ **आंतरिक अवसंरचना सुदृढ़ीकरण से बढ़ेगी परिचालनिक क्षमता**

जगदलपुर/सुकमा(नवप्रदेश)। 30 अप्रैल 2026 को 226वीं बटालियन मुख्यालय कैंप में नव-निर्मित आंतरिक सड़क एवं नव-निर्मित अन्य रैंक मेस का लोकार्पण किया गया। यह लोकार्पण सुकमा रेंज (ऑप्स) के डीआईजी आनंद सिंह राजपुरोहित द्वारा 226वीं बटालियन के कमांडेंट एचपी सिंह

की उपस्थिति में संपन्न हुआ। यह पहल कैंप में परिचालनिक अवसंरचना को मजबूत करने तथा जवानों के कल्याण को प्राथमिकता देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

कैंप परिसर में बैरकों,कार्यालयों,मोटर परिवहन इकाई,मेस एवं परिधि क्षेत्र के साथ विकसित की गई यह रणनीतिक सड़क विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में आवागमन, समन्वय और परिचालनिक तत्परता को बेहतर बनाएगी। अधिकारियों के अनुसार यह सुविधा न केवल संचालन में गति लाएगी, बल्कि आपात परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने में भी सहायक सिद्ध होगी।इसी अवसर पर अन्य रैंक मेस के नवीनीकरण को भी जवानों के जीवन स्तर में सुधार का प्रतीक बताया गया।

31 लाख रुपए से ज्यादा की गुम संपत्ति नागरिकों को वापस लौटाई

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक गौरव राय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राम कुमार वर्मन एवं सायबर सेल नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक ठाकुर गौरव सिंह के मार्गदर्शन में जिले में चलाये जा रहे गुम मोबाईल तलाश अभियान के तहत 1 मई को कुल 141 मोबाईल जिनका अनुमानित कीमत लगभग 31,00,000 रूपये नागरिकों को वापस लौटाई गई। दन्तेवाड़ा पुलिस के द्वारा आमजन को उनके गुम हुये

मोबाईल को सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से तलाश कर ''इया आपलो सामान निया'' कार्यक्रम के द्वारा वापस किया गया। दन्तेवाड़ा पुलिस के द्वारा आम नागरिकों की सुगमता के लिए सायबर हेल्पलाईन नम्बर 9479151665 जारी किया गया है ।

कोपरा के बैशाख मेले में उमड़ा जनसैलाब

देवी-देवताओं के मिलन के साक्षी बने हजारों श्रद्धालु

फरसगांव/बड़ेराजपुर। खरीफ सीजन की आहट के साथ ही बस्तर अंचल के ग्रामीण क्षेत्रों में लोक संस्कृति और आस्था के प्रतीक मेला-मड़ई का उल्लास परवान चढ़ने लगा है। इसी कड़ी में विकासखण्ड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत कोपरा में गुरुवार, 30 अप्रैल को पारंपरिक 'बैशाख मेला' पूरी भव्यता और धार्मिक श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ।

अमूमन मई माह में आयोजित होने वाला यह विशाल मेला इस वर्ष अप्रैल के अंतिम दिन आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अटूट जन-आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। कोपरा का यह आयोजन अपने आप में विशिष्ट है, क्योंकि यहाँ वर्ष में दो बार मेले भरने की परंपरा है; जहाँ फरवरी माह में 'फूल बाजार' के रूप में लघु मेला लगता है, वहीं बैशाख मेले को मुख्य और वृहद आयोजन माना जाता है।

इस बार मेले की रौनक देखते ही बनती थी, जहाँ 12 पाली के देवी-देवताओं के आगमन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कोपरा सहित मुण्डापारा, नौकाबेड़ा, छिंदली, कुल्दाडिही और हरवेल जैसे छह प्रमुख गांवों के देवी-देवताओं का पारंपरिक मिलन इस उत्सव का मुख्य आकर्षण रहा। गाजे-बाजे और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की गूंज के बीच जब देवी-देवताओं के विग्रहों ने मेला परिसर का भ्रमण किया, तो हजारों की संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने शीश नवाकर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर के पुजारियों, गायता और पटेलों द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली के लिए मन्नतें मांगी गईं।

बार-बार बिजली कट से क्षेत्रवासी परेशान लो वोल्टेज की समस्या आज भी बरकरार

मेंटेनेंस के नाम घंटो बंद के बाद भी विद्युत व्यवस्था में नहीं हो रहा सुधार

अंतागढ़/नवप्रदेश। मेंटेनेंस के नाम पर साल में कई बार बिजली घंटो गुल कर के बाद भी विद्युत व्यवस्था बदहाल है ।लोगो को हमेशा ही उम्मीद बंधी रहती है मेंटेनेंस के बाद शायद कुछ सुधार आए पर लोगो की उम्मीद पर हमेशा ही पानी फिर जाता है। बस मेंटेनेंस नाम पर खाना पूर्ति की जाती है समस्याओं में सुधार नहीं किया जाता आज भी क्षेत्र में बिजली का कट हो जाना ये आम बात है रही सही कसर लो वोल्टेज पूरी कर देता है बिजली रहे या न रहे लोग परेशान होते रहेंगे । वही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि इस समस्या का समाधान करने के बजाय चुप्पी साधे हुए , इस चुप्पी

से लोगो में उबाल आ रहा है ।

अप्रैल महीने के शुरुआती सप्ताह से ही भीषण गर्मी पड़ रही है। ऐसे मौसम में बिजली की खपत बढ़प जाने के कारण इसकी आपूर्ति पर भी जबरदस्त प्रभाव पड़ रहा है। सुबह से लेकर पूरे दिन बिजली की आंख-मिचौली चल रही है। शाम होने के बाद फिर रह रहकर बिजली कट रही है। यहां तक कि रात में भी बिजली कटौती हो रही है। जनपद मुख्यालय हो, अन्य शहरी क्षेत्र अथवा ग्रामीण, हर जगह के लोग बिजली कट से परेशान हैं। पूरे दिन कुछ समय के अंतराल पर रह रहकर बिजली कटती रहती है । तो कभी कभी तो बिजली ऐसी कटती कि घंटों कि तक आपूर्ति बहाल नहीं होती

क्षेत्र में कई जगहों पर सालों पुराने और कम क्षमता के ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं जो लोड बढ़ने से जवाब दे रहे और आए दिन खराब होते रहते हैं. जिसका खामियाजा क्षेत्र वासी भुगत रहे है वही बात की जाय अंतागढ़ विद्युत व्यवस्था की तो। हल्की हवा पानी चलने से ही बिजली विभाग कई घंटों तक इलाकों में बिजली गुल कर दिया जाता है।

लो वोल्टेज से क्षेत्र वासी त्रस्त

क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या लगातार बनी हुई कई मेंटेनेंस के बाद भी लो वोल्टेज की समस्या बरकरार है लो वोल्टेज के चलते लोग गर्मी में हलाकान हो रहे है, क्षेत्र में लो वोल्टेज की वजह से पंखे, कूलर नहीं चल रहे हैं. और चल भी रहे है तो कम स्पीड में जिससे हवा तक नहीं मिल पा रही है ऐसे में लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है. और लोग परेशान हो रहे है लोगों का कहना है कि कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों को शिकायत करने के बावजूद भी इस समस्या का समाधान नहीं हो रहा है ,जिस वजह से भीषण गर्मी में लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है

जनप्रतिनिधियों की बेरुखी से बढ़ी नाराजगी - स्थानीय नागरिकों में इस बात को लेकर भारी नाराजगी है कि क्षेत्र में सांसद और विधायक जैसे बड़े जनप्रतिनिधियों के होने के बावजूद बुनियादी समस्याओं की अनदेखी हो रही है। लोगों का कहना है कि इस समस्या सभी अवगत है फिर भी इसका समाधान क्यों नहीं किया जा रहा है लोगो की समस्या कोई सरोकार नहीं है ।

नए सब-स्टेशन की मांग

क्षेत्रवासियों ने अब शासन से पुरजोर मांग की है कि अंतागढ़ की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए तत्काल एक अधिक क्षमता वाले विद्युत सब-स्टेशन का निर्माण कराया जाए। साथ ही, पुराने ट्रांसफार्मरों को बदलकर आधुनिक प्रणाली स्थापित की जाए ताकि बरसों के इस संकट से राहत मिल सके।

नीट-यूजी 2026 निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा आयोजन के लिए कलेक्टर ने ली बैठक

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में आगामी 3 मई 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2026 के सफल, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टोरेट कार्यालय के सभा कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

उन्होंने सुरक्षा से लेकर मूलभूत सुविधाओं तक परीक्षा को पूरी तरह पारदर्शी, सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं केंद्राध्यक्ष को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने एनटीए के निर्देशों का पालन करते हुए संवेदनशील मामलों में विशेष ध्यान रखते हुए सफलतापूर्वक परीक्षा संपन्न करने के निर्देश दिए। अम्बिकापुर में 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, 4939 परीक्षार्थी शामिल होंगे। उन्होंने परीक्षा सामग्री को पूरी सावधानी एवं सतर्कता के साथ परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा बल के साथ समय पर पहुंचने के निर्देश दिए। परीक्षा दोपहर 2:00 बजे से 5:00 बजे तक आयोजित होगी। कलेक्टर वसंत ने सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की मेटल डिटेक्टर से गहन जांच (फ्रिस्किंग) एवं वीडियोग्राफी सुनिश्चित की जाए। सीसीटीवी निगरानी परीक्षा के दौरान सभी कक्षों में सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी रखी जाएगी, उन्होंने व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। परीक्षार्थियों के लिए मूलभूत सुविधाओं में पेयजल, स्वच्छ शौचालय एवं बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ निर्बाध बिजली आपूर्ति परीक्षा के दौरान बिजली आपूर्ति में

कोई व्यवधान न हो, इसके लिए संबंधित विभागों को विशेष निर्देशित किया गया है। NEET UG 2026 परीक्षा 3 मई 2026 को दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा केंद्रों के गेट सुबह 11:00 बजे खोल दिए जाएंगे, जहां से अभ्यर्थियों की सघन तलाशी शुरू होगी। धार्मिक या पारंपरिक पोशाक पहनने वाले उम्मीदवारों को 12:30 बजे तक अनिवार्य रूप से रिपोर्ट करना होगा। सभी अभ्यर्थियों को 1:15 बजे तक अपनी निर्धारित सीट पर बैठ जाना होगा, जबकि 1:30 बजे के बाद किसी भी स्थिति में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। 1:30 से 1:45 बजे तक निरीक्षक द्वारा आवश्यक निर्देश एवं एडमिट कार्ड की जांच की जाएगी, 1:45 बजे प्रश्न पत्र वितरित होगा, 1:50 बजे विवरण भरवाया जाएगा और ठीक 2:00 बजे परीक्षा प्रारंभ होगी।परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को ह्श्वश्वञ्ज 2026 एडमिट कार्ड का स्पष्ट कलर प्रिंटआउट, पासपोर्ट साइज फोटो, पोस्टकार्ड साइज फोटो (प्रोफॉर्मा पर चिपकी हुई) तथा मूल पहचान पत्र अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा, जिसमें आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी या ड्राइविंग लाइसेंस अन्यथा प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षा में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए अभ्यर्थियों को हल्के रंग के और आधी बाजू वाले साधारण कपड़े पहनने होंगे। बड़े बटन, कढ़ाई, जिप या अधिक जेब वाले कपड़े प्रतिबंधित रहेंगे। जूते पहनना पूरी तरह वर्जित रहेगा, केवल साधारण चप्पल या कम ऊंचाई वाली सैंडल की अनुमति होगी। किसी भी प्रकार के धातु आभूषण जैसे अंगूठी, चेन या बाली पहनने की अनुमति नहीं होगी।

न्यूज गैलरी

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

मनेन्द्रगढ/नवप्रदेश। सिटी कोतवाली पुलिस ने महिला एवं बाल अपराधों के प्रति अपनी संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को महज 24 घंटे के भीतर सलाखों के पीछे पहुँचा दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थी ने सिटी कोतवाली मनेन्द्रगढ़ में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री के साथ आरोपी द्वारा लंबे समय से अनुचित व्यवहार और दैहिक शोषण किया जा रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल अपराध पंजीबद्ध किया। आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(2)(एम) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 4 एवं 6 के तहत कड़ा मामला दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बिना समय गँवाए पीड़िता के कथन दर्ज किए और आवश्यक चिकित्सकीय परीक्षण की प्रक्रिया पूरी की। साक्ष्य प्रमाणित होने के बाद पुलिस ने आरोपी मो. आयान (23 वर्ष), निवासी मौहारपारा, मनेन्द्रगढ़ को चिन्हित किया और घेराबंदी कर 29 अप्रैल को उसे विधिवत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहाँ से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही जारी है और पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इस प्रभावी कार्यवाही में निरीक्षक विवेक पाटले के साथ उपनिरीक्षक जया लक्ष्मी, प्रधान आरक्षक सुनील रजक, महिला आरक्षक उषा रजवाड़े और आरक्षक परमित ने उत्कृष्ट भूमिका निभाई। मनेन्द्रगढ़ पुलिस की इस मुस्तैदी ने अपराधियों के बीच कड़ा संदेश दिया है कि गंभीर अपराधों में संलिप्त लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

सरगुजा के दो बास्केटबॉल खिलाड़ियों का छत्तीसगढ़ राज्य टीम में चयन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ से दो खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ राज्य टीम में हुआ है। चयनित खिलाड़ियों में ईलिस्बा तिर्की और अनामिका चौबे शामिल हैं, जो आगामी ऑल इंडिया ओपन बास्केटबॉल टूर्नामेंट 2026 बनारस में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह टूर्नामेंट देशभर के श्रेष्ठ खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान करता है, जिसमें सरगुजा के खिलाड़ियों को मौका मिलना जिले के खेल विकास के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सरगुजा के खिलाड़ियों का ऑल इंडिया स्तर पर चयन होना बेहद गर्व की बात है। यह उनकी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। आने वाले समय में यहां के खिलाड़ी और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि सरगुजा क्षेत्र के खिलाड़ी अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बना रहे हैं, जो क्षेत्र में खेलों के बढ़ते स्तर को दर्शाता है। इस अवसर पर दोनों खिलाड़ियों को सरगुजा जिला बास्केटबॉल परिवार के सभी पदाधिकारी व खिलाड़ियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

नायकों को मिलेगा सम्मान: पद्म पुरस्कार 2027 नामांकन प्रक्रिया शुरू

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। भारत सरकार द्वारा गणतंत्र दिवस वर्ष 2027 के अवसर पर प्रदान किए जाने वाले पद्म पुरस्कार (पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्म श्री) के लिए नामांकन प्रक्रिया 15 मार्च 2026 से आधिकारिक पोर्टल पर प्रारंभ हो चुकी है। इच्छुक व्यक्तियों के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2027 निर्धारित की गई है।कार्यालय आयुक्त, सरगुजा संभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इन प्रतिष्ठित पुरस्कारों के माध्यम से देश के सुदूर वनांचल, ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में कार्यरत ऐसे गुमनाम नायकों को पहचान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है, जो समाज सेवा, कला, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग जैसे विविध क्षेत्रों में निस्वार्थ भाव से उत्कृष्ट योगदान दे रहे हैं।संभाग के सभी जिलों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में ऐसे वास्तविक एवं प्रेरणादायी व्यक्तित्वों की पहचान कर उनका नामांकन सुनिश्चित करें। साथ ही, नामांकन के साथ संलग्न किए जाने वाले विवरण को स्पष्ट, तथ्यात्मक एवं प्रभावशाली बनाए जाने पर विशेष जोर दिया गया है। आयुक्त सरगुजा संभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने आसपास के ऐसे समाजसेवियों एवं प्रतिभाशाली व्यक्तियों को पद्म पुरस्कार हेतु आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित करें।

रोपणियों में फलबहार के नीलामी निविदा प्रस्तुत करने तिथि निर्धारित

बलरामपुर/नवप्रदेश। सहायक संचालक उद्यानिकी ने जानकारी दी है कि जिले के अंतर्गत शासकीय उद्यान रोपणियों ओबरी, डुमरखी, पुरानडीह, कैलाशपुर, बघिमा, भगवतपुर तथा नटवरनगर में वर्ष 2026-27 में फलबहार नीलामी किया जाना है। जिसके अंतर्गत शासकीय रोपणी ओबरी एवं डूमरखी के लिए निविदा प्रस्तुत करने की तिथि 7 मई दोपहर 1 बजे तक निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार रोपणी नटवरनगर के लिए निविदा प्रस्तुत करने की तिथि 4 मई, कैलाशपुर के लिए 11 मई, पुरानडीह के लिए 12 मई, भगवतपुर के लिए 15 मई तथा बघिमा के लिए 18 मई दोपहर 1 बजे तक निर्धारित की गई है।

खाद्य सुरक्षा पर बड़ी कार्रवाई एक्सपायरी सामग्री जब्त

1.08 लाख रुपये का वसूला जुर्माना

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अजित बसंत के निर्देशानुसार संभाग मुख्यालय में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु संयुक्त टीम द्वारा सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य विभाग के नोडल अधिकारी नितेश मिश्रा के नेतृत्व में तहसीलदार एवं नगर निगम की टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों में आकस्मिक निरीक्षण कर कार्रवाई की गई।

जांच के दौरान नया बस स्टैंड स्थित शिवम् डेली नीड्स (प्रोप्राइटर रमेश गुप्ता) में एक्सपायरी खाद्य सामग्री विक्रय किए जाने की शिकायत सही पाई गई। मौके पर लगभग 2.50 लाख रुपये मूल्य की एक्सपायरी सामग्री बरामद हुई, जिसे तत्काल नष्ट कराया गया। संबंधित प्रतिष्ठान पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया तथा प्रकरण दर्ज कर विक्रय पर रोक लगाई गई।इसके पश्चात टीम द्वारा पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में भी निरीक्षण किया गया, जहां महामाया भोजनालय में गंदगी पाए जाने पर 10 हजार रुपये, शिवम स्वीट्स में 5 हजार रुपये, मंगली भोजनालय में 5 हजार रुपये, शिवम् भोजनालय में 3 हजार रुपये, सुदामा होटल में 10 हजार रुपये तथा मिश्रा स्वीट्स (गुदरी) में 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।प्रतापपुर चौक स्थित रुचिवन में शाकाहारी एवं मांसाहारी खाद्य पदार्थ एक साथ पाए जाने पर 20 हजार रुपये का जुर्माना किया गया। पूरी कार्रवाई के दौरान कुल 1 लाख 8 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। साथ ही रुचिवन एवं शिवम् डेली नीड्स के लाइसेंस निलंबन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जिला प्रशासन ने खाद्य व्यवसाय संचालकों को साफ-सफाई एवं खाद्य गुणवत्ता के मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं तथा आमजन से भी संदिग्ध खाद्य सामग्री की जानकारी प्रशासन को देने की अपील की है।

15 दिवसीय सघन जांच अभियान, 13 दवा दुकानों की जांच, 2 पर कार्रवाई

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य एवं औषधि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन, नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन तथा कलेक्टर, अंबिकापुर के निर्देशानुसार जिले में 27 अप्रैल 2026 से 11 मई 2026 तक 15 दिवसीय सघन जांच अभियान संचालित किया जा रहा है। यह अभियान ष्सही दवा शुद्ध आहार, यही छत्तीसगढ़ का आधारष् थीम पर आधारित है।

अभियान के प्रथम चरण के तृतीय दिवस, 29 अप्रैल 2026 को जिले में कुल 13 थोक एवं फुटकर औषधि प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान औषधियों एवं प्रसाधन सामग्री के भंडारण, रख-रखाव, सीसीटीवी व्यवस्था तथा क्रय-विक्रय से संबंधित दस्तावेजों की गहन जांच की गई। साथ ही, दवाओं को निर्धारित तापमान पर सुरक्षित रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। जांच के दौरान 02 औषधि प्रतिष्ठानों में अनियमितताएं पाए जाने पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गई है। निरीक्षण टीम द्वारा सभी औषधि विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि वे केवल अधिकृत दवा कंपनियों के डिपो से ही दवाओं की खरीदी सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त, थोक दवा विक्रेताओं को प्रतिमाह नारकोटिक एवं अन्य राज्यों से खरीदी गई दवाओं के क्रय-विक्रय का रिकॉर्ड प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि जिले में दवा आपूर्ति की प्रभावी निगरानी की जा सके।

पेट्रोल, डीजल के अवैध बिक्री पर प्रशासन की सख्ती

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिले में पेट्रोल की आपूर्ति को लेकर प्रशासन द्वारा पेट्रोल पंपों की स्थिति की निगरानी तेज कर दी गई है। इस संबंध में खाद्य विभाग, पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग के द्वारा लगातार निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है।जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि पेट्रोल की आपूर्ति में आई अस्थायी बाधा को दूर करने के लिए संबंधित तेल कंपनियों से समन्वय स्थापित किया गया है और जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही सभी पंप संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित दर पर ही पेट्रोल की बिक्री करें और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल की कालाबाजारी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि बोतलों में अवैध रूप से पेट्रोल बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि ईंधन की आपूर्ति व्यवस्था पर सतत निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या अवैध बिक्री की सूचना तत्काल प्रशासन को दें, ताकि सख्त कार्रवाई की जा सके। संभावित आपूर्ति व्यवधानों की आशंकाओं के दृष्टिगत इसके लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है ईंधन आपूर्ति से संबंधित किसी भी समस्या, शिकायत या जानकारी के लिए जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष नंबर 92026-08795 पर संपर्क कर सकते हैं।

प्रियंका वन विभाग के साथ मिलकर थामी विलुप्त होती पक्षियों की डोर

मनेन्द्रगढ़/एमसीबी/नवप्रदेश। गौरैया वह नन्हीं सी चिड़िया जो कभी हमारे घर के आंगन, रोशनदान और बरामदों की शान हुआ करती थी, आज आधुनिकता की दौड़ और कांक्रीट के जंगलों में कहीं खो गई है।' यह बात हम अक्सर चर्चाओं में सुनते हैं, लेकिन इस लुप्त होती चहचहाहट को वापस लाने के लिए प्रकृति प्रेमी प्रियंका विश्वकर्मा ने एक मज़बूत बीड़ा उठाया है। वन विभाग के साथ संयुक्त प्रयास करते हुए प्रियंका विश्वकर्मा गौरैया चिड़िया के संरक्षण और संवर्धन के लिए ज़मीनी स्तर पर कार्य कर रही हैं। उनका यह जुनून आज कई घरों के सूने पड़े आंगनों में नई उम्मीद जगा रहा है। प्रियंका का मानना है कि गौरैया को बचाने के लिए केवल बातें नहीं, बल्कि उन्हें सुरक्षित आशियाना देना ज़रूरी है। इसी उद्देश्य के साथ

वे जगह-जगह कृत्रिम घोंसले लगवा रही हैं। अब तक वे 300 घोंसले लगा चुकी हैं और उन्होंने 1000 घोंसले लगाने का विशाल लक्ष्य निर्धारित किया है। उनकी इस मुहिम का असर यह है कि अब आम जनमानस भी उनसे प्रेरणा लेकर अपने घरों में घोंसले लगवा रहे हैं।

पशु-पक्षियों की मूक भाषा को समझने की अपील

प्रियंका केवल गौरैया ही नहीं, बल्कि बेजुबान पशुओं के लिए भी उतनी ही संवेदनशील हैं। वे गौ माता और अन्य जानवरों के लिए जगह-जगह पानी की व्यवस्था कर रही हैं। उन्होंने समाज से भावुक अपील करते हुए कहा हमारे आसपास के पशु-पक्षी हमसे बहुत कुछ कहते हैं, बस हमें उन्हें सुनने की ज़रूरत है। उन्हें भूख लगती है, प्यास लगती है और धूप से बचने के लिए एक सुरक्षित ठिकाने की तलाश रहती है। आइए, हम सब मिलकर उनके लिए दाना-पानी और आशियाने की व्यवस्था करें। प्रियंका बताती हैं कि पशु-पक्षी प्रेम उन्हें विरासत में मिला है।

अनोखी सालगिरह: ब्लड बैंक पहुंचे 17 परिवारजन, एक साथ रक्तदान का

मनेन्द्रगढ़/एमसीबी/नवप्रदेश। व्यवसायी अमर चंद जैन पत्नी प्रेम लता जैन की 57वीं विवाह वर्षगाँठ पर उनके परिवार ने मानवता की एक ऐसी मिसाल पेश की है, जो आज के आधुनिक और दिखावे वाले दौर में विरली ही देखने को मिलती है। जहाँ आज के समय में लोग अपनी खुशियों के जश्न में लाखों रुपये पानी की तरह बहा देते हैं, वहीं इस जैन परिवार ने फिजूलखर्ची से दूरी बनाकर रक्तदान के माध्यम से सेवा का संकल्प लिया। इस पावन अवसर पर परिवार के 17 सदस्यों ने एक साथ रक्तदान कर न केवल इस दिन को यादगार बनाया,

बल्कि समाज को एकता और सेवा का एक सशक्त संदेश भी दिया। संस्कारों की यह खूबसूरत झलक तब देखने को मिली जब परिवार की तीन पीढ़ियों ने इस पुनीत कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। अमर चंद जैन के बेटे पंकज, प्रवीण, प्रदीप और उनकी पत्नियों प्रवीणा, कविता व ललिता ने अपनी जिम्मेदारी निभाई, तो वहीं पोते कुशाग्र, निपुण, अक्षय और पोतियों हर्षिता, हितैषी, प्रार्थना व दृष्टि ने भी पूरे उत्साह के साथ रक्तदान किया। सेवा का यह जज्बा सीमाओं से परे रहा; बड़ी बहू और बड़ी पोती-पोते ने जयपुर में, तो बेटी आरती और दामाद अजीत बैद ने चंडीगढ़ में रहकर इस मुहिम में हिस्सा लिया। इस अनुकरणीय पहल के पीछे चेंबर ऑफ कॉमर्स की वह प्रेरणा रही, जिसमें सदस्यों ने जन्मदिन और सालगिरह जैसे विशेष मौकों पर रक्तदान करने का निर्णय लिया था। मनेन्द्रगढ़ के केंद्रीय चिकित्सालय के ब्लड बैंक में एकत्रित होकर जब परिवार ने केक काटा और रक्तदान किया, तो बुजुर्ग दंपत्ति अमर चंद और प्रेम लता जैन की आँखें गर्व से नम हो गईं। उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि उनके बच्चों और पौत्र-पौत्रियों में सेवा के ये संस्कार ही उनकी असल पूंजी है। समाज को फिजूलखर्ची रोकने और रक्तदान के प्रति जागरूक करने वाला यह कदम मनेन्द्रगढ़ के इतिहास में एक प्रेरणादायी रिकॉर्ड के रूप में दर्ज हो गया है।

ग्रामीण उपभोक्ता को 28.06 करोड़ रुपए से अधिक की मिली छूट

अम्बिकापुर। प्रदेश सरकार की जनहितैषी प्राथमिकताओं के चलते श्मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजनाश् आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बड़ी राहत लेकर आई है। सरगुजा जिले के ग्राम पंचायत थोर के शांतिपारा निवासी नरेश के लिए यह योजना किसी बड़े संबल से कम साबित नहीं हुई, जिनका 47 हजार रुपये से अधिक का बिजली बिल बकाया था। हितग्राही नरेश ने बताया कि लंबे समय से बिजली बिल जमा न हो पाने के कारण उन पर लगभग 47,854 रुपये का भारी-भरकम बोझ आ गया था।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, मुंगेली (छ.ग.)

Email- eemun-phe-cg@nic.in phone- 07755-205475

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा क्र. 04/ले.शा./ का.अभि./ लो.स्वा.या. खण्ड / 2026-27 मुंगेली, दिनांक 27.04.2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा क्र 04 विकासखण्ड लोरमी के ग्राम पथर्रा में विभिन्न कार्य के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है।

स. क्र.	विवरण	कुल अनुमानित लागत (रू. लाख में)	धरोहर की राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने अवधि वर्षा ऋतु सहित	ठेकेदार की श्रेणी	निविदा की वैद्यता अवधि
1	विकासखण्ड लोरमी के ग्राम पथर्रा में बोड़तरा -पथर्रा-राम्हेपुर-डिंडौरी मुख्य मार्ग चौड़ीकरण के कारण पाईप लाईन विस्थापन एवं 25 नग एफ.एच.टी.सी. लघु निर्माण एवं अन्य लघु निर्माण कार्य के अंतर्गत (डिपाजित मद) में प्राप्त राशि से पाईप लाईन बिछाने जोड़ने एवं अन्य समस्त सिविल कार्य । (संलग्न शेड्यूल अनुसार) 1. 90 mm dia 6kg UPVC Pipe - 1300 Mtr. 2. 110 mm dia 6kg UPVC Pipe - 400 Mtr. 4. FHTC - 50 Nos	14.74	11100.00	750.00	03 माह	D & Above	04 माह निविदा दर प्राप्त होने की निर्धारित तिथि से

निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी जैसे-पात्रता की शर्तें, मापदण्ड, प्राक्कलन इत्यादि अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन समय में देखे जा सकते है। निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 19/05/2026 सायं 5:30 बजे तक है।

कार्यपालन अभियंता
लो.स्वा.यां. खण्ड, मुंगेली (छ.ग.)

जी- 262700482/3

शराबी सहायक शिक्षक निलंबित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिला शिक्षा अधिकारी, डॉ दिनेश कुमार झा द्वारा विकासखंड बतौली के सहायक शिक्षक भोलेन्द्र पैंकरा को गंभीर अनुशासनहीनता के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पैंकरा, सहायक शिक्षक एल.बी. (संवर्ग 'ई'), प्राथमिक शाला खालपारा (बिलासपुर), की ड्यूटी जनगणना कार्य में लगाई गई थी। दिनांक 29 अप्रैल 2026 को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बतौली में आयोजित जनगणना 2027 उन्मुखीकरण समीक्षा बैठक में वे कथित रूप से शराब के नशे की स्थिति में उपस्थित हुए तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सीतापुर एवं अन्य अधिकारियों से अनुचित व्यवहार किया। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के निर्देश पर उनका सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बतौली में चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया, जिसमें चिकित्सक द्वारा उनके मुंह से शराब जैसी गंध आने की पुष्टि की गई। साथ ही तहसीलदार बतौली द्वारा भी बैठक में उनके नशे की स्थिति में उपस्थित होने एवं अशिष्ट आचरण की पुष्टि की गई।

न्यायालय, तहसीलदार (नजूल) सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)

रा.प्र.क्र..............................
ग्राम/नगर-सक्ती, तहसील-सक्ती

// ईश्तहार //

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री किशोरकुमार पिता भूनेश्वर गौरीशंकर पिता नारायण कसेर निलेन्द्री पति नारायण कसेर निवासी वार्ड नंबर 02 कसेरपारा सक्ती जिला सक्ती (छ0ग0) का है। नगर नजूल सक्ती के नजूल शीट क्रमांक 16-ए.बी.सी. के भू-खण्ड क्रमांक 54 क्षेत्रफल 1604 वर्ग फिट जो किशोरकुमार पिता भूनेश्वर गौरीशंकर पिता नारायण कसेर निलेन्द्री पति नारायण कसेर के नाम पर दर्ज है। उक्त भू-खण्ड के खातेदार आपस में आपसी बटवारा कर अपने अपने हिस्से में मकान बना कर काबिज है। आवेदक गण कब्जा कास्त अनुसार नजूल अभिलेख में खाता विभाजन कर अभिलेख दुस्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। नजूल अभिलेख की प्रतिलिपि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है। नजूल अभिलेख की प्रतिलिपि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका छ0ग0 भू-राजस्व संहिता की धारा 109, 110 के तहत आवेदक का नाम दर्ज करने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

आवेदित भूमि नजूल शीट क्रमांक 16-ए.बी.सी. के भू-खण्ड क्रमांक 54 क्षेत्रफल 1604 वर्ग फिट का खाता विभाजन कर किशोरकुमार पिता भूनेश्वर एवं गौरीशंकर पिता नारायण कसेर निलेन्द्री पति नारायण कसेर का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है। इस विषय में जिस किसी को दावा आपत्ति हो तो वह निर्धारित पेशी दिनांक 06/05/2026 तक स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पत्र प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि पश्चात् पेश दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

शीट क्र.	भू-खण्ड क्रमांक	क्षेत्रफल
16-ए.बी.सी.	54	1604 वर्ग फिट

मुहर
तहसीलदार (नजूल)
सक्ती

न्यायालय, तहसीलदार (नजूल) सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)

रा.प्र.क्र..............................
ग्राम/नगर-सक्ती, तहसील-सक्ती

// ईश्तहार //

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सत्यनारायण सनातन पिता बैरागी कसेर निवासी वार्ड नंबर 02 कसेरपारा सक्ती जिला सक्ती (छ0ग0) का है। नगर नजूल सक्ती के नजूल शीट क्रमांक 11-बी. के भू-खण्ड क्रमांक 1/1 क्षेत्रफल 2745 वर्ग फिट जो सत्यनारायण सनातन पिता बैरागी कसेर फुलबाई पति बैरागी कसेर के नाम पर दर्ज है। उक्त भू-खण्ड के खातेदार फुलबाई की मृत्यु दिनांक 12.05.2011 को हो गया है। आवेदक गण मृतक का नाम विलोपित कर आवेदक गण का नाम नजूल अभिलेख में यथावत दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति एवं नजूल अभिलेख की प्रतिलिपि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र एवं नजूल अभिलेख की प्रतिलिपि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका छ0ग0 भू-राजस्व संहिता की धारा 109, 110 के तहत आवेदक का नाम दर्ज करने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

आवेदित भूमि नजूल शीट क्रमांक 11-बी. के भू-खण्ड क्रमांक 1/1 क्षेत्रफल 2745 वर्ग फिट पर आवेदक सत्यनारायण सनातन पिता बैरागी कसेर का नाम यथावत दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है। इस विषय में जिस किसी को दावा आपत्ति हो तो वह निर्धारित पेशी दिनांक 06/05/2026 तक स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पत्र प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि पश्चात् पेश दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

शीट क्र.	भू-खण्ड क्रमांक	क्षेत्रफल
11-बी.	1/1	2745 वर्ग फिट

मुहर
तहसीलदार (नजूल)
सक्ती

मुंगेली जिले ने 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में सर्वोच्च स्थान बनाया

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में मुंगेली जिले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। जिले के मेधावी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। कक्षा 10वीं के परिणाम में लोरमी के छात्र अंशुल शर्मा ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। वहीं जिला मुख्यालय के विवेकानंद वार्ड की छात्रा नंदिता देवांगन ने 98.83 प्रतिशत, चकरभाठा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कुमारी हेमा ने 97.83 प्रतिशत और लोरमी के चैतूराम साहू ने कक्षा 12वीं में 96.80 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले का मान बढ़ाया।

जिला कलेक्टोरेट में कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं जिला पंचायत सीईओ ने इन सफल विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी और सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अधिकारियों ने विद्यार्थियों के परिश्रम, अनुशासन और समर्पण की सराहना करते हुए इसे जिले के लिए गर्व का क्षण बताया। कलेक्टर ने कहा कि इस वर्ष मुंगेली जिले के विद्यार्थियों ने प्रदेश के टॉप-10 में स्थान बनाकर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा संचालित ÷90 प्लस शिक्षा गुणवत्ता अभियान÷ को देते हुए कहा कि जिले के 74 स्कूलों को चिन्हित कर विशेष रूप से मोटिवेशन और गुणवत्ता सुधार पर कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि सफल विद्यार्थी आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत बनेंगे और प्रेरणा से परिवर्तन की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। भविष्य में शिक्षा में तकनीकी नवाचारों को जोड़ते हुए विद्यार्थियों को आधुनिक संसाधनों से जोड़ने के प्रयास किए जाएंगे, ताकि वे डॉक्टर, इंजीनियर और वैज्ञानिक जैसे क्षेत्रों में अपनी पहचान बना सकें। कलेक्टर ने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत 90 प्लस परीक्षा परिणाम कार्यक्रम चलाया गया, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। जिले के मेधावी विद्यार्थी अपने परिजनों के साथ जिला कलेक्टोरेट पहुंचे और अपनी सफलता साझा की। उन्होंने बताया कि शिक्षकों की नियमित समीक्षा, एबीसीडी ग्रेडिंग, इंटरनल वेरिफिकेशन और युक्तियुक्तकरण के तहत शिक्षकों की प्रभावी तैनाती जैसे कदमों से शिक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया, जिसका परिणाम आज सभी के सामने है। इस अवसर पर विद्यार्थियों के अभिभावक भी उपस्थित रहे और उन्होंने जिले में शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक बदलावों के लिए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

न्यूज गैलरी

मुंगेली के आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम

मुंगेली/नवप्रदेश। पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा का '90 प्लस' मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान अंतर्गत विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट अंक अर्जित किये है। अंग्रेजी माध्यम में कक्षा 10वी का परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत एवं कक्षा 12 वी का 95 प्रतिशत रहा। जिसमें कक्षा 10 वी से डाली साहू 92.83 प्रतिशत अंकों के साथ शाला में प्रथम, डार्विन राज 90.83 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार कक्षा 12 वीं में श्वेता लहरे 90.20 प्रतिशत के साथ प्रथम, आयुषी उपाध्याय 87.80 के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार हिन्दी माध्यम कक्षा 10वीं का परिणाम 89 प्रतिशत रहा, जिसमें प्रज्ञा कश्यप 95.33 प्रतिशत के साथ प्रथम, लक्ष्मण 92.00 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा 12वीं का परिणाम 99 प्रतिशत रहा, जिसमे प्रथम अनामिका 88.20 प्रतिशत एवं संतोषी भास्कर 87.60 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। प्राचार्य डॉ. आई.पी. यादव के कुशल प्रबंधन व शिक्षकों के मार्गदर्शन में मिली इस सफलता पर शाला परिवार ने सभी छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

छात्र-छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, पुरस्कार वितरित

मुंगेली/नवप्रदेश। सरस्वती शिशु मंदिर प्राथमिक विभाग बड़ा बजार का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत रहा। वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा 30 अप्रैल को हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ भारती माँ सरस्वती एवं ओम से समक्ष द्वीप प्रज्वल्लित कर किया गया। कार्यक्रम में वृत्त कथन एंव परीक्षा परिणाम की घोषणा प्रधानाचार्य द्वारा किया गया। कक्षाशः परीक्षा परिणाम इस प्रकार रहा। कक्षा चतुर्थ में प्रथम स्थान पर बहन रिंकी सिंह एवं पूनम सोनकर, कक्षा तृतीय में प्रथम स्थान पर भैया सौरभ देवांगन, कक्षा द्वितीय में प्रथम स्थान पर बहन आराध्या यादव एवं भैया तामेश साहू, कक्षा प्रथम में प्रथम स्थान पर बहन हर्षिता श्रीवास एवं आशी केशरवानी, कक्षा उदय में प्रथम स्थान पर बहन दर्शिका डहरिया एवं डॉली सोनकर, कक्षा अरुण में प्रथम स्थान पर बहन शताब्दी पटेल, कक्षा नर्सरी में प्रथम स्थान पर भैया मयंक सोनकर का रहा।

छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया

मुंगेली/नवप्रदेश। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेंडाराकापा में वार्षिक परीक्षा परिणाम कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्जवलित किया गया। उपस्थित अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्राचार्य कामता प्रसाद साहू के द्वारा कराया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सेवा निवृत्त व्याख्याता शा.उ.मा.वि. करही राजेन्द्र दुबे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा निवृत्त प्राचार्य शा.कन्या उ.मा.वि. मुंगेली वी.के. वैष्णव अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर एवं श्रीफल से किया गया। वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा विद्यालय के प्रधानाचार्य के द्वारा किया गया। भैया/बहनों को आशीर्वचन देते हुए मुख्य अतिथि राजेन्द्र दुबे ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर केवल पढ़ाई के क्षेत्र में नहीं संस्कारवान भी बनाता है।

'सही दवा, शुद्ध आहार' थीम पर संचालित हो रहा सघन जांच

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रदेश में नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं औषधि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ÷सही दवा, शुद्ध आहार, यही छत्तीसगढ़ का आधार÷ थीम पर 11 मई तक सघन जांच अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार औषधि विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जिले में 11 खुदरा औषधि विक्रय दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के तहत की गई।

निरीक्षण के दौरान औषधियों के क्रय-विक्रय रिकार्ड, सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई तथा सभी मेडिकल स्टोर्स संचालकों को परिसर में सीसीटीवी लगाने, औषधियों का विक्रय पंजीकृत फार्मासिस्ट की उपस्थिति में करने और शेड्यूल दवाओं को चिकित्सकीय पर्ची के आधार पर ही बेचने के निर्देश दिए गए। साथ ही गर्मी के मौसम को देखते हुए औषधियों के सुरक्षित भंडारण हेतु तापमान नियंत्रण बनाए रखने को कहा गया।

इसी क्रम में टीम द्वारा डेयरी उत्पाद विक्रेताओं दूध, दही, पनीर, लस्सी एवं छाछ बेचने वाले होटलों एवं डेयरी का भी निरीक्षण किया गया तथा जांच के दौरान 04 नमूना गुणवत्ता परीक्षण हेतु संकलित किया गया। निरीक्षण के दौरान एक हॉटल में अखबारी कागज में खाद्य सामग्री परोसते पाए जाने पर पंजीयन निलंबन की कार्रवाई के लिए पंचनामा तैयार किया गया। साथ ही दुकानों में साफ-सफाई बनाए रखने, डस्टबिन का उपयोग, कीट नियंत्रण लाइट लगाने तथा खाद्य सामग्री को ढककर रखने के निर्देश दिए गए। जिन प्रतिष्ठानों के पास खाद्य पंजीयन नहीं पाया गया, उन्हें तत्काल पंजीयन कराने कहा गया। इस दौरान आम नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थों का ही सेवन करने खरीदारी के दौरान अखबारी कागज में दिए जा रहे खाद्य पदार्थों का विरोध करने तथा अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की समझाइश दी गई।

जटिल हृदय रोग से ग्रसित बच्चे को नई जिंदगी दी

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में संचालित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु योजना) जीवनदायिनी साबित हुई है। मुंगेली विकासखंड के ग्राम सारंगपुर निवासी 03 वर्षीय अर्नव मोहले, जो जन्मजात हृदय रोग से ग्रसित था, जो चिरायु योजना के तहत टीम की तत्परता, संवेदनशीलता और शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से आज पूरी तरह स्वस्थ है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ. गिरीश कुर्रे तथा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. कमलेश कुमार के मार्गदर्शन में चिरायु टीम द्वारा स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र में अर्नव की जांच में गंभीर बीमारी का पता चला। बच्चे का ऑक्सीजन स्तर काफी कम था, जिससे उसे सांस लेने में अत्यधिक कठिनाई हो रही थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चिरायु टीम ने तुरंत उसे जिला चिकित्सालय मुंगेली रेफर किया। आवश्यक जांचों के बाद उसे रायपुर के मेकाहारा अस्पताल भेजा गया, जहां इको टेस्ट में ट्रेटालॉजी ऑफ फेलोट और पल्मोनरी स्टेनोसिस जैसी जटिल हृदय बीमारी की पुष्टि हुई। बीमारी की गंभीरता को देखते हुए अर्नव को एम्स दिल्ली एवं सत्य साईं अस्पताल रायपुर में भी दिखाया गया। विशेषज्ञों ने सर्जरी की आवश्यकता बताई। एम्स दिल्ली में लंबी प्रतीक्षा सूची के चलते चिरायु टीम ने अपोलो चिल्ड्रन हॉस्पिटल, चेन्नई से संपर्क किया, जहां विशेषज्ञों ने दो चरणों में सर्जरी करने की सलाह दी। दिनांक 29 जुलाई 2025 को अर्नव की पहली सफल सर्जरी हुई, जबकि 24 मार्च 2026 को जटिल ओपन हार्ट सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

सेवानिवृत्ति के दिन ही पेंशन आदेश देकर कर्मचारियों का सम्मान

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला कलेक्टोरेट में आज एक सराहनीय पहल देखने को मिली, जब सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारी प्रमोद कुमार श्रीवास को उनकी सेवा निवृत्ति के दिन ही पेंशन भुगतान आदेश प्रदान किया गया।

कलेक्टर कुन्दन कुमार द्वारा उन्हें यह आदेश सौंपते हुए सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। प्रमोद श्रीवास ने 30 मार्च 1995 को कलेक्टर कार्यालय बिलासपुर में भृत्य के पद पर अपनी शासकीय सेवा की शुरुआत की थी। वर्ष 2012 में मुंगेली जिला बनने के बाद वे 01 जनवरी 2012 से जिला कार्यालय मुंगेली में अपनी सेवाएं दे रहे थे। लंबे समय तक निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करते हुए उन्होंने आज 30 अप्रैल 2026 को अपनी अधिवार्षिकी सेवा पूर्ण की। इस अवसर पर कलेक्टर ने उनके सेवाकाल की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ जीवन की कामना की। साथ ही यह भी कहा कि सेवानिवृत्ति के दिन ही पेंशन आदेश प्रदान करना शासन की प्राथमिकता है, जिससे कर्मचारियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। प्रमोद श्रीवास ने प्रशासन के इस कदम के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें बिना किसी विलंब के पेंशन आदेश मिलना बेहद संतोषजनक है।

पात्र हितग्राहियों का समय पर खाद्यान्न प्राप्ति पर जोर

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में जिला खाद्य अधिकारी पंकज सेतपाल ने जिले के शासकीय उचित मूल्य की दुकानों की बैठक ली। बैठक में दुकानों के संचालन, खाद्यान्न वितरण व्यवस्था तथा ई-केवाईसी पूर्ण करने के संबंध में चर्चा की गई। खाद्य अधिकारी ने कहा कि सभी उचित मूल्य की दुकान संचालक निर्धारित नियमों के तहत पारदर्शी रूप से खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करें। साथ ही खाद्यान्न का समय पर वितरण, भंडारण और सुरक्षित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। ई-केवाईसी प्रक्रिया को प्राथमिकता देते हुए निर्देश दिए गए कि सभी पात्र हितग्राहियों का ई-केवाईसी कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि वितरण में किसी प्रकार की बाधा न आए। बताया गया कि आगामी 10 दिनों में ई-केवाईसी कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में वर्तमान तीन माह अप्रैल, मई एवं जून 2026 के खाद्यान्न वितरण की समीक्षा भी की गई। वितरण के दौरान आने वाली समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला खाद्य अधिकारी ने स्पष्ट किया कि खाद्यान्न वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कार्रवाई: 101 लीटर शराब जब्त किया

लखनपुर/नवप्रदेश। साइबर सेल अंबिकापुर एवं लुन्ड्रा पुलिस ने 101 लीटर अंग्रेजी शराब जप्त करने में कामयाबी हासिल किया है। 29 अप्रेल को मुखबिर से सूचना मिली की बहेराडीह दया साहू नाम का व्यक्ति मध्य प्रदेश से भारी मात्रा में शराब लाकर अपने पुराने खंडहरनुमा घर में छिपा कर रखा हुआ है एवं अपने कार में रखकर आसपास के इलाके में बिक्री करता है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर जाकर दबिश दी जहां दया साहू अपनी डस्टर कार में रोड की तरफ निकल रहा था जिसे रोक कर नाम पूछने पर अपना नाम दया साहू बताया, चालक की गतिविधि संदिग्ध पाए जाने पर गाड़ी की तलाशी ली गई जो गाड़ी के डिक्की में रखा आफ्टर डार्क व्हिस्की की 6 नग बोतल कार्टून डब्बे में गोवा लिखो अंग्रेजी शराब जिसमें नग 180 रूप के कुल 300 नग कुल मात्रा 101.46 लीटर शराब कीमती 92060 रूपये एवं घटना में प्रयुक्त डस्टर कार पुलिस टीम द्वारा बरामद की गई है। विवेचना दौरान प्रकरण में आरोपी दया द्वारा अंग्रेजी शराब का जायज दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने एवं गैर-कानूनी तरीके से बिक्री किया जाना पाये जाने पर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

यौन उत्पीड़न: 3 आरोपी व 3 विधि से संघर्षरत बालक सहित 6 आरोपी गिरफ्तार

लखनपुर/नवप्रदेश। थाना सीतापुर में यौन उत्पीड़न का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने इस मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें 3 विधि से संघर्षरत बालक भी शामिल हैं। घटना के अनुसार, 24 अप्रैल 2026 को पीड़िता अपनी सहेलियों के साथ शादी समारोह में गई थी। वापस लौटते समय आरोपियों ने उसे जबरदस्ती मोटरसाइकिल में बिठाकर सुनसान जगह पर ले गए और उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता रात को घर पहुंची और अगले दिन अपने परिजनों को घटना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने 26 अप्रैल को थाना सीतापुर पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। प्राथमिकी में अपराध संख्या 150/2026 दर्ज हुई है, जिसमें आईपीसी की धारा 70(2), साथ ही पॉक्सो अधिनियम की धाराओं 4(2), 5(जी), 6 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए महिला पुलिस अधिकारी के समक्ष पीड़िता का बयान लिया। पीड़िता ने अपने बयान में बताया कि उसकी सहेली के साथ भी दुष्कर्म की घटना हुई है। मेडिकल जांच के लिए दोनों पीड़िताओं को सीतापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, लेकिन रिपोर्ट में असमर्थता जताने पर उन्हें 29 अप्रैल को जिला अस्पताल अंबिकापुर भेजा गया। मेडिकल रिपोर्ट और साक्ष्यों के आधार पर 30 अप्रैल 2026 तक 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनमें से तीन आरोपी और तीन विधि से संघर्षरत बालक हैं। गिरफ्तार आरोपियों में आनंद बेक, विकास उर्फ राहुल और मनीष खलखो शामिल हैं। विवेचना में थाना प्रभारी उप निरीक्षक अखिलेश सिंह, सहायक उप निरीक्षक शशिप्रभा दास और अन्य पुलिस कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आरोपी गिरफ्तारी और जांच में तेजी लाने के लिए पुलिस टीम ने कड़ी मेहनत की है।

पेज 1 का शेष...

खेती से समृद्ध किसान, आदिवासी...

5 जिलों में सभी वर्ग की महिलाओं को नियमित आय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दुधारू गाय देने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए एनडीडीबी समझौता हुआ है। महिलाओं को उनके आवेदन पर दुधारू गाय भी दिए जा रहे हैं। वहीं प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत सैकड़ों मत्स्य किसानों को लाभान्वित भी किया जा रहा है।

Q पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आपने क्या कदम उठाए हैं?

– हमने ई-टेंडरिंग, ऑनलाइन मॉनिटरिंग और नियमित ऑडिट जैसी व्यवस्थाएं लागू की हैं। भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है और शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत किया गया है।

Q डबल इंजन सरकार का किसानों को कितना लाभ मिल रहा है?

– केंद्र और राज्य सरकार के बेहतर समन्वय से योजनाओं का क्रियान्वयन तेज हुआ है। राज्य में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार में महज इन 2 सालों में विभिन्न कल्याकारी योजनाओं के तहत किसानों को 1 लाख 40 हजार करोड़ रुपए तक लाभान्वित किए जा चुके हैं। साथ ही किसानों को केंद्र और राज्य सरकार के योजनाओं का लाभ तेजी से मिल रहा है, जिससे उनकी आय और जीवन स्तर में सुधार हो रहा है।

Q आदिवासी क्षेत्रों में पलायन रोकने के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं?

– हमारी सरकार द्वारा स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के लिए वन आधारित उद्योग, लघु वनोपज प्रसंस्करण और कौशल विकास कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इससे पलायन में कमी आई है।

Q दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य और शिक्षा सुधार के लिए क्या किया जा रहा है?

– हमारी सरकार दूरस्थ वनांचलों के निवासियों के साथ ही प्रदेश के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ जैसे मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। पीएम जनमन और धरती आबा ग्राम उत्कृष अभियान के माध्यम से जनजातीय बहुल्य गांवों और रहवासियों को शत-प्रतिशत विकास की मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया जा रहा है। इन याजनाओं के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट, स्वास्थ्य शिविर और स्कूलों के उन्नयन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विभिन्न विभागों के समन्वय से सुविधाएं गांव-गांव तक पहुंचाई जा रही हैं।

Q कृषि में नवाचार और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में क्या पहल की जा रही है?

– हमारी सरकार किसानों को समृद्ध बनाने के लिए आय आधारित खेती पर विशेष ध्यान दे रही है। वहीं फसल उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए जैविक खेती, उन्नत बीज, ड्रिप इरिगेशन और नई तकनीकों को बढ़ावा दिया जा रहा है। अनुसंधान संस्थानों के सहयोग से उत्पादन और गुणवत्ता में सुधार लाया जा रहा है। उन्नत और नवीन तकनीक को अपनाकर राज्य के किसान समृद्ध हो रहे हैं।

Q आपके बयानों पर अक्सर विवाद होता है, इस पर आपकी क्या प्रतिक्रिया है?

– हम सकारात्मक और रचनात्मक राजनीति में विश्वास रखते हैं। हमारे बयानों का उद्देश्य जनहित के मुद्दों को उठाना होता है, न कि विवाद पैदा करना।

Q आने वाले वर्षों में छत्तीसगढ़ के विकास को आप किस मुकाम पर देखना चाहते हैं?

Q हमारा लक्ष्य है कि छत्तीसगढ़ का आदिवासी समाज और किसान आत्मनिर्भर और समृद्ध बने। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं में सुधार कर उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ना हमारी प्राथमिकता है।

कोरबा में राखड़ ...

अधिकारियों का कहना है कि अनुबंधित बिजली उपलब्ध होने से सप्लाई फिलहाल नियंत्रित है।

कोरबा हादसे से उत्पादन पर सीधा असर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर के संयंत्रों की उत्पादन क्षमता 2960 मेगावाट है, लेकिन उत्पादन 26 से 27 सौ मेगावाट तक ही हो पाता है। इस समय तो उत्पादन 2000 से 2200 सौ मेगावाट तक ही हो रहा है। एचटीपीपी के 840 मेगावाट संयंत्र में झाबू राखड़ बांध फूटने के बाद राख निकासी प्रभावित हो गई है। इसके चलते 210-210 मेगावाट की क्षमता वाली यूनिट-3 और यूनिट-4 को बंद करना पड़ा। वहीं शेष यूनिट्स भी पूरी क्षमता पर नहीं चल पा रही हैं। यूनिट-1 से करीब 110 मेगावाट और यूनिट-2 से लगभग 130 मेगावाट उत्पादन हो रहा है। अन्य इकाइयों को भी सीमित लोड पर संचालित किया जा रहा है, जिससे कुल उत्पादन में भारी गिरावट आई है।

मौसम बदला तो घटी बिजली खपत

विद्युत वितरण कंपनी के एमडी भीम सिंह ने बताया कि मौसम में बदलाव के चलते प्रदेश में बिजली की खपत में हल्की गिरावट दर्ज की गई है। भीषण गर्मी के दौरान बिजली की मांग 7200 से 7300 मेगावाट तक पहुंच गई थी, जिससे बिजली व्यवस्था पर लगातार दबाव बना हुआ था। उन्होंने कहा कि बढ़ती मांग को देखते हुए सेंट्रल पुल से भी अतिरिक्त बिजली ली जा रही है, ताकि उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। एमडी ने बताया कि राहत की बात यह है कि मड़वा का बंद पड़ा एक प्लांट फिर से उत्पादन में आ गया है। इसके शुरू होने से बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ी है और सप्लाई व्यवस्था को काफी हद तक सहारा मिला है।

जांच के लिए पहुंचेगी विशेषज्ञ टीम

राखड़ बांध फूटने की घटना की जांच के लिए विशेषज्ञों की टीम एचटीपीपी पहुंचेगी। टीम तकनीकी कारणों का विश्लेषण कर भविष्य के लिए सुधारात्मक सुझाव देगी और स्थानीय स्टाफ को प्रशिक्षण भी देगी।

राख निकासी बदली, मरम्मत तेज

स्थिति को संभालने के लिए संयंत्र प्रबंधन ने राख को झाबू की बजाय डिंडोलभाठा राखड़ बांध की ओर डायवर्ट कर दिया है। उधर, क्षतिग्रस्त बांध की मरम्मत युद्धस्तर पर जारी है। तटबंध मजबूत करने, रिसाव रोकने और जल निकासी व्यवस्था सुधारने पर फोकस किया जा रहा है। भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए अतिरिक्त सुरक्षा उपाय भी किए जा रहे हैं।

ईरान पर हाइपरसोनिक...

नेता और अहम ढांचे (इन्फ्रास्ट्रक्चर) को निशाना बनाया जा सकता है।

मातृशक्ति के सम्मान के...

की पात्र नहीं, बल्कि सृजन और शक्ति की आधारशिला है। नवरात्रि में जिस शक्ति की हम पूजा करते हैं, वही शक्ति समाज में मातृरूप में विद्यमान है।

क्रूज हादसे में अब...

को 50 हजार रुपए, हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। उन्होंने प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिवार जनों को दो-दो लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे की जांच के आदेश दिए हैं।

कलेक्टर ने मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान, प्रयास विद्यालय के परिणामों को सराहा

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज प्रयास आवासीय विद्यालय पहुंचकर 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं से मुलाकात की और उनका सम्मान कर उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संदीप अग्रवालएवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर, गुलदस्ता भेंट कर तथा प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। साथ ही आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालय एवं अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है। परीक्षा परिणाम में कक्षा 10वीं के 103 विद्यार्थियों में सभी ने प्रथम श्रेणी में सफलता अर्जित की। कक्षा 10वीं की छात्रा काव्या विकास पैकरा ने 600 में से 587 अंक प्राप्त कर राज्य की प्रावीण्य सूची में 8वां स्थान हासिल किया। वहीं छात्र रोहित साहू एवं मौसमी पटेल ने 600 में से 588 अंक प्राप्त कर प्रावीण्य सूची में संयुक्त रूप से 7वां स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर संस्था एवं जिले का गौरव बढ़ाया है। इस उपलब्धि को विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं विभागीय प्रयासों का परिणाम बताया गया। कार्यक्रम में आदिवासी विकास विभाग के अधिकारी, विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

मंत्री तोखन ने युवा प्रतिभाओं को बताया 'न्यू इंडिया' की ताकत, टॉपर अंशुल का किया सम्मान

आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जनसम्पर्क कार्यक्रमों में सहभागिता करते हुए समाज के सर्वांगीण विकास, सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण तथा जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। मंत्री श्री साहू ने ग्राम बरदुली, जरहागांव (जिला मुंगेली) में आयोजित भक्त माता कर्मा राजिम जयंती एवं सामूहिक आदर्श विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित होकर नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया और उनके सुखमय दांपत्य जीवन की कामना की। इसी क्रम में उन्होंने ग्राम दलपुरवा (रमतला), पंडरिया (जिला कबीरधाम) में आयोजित भक्त माता कर्मा जयंती कार्यक्रम में सहभागिता कर

समाजजनों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भक्त माता कर्मा का जीवन सेवा, समर्पण एवं भक्ति का अनुपम उदाहरण है, जो समाज को एकता और संस्कारों की प्रेरणा देता है।उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूल मंत्र पर आधारित है, जिसके तहत समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए सतत कार्य किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त मंत्री श्री साहू ने मुंगेली में 10वीं बोर्ड में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली छात्र अंशुल शर्मा से भेंट कर उन्हें उनकी पसंदीदा मिठाई 'सोनपापड़ी' खिलाकर शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी की यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'न्यू इंडिया' के सपनों को साकार करने की दिशा में प्रेरणादायक है। वहीं, बिलासपुर के देवरीखुर्द स्थित मां मनका दाई मंदिर, वार्ड क्रमांक 43, बूटापारा में आयोजित धुरी समाज, बिलासपुर संभाग महासम्मेलन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर समाजजनों से संवाद किया।

न्यूज गैलरी

सूटकेस में गौमांस की तस्करी, रेलवे स्टेशन पर दो महिलाएं गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस ने बिलासपुर रेलवे स्टेशन से सूटकेश में गौमांस ले जा रही दो महिलाओं को पकड़ा है। दोनों महिलाएं रायपुर की ओर से बिलासपुर पहुंची थीं और अपने साथ सूटकेश में लगभग 10 किलो से अधिक गौमांस भरकर ला रही थीं। पुलिस को सूचना मिली थी, कि बिलासपुर रेलवे स्टेशन में दो महिलाएं गौमांस लेकर पहुंची है, पुलिस ने चेकिंग की, तो संदेह हुआ, जिसके बाद सूटकेश की तलाशी ली गई। तलाशी में गौमांस मिलने पर दोनों महिलाओं को तत्काल हिरासत में ले लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने सूटकेश में गौमांस होने की बात स्वीकार कर ली है। जानकारी मिलते ही कुछ गौसेवक भी थाने के बाहर एकत्रित हो गए, जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई। तोरवा थाना पुलिस ने दोनों महिलाओं के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरु कर दी है। पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि गौमांस कहां से लाया गया था और इसका उद्देश्य क्या था। जानकारी के मुताबिक दोनों महिलाएं शहर के मगरपारा इलाके की रहने वाली है और पूछताछ के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि इस गौमांश के पीछे कोई सिंडिकेट काम कर रहा है या फिर वजह कुछ और है। फिलहाल तोरवा पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच में जुटी है।

युवक की क्षत-विक्षत मिली लाश, हत्या की आशंका

बिलासपुर/नवप्रदेश। तखतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास अज्ञात युवक की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक की फिलहाल शिनाख्त नहीं हो सकी है। घटना के बाद तखतपुर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, मृतक का शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हालत में मिला है। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। आशंका जताई जा रही है कि युवक को गाड़ी से कुचलकर बेरहमी से मौत के घाट उतारा गया है। सूचना मिलने के बाद तखतपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। वहीं डॉग स्क्वाड और फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है।

श्रमजीवी पत्रकार संघ के फिर प्रदेश महासचिव बने राई

बिलासपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पत्रकार विश्व दीपक राई को छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ का प्रदेश महासचिव पुनः निर्वाचित घोषित किया गया है। रायपुर स्थित प्रदेश मुख्यालय में निर्वाचन अधिकारी राम साहू और राजकुमार यादव ने उन्हें निर्विरोध चुने जाने की घोषणा की। राई पिछले तीन दशकों से संगठन में विभिन्न पदों पर रहते हुए पत्रकारों के हित संवर्धन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

गोंदिया स्टेशन पर 20 दिवसीय मेगा ट्रैक कार्य, कई ट्रैनों का परिचालन रहेंगी प्रभावित

गोंदिया स्टेशन पर वॉशेबल एप्रन हटाकर बनेगा बैलेस्टेड ट्रैक, ट्रेनों की बढ़ेगी गति

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल अंतर्गत गोंदिया रेलवे स्टेशन पर संरक्षा, परिचालन क्षमता तथा यात्री सुविधाओं में वृद्धि के उद्देश्य से महत्वपूर्ण अधोसंरचना कार्य किया जा रहा है।

रेलवे प्रशासन द्वारा गोंदिया स्टेशन के लाइन क्रमांक-06 (प्लेटफॉर्म क्रमांक-4) पर स्थित वॉशेबल एप्रन को हटाकर उसे आधुनिक बैलेस्टेड ट्रैक में परिवर्तित किया जाएगा। यह कार्य 3 मई 2026 से 22 मई 2026 तक कुल 20 दिनों में संपन्न किया जाएगा। कार्य के दौरान प्लेटफॉर्म क्रमांक-4 (डाउन मेन लाइन) अस्थायी रूप से बंद रहेगा, जिसके कारण कुछ ट्रेनों को निरस्त, कुछ को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा तथा कुछ ट्रेनों का आंशिक समापन/प्रारंभ किया जाएगा। जिसका विवरण इस प्रकार है - **निरस्त/रद्द की जाने वाली गाड़ियां-** गाड़ी संख्या 18109 टाटानगर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस 3.05.2026 से 22.05.2026 तक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 18110 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस 05.05.2026 से 24.05.2026 तक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 68711 डोंगरगढ़-गोंदिया पैसेंजर f 03.05.2026 से 22.05.2026 तक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 68712 गोंदिया-डोंगरगढ़ पैसेंजर 03.05.2026 से 22.05.2026 तक रद्द रहेगी।

परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाड़ियां

गाड़ी संख्या 11754 रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस 02, 04, 06, 09, 11, 13, 16 एवं 18 मई 2026 को अपने निर्धारित मार्ग जबलपुर-नैनपुर-बालाघाट-गोंदिया-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी के स्थान पर जबलपुर-नैनपुर-छिंदवाड़ा- नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी होते हुए चलेगी। गाड़ी संख्या 11753 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रीवा एक्सप्रेस 03, 05, 07, 10, 12, 14, 17 एवं 19 मई 2026 को अपने निर्धारित मार्ग नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-गोंदिया-बालाघाट-नैनपुर-जबलपुर के स्थान पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-छिंदवाड़ा-नैनपुर-जबलपुर होते हुए चलेगी।

गंतव्य से पहले समाप्त/नियंत्रित होने वाली गाड़ियां

गाड़ी संख्या 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस को 02.05.26 से 22.05.26 तक दुर्ग में नियंत्रित/प्रारंभ किया जाएगा एवं दुर्ग-गोंदिया के मध्य रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस को 03.05.26 से 23.05.26 तक दुर्ग में नियंत्रित/प्रारंभ किया जाएगा एवं गोंदिया-दुर्ग के मध्य रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 12105 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल-गोंदिया विदर्भ एक्सप्रेस को दिनांक - 02.05.26 से 22.05.26 तक अजनी में नियंत्रित/प्रारंभ किया जाएगा एवं अजनी-गोंदिया के मध्य रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 12106 गोंदिया- छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल विदर्भ एक्सप्रेस को 03.05.26 से 23.05.26 तक अजनी में नियंत्रित/प्रारंभ किया जाएगा एवं गोंदिया-अजनी के मध्य रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 51707 जबलपुर-गोंदिया पैसेंजर को 03.05.26 से 22.05.26 तक ब्रम्हपुरी में नियंत्रित/प्रारंभ किया जाएगा एवं ब्रम्हपुरी-गोंदिया के मध्य रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 51708 गोंदिया-जबलपुर पैसेंजर को 03.05.26 से 22.05.26 तक ब्रम्हपुरी में नियंत्रित/प्रारंभ किया जाएगा एवं गोंदिया-ब्रम्हपुरी के मध्य रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 68813 गोंदिया-तिरोड़ी पैसेंजर को 03.05.26 से 22.05.26 तक ब्रम्हपुरी में नियंत्रित/ प्रारंभ किया जाएगा एवं गोंदिया-ब्रम्हपुरी के मध्य रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 68814 तिरोड़ी-गोंदिया पैसेंजर को 03.05.26 से 22.05.26 तक ब्रम्हपुरी में नियंत्रित/प्रारंभ किया जाएगा एवं एवं ब्रम्हपुरी- गोंदिया के मध्य रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 68809 गोंदिया-तिरोड़ी पैसेंजर को 03.05.26 से 22.05.26 तक ब्रम्हपुरी में नियंत्रित/प्रारंभ किया जाएगा एवं गोंदिया- ब्रम्हपुरी के मध्य रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 68810 तिरोड़ी-गोंदिया पैसेंजर को 03.05.26 से 22.05.26 तक ब्रम्हपुरी में नियंत्रित /प्रारंभ किया जाएगा।

महिला व बाल सुरक्षा पर आधारित आर्यन की जागरूकता फिल्मों का प्रस्तुतीकरण

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज बिलासपुर में महिला एवं बाल सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित जागरूकता फिल्मों का प्रस्तुतीकरण किया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग की वरिष्ठ महिला अधिकारियों एवं समाज की प्रतिष्ठित महिलाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक कुरीतियों, अंधविश्वास (टोनही प्रथा) तथा महिला एवं बाल अपराधों पर आधारित लघु फिल्मों के पोस्टर का राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहतकर के हाथो अनावरण किया गया। चेतना अभियान चेतना के विभिन्न चरणों को साकार करते हुए चेतना के भाव को लोगों तक पहुंचाने के लिए आर्यन फिल्म स्थानीय भाषा में छोटी-छोटी फिल्मों का निर्माण करते हुए लोगों में जागरूकता लाने का भरपूर प्रयास किया है जिसे सभी वर्गों ने सराहा है स्वीकार किया है। इन फिल्मों की आवश्यकता महसूस करते हुए इसका प्रदर्शन विभिन्न प्रांतो में भी किया गया। इन फिल्मों का उद्देश्य समाज में जागरूकता फैलाना, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना तथा अपराधों की रोकथाम के लिए जनसहभागिता को प्रोत्साहित करना है। बच्चों के शिक्षा से जोड़कर गलत रास्ते पर जाने से बचाने के लिए फ़िल्म मे विशेष योगदान रहा। रवि शुक्ला, डॉ सुनन्दा मरावी, टीआई विवेक पाण्डेय, टीआई निलेश पाण्डेय, ई एण्ड ट्रैफिक एसआई उमा शंकर पाण्डेय, महेंद्र सूर्यवंशी, डॉ के के साव का रहा। कार्यक्रम में बिलासपुर जिले में संचालित बहुउद्देशीय कार्यक्रम चेतना के जनक एवं बिलासपुर जिले के डीआईजी एवं एसपी रजनेश सिंह सहित तमाम महिला पुरुष पुरुष अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस अधिकारियों ने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए इस प्रकार की जागरूकता पहल अत्यंत आवश्यक है। फिल्म के माध्यम से संदेश आमजन तक प्रभावी तरीके से पहुंचता है और लोगों को सजग बनने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर फिल्म निर्माण टीम द्वारा बताया गया कि उनकी कोशिश है कि सामाजिक मुद्दों को सरल और भावनात्मक तरीके से प्रस्तुत कर अधिक से अधिक लोगों तक संदेश पहुंचाया जाए।

कायस्थ समाज ने मजदूर दिवस पर मजदूरों को किया सम्मानित

बिलासपुर/नवप्रदेश। कायस्थ समाज बिलासपुर के द्वारा 1 मई 2026 को प्रातः 11 मजदूर दिवस के उपलक्ष में चित्रगुप्त मंगल भवन इमलीपारा में सम्मान समारोह आयोजित किया गया । मजदूरों के प्रति सहानुभूति नहीं, बल्कि सम्मान और समानता का भाव रखने के उद्देश्य से समिति के सभी सदस्यों के द्वारा दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्र से आये मजदूरों को तिलक लगाकर सम्मानित किया गया साथ में गमछा एवं कोल्ड ड्रिंक भेंट स्वरूप दिया गया । कायस्थ भवन से लोगों में संदेश दिया गया कि मजदूर किसी भी राष्ट्र की आर्थिक प्रगति की रीढ़ की हड्डी होते हैं, जो शारीरिक श्रम से विकास को गति देते हैं। हमें उनके योगदान को याद करते हुए, यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उन्हें उनका उचित हक मिले। कार्यक्रम समापन के पश्चात शहर के मुख्य मार्ग पर भ्रमण करते हुए कायस्थ समाज के द्वारा जगह-जगह मजदूरों को एकत्रित कर सम्मानित करते हुए उन्हें उपहार स्वरूप भेंट दिया गया । अध्यक्ष आलोक वर्मा के साथ गोवर्धन श्रीवास्तव, मदन श्रीवास्तव, विजय किशोर वर्मा, जयंत श्रीवास्तव के उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए समाज में और भी ऐसे कार्य किए जाने की समाज के द्वारा अपेक्षा की गई ।

वनांचल जेवरा स्कूल का शानदार परिणाम,12वीं में शत-प्रतिशत तो 10वीं में 92 फीसदी

सीपत/नवप्रदेश। सीपत तहसील के वनांचल ग्राम जेवरा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने इस वर्ष 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। विद्यालय का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जबकि 10वीं में 92.02 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए हैं। जानकारी के अनुसार 12वीं कक्षा में कुल 48 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें से 46 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी एवं 2 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। वहीं 10वीं कक्षा में 38 विद्यार्थियों में से 21 ने प्रथम श्रेणी और 14 ने द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की, जबकि कुछ विद्यार्थी पूरक परीक्षा के पात्र बने।मेधावी विद्यार्थियों में 12वीं कक्षा की सोनिया ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। श्रेया ने 94.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं सुमन ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 10वीं कक्षा में रुदविजय सिंह पैकरा ने 86.16 प्रतिशत अंक अर्जित कर

विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। विद्यालय की इस उल्लेखनीय सफलता के पीछे प्राचार्य रामेश्वर जायसवाल के नेतृत्व में संचालित 'मिशन 90 प्लस' अभियान की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अभियान के तहत विद्यार्थियों को नियमित मार्गदर्शन, अतिरिक्त कक्षाएं एवं सतत मूल्यांकन के माध्यम से बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया गया। प्राचार्य रामेश्वर जायसवाल ने इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि 'यह परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों की समर्पित भावना और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है।

कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल का उत्कृष्ट परिणाम

कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल सीपत का इस वर्ष का परीक्षा परिणाम बेहद शानदार रहा, जिसमें छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया है। कक्षा 10वीं में सुहाना कुंभकार ने 95.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अंतरा ने 83.33 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा निकिता पटेल ने 83.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह कक्षा 12वीं में पद्मिनी रजक ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। अंजू यादव ने 82.4 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं हिमानी ने 82.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर अपना स्थान बनाया। छात्राओं की इस सफलता पर स्कूल परिसर में खुशी का माहौल रहा। शिक्षकों एवं अभिभावकों ने भी छात्राओं की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। संकुल समन्वयक प्रमोद कुमार पांडेय ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम छात्राओं की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने सभी सफल छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे आगे भी इसी तरह मेहनत कर ऊंचाइयों को प्राप्त करें।

बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए 'संस्कार' और 'समय' सबसे बड़े उपहारः स्वाति

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बिलासपुर की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन में सात दिवसीय 'बाल संस्कार शिविर' का आज भव्य समापन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी स्वाति दीदी ने उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के चुनौतीपूर्ण दौर में बच्चों को 'प्राइस' नहीं 'प्राइज' (समय) दें। वर्तमान समय में माता-पिता अपनी व्यस्तता के कारण बच्चों को महंगे खिलौने और गैजेट्स तो दे देते हैं, लेकिन अपना कीमती समय नहीं दे पाते। उन्होंने स्पष्ट किया कि बच्चों के लिए माता-पिता का साथ किसी भी महंगे उपहार से बड़ा होता है। बच्चों को आपसे वस्तुओं की नहीं, बल्कि आपके प्रेम, ध्यान और समय की अपेक्षा होती है। स्वाति दीदी ने जोर देकर कहा कि बच्चे वह नहीं करते जो हम उन्हें सिखाते हैं।

सौगातः कश्मीर के लिए सीधी रेल कनेक्टिविटी से हर मौसम में यहां तक पहुंच होगी सुगम

जम्मू पहली बार पैसेंजर ट्रेन के माध्यम से सीधे कश्मीर से जुड़ा

बिलासपुर/नवप्रदेश। दशकों से जम्मू में ट्रेन पर सवार होकर सीधे श्रीनगर पहुँचने की कल्पना वास्तविकता से दूर केवल एक सपना ही थी। लेकिन आज वह सपना इतिहास बन गया है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने श्रीनगर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस सेवा के जम्मू तवी रेलवे स्टेशन तक विस्तार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिससे इतिहास में पहली बार जम्मू और कश्मीर सीधे ट्रेन सेवा से जुड़ गए हैं। अब एक सीधा और निर्बाध रेल कॉरिडोर इस क्षेत्र के दो सबसे प्रमुख केंद्रों को आपस में जोड़ता है, जो न केवल यात्रा को तेज बनाएगा बल्कि इस सुंदर क्षेत्र में व्यापार, पर्यटन और जन-संपर्क की तस्वीर भी बदल देगा।

जम्मू तवी उत्तर भारत के सबसे महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों में से एक है, जो इस केंद्र शासित प्रदेश को देश के शेष हिस्सों से जोड़ने वाले एक प्रमुख प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है। कन्याकुमारी, हावड़ा, मुंबई और अन्य बड़े शहरों जैसे प्रमुख गंतव्यों के लिए व्यापक रेल संपर्कों के साथ, यह स्टेशन विभिन्न क्षेत्रों के बीच निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस विकास के महत्व

पर प्रकाश डालते हुए श्री वैष्णव ने इस कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कहा कि जम्मू-कश्मीर में रेल कनेक्टिविटी के विस्तार के साथ एक बड़ी उपलब्धि को हासिल कर लिया गया है। अब ट्रेन के जम्मू तवी तक पहुँचने से, देश भर के यात्रियों के लिए श्री माता वैष्णो देवी और श्री अमरनाथ जैसे प्रमुख तीर्थ स्थलों की यात्रा अधिक सुविधाजनक और सुगम हो जाएगी। जम्मू और कश्मीर, जिसे अक्सर 'धरती का स्वर्ग' कहा जाता है, अपनी लुभावनी प्राकृतिक सुंदरता, बर्फ से ढकी पहाड़ियों, हरी-भरी घाटियों और शांत झीलों के लिए प्रसिद्ध है। यह क्षेत्र अपने मिलनसार और जीवंत समुदायों का घर है, जिनकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत इसकी विशिष्ट पहचान को और बढ़ाती है। बेहतर रेल संपर्क से पर्यटन को और अधिक बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जिससे देश भर के अधिक लोग इस क्षेत्र के प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक जीवंतता का अनुभव कर सकेंगे।

उच्च मांग व सुगम यात्रा अनुभव की ओर बढ़ते कदम

रेल मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि वंदे भारत सेवा की शुरुआत के बाद से ही इसमें यात्रियों की फुल ऑक्युपेंसी देखी गई है, जो यात्रियों के बीच इसकी बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है। उन्होंने इसे जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ पूरे देश के लिए एक लाइफलाइन के रूप में रेखांकित किया। उन्होंने आगे कहा कि आज जम्मू और श्रीनगर के बीच 20 कोच वाली वंदे भारत एक्सप्रेस सेवा शुरू की गई है, जो इस महत्वपूर्ण मार्ग पर यात्री क्षमता में एक बड़ी वृद्धि का प्रतीक है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह विकास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पिछले वर्ष 6 जून को जम्मू-श्रीनगर रेल लिंक के उद्घाटन के एक वर्ष से भी कम समय के भीतर हुआ है, जिसने इस क्षेत्र में निर्बाध रेल संपर्क की आधारशिला रखी थी। विस्तारित वंदे भारत सेवा की शुरुआत इस ऐतिहासिक कॉरिडोर को और अधिक मजबूती प्रदान करती है, जो यात्रा को अधिक आरामदायक बनाने, यात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा करने और जम्मू एवं श्रीनगर के बीच हर ऑल-वेदर कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने का कार्य करती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस ट्रेन को विशेष रूप से इस क्षेत्र की दुर्गम परिस्थितियों और प्रतिकूल मौसम, जिसमें शून्य से नीचे का तापमान भी शामिल है, के अनुकूल डिजाइन किया गया है। इसमें ऐसी विशेष प्रणालियाँ लगाई गई हैं जो अत्यधिक ठंड में भी ऑनबोर्ड उपकरणों की निर्बाध कार्यक्षमता सुनिश्चित करती हैं।

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव
25
गौधाम योजना
निराश्रित, घुमन्तू तथा जब्त किए गए गौवंश का संरक्षण एवं संवर्धन
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
₹05 लाख
प्रति वर्ष अधोसंरचना निर्माण/मरम्मत के लिए
₹47 हजार-2.85 लाख
प्रति वर्ष (1-5 एकड़) चारा विकास के लिए
₹13,126
प्रति माह गौ सेवकों को मानदेय
₹10,916
प्रति माह चरवाहों को मानदेय
अनुदान
पोषण आहार
प्रथम वर्ष ₹10 प्रतिदिन/पशु
द्वितीय वर्ष ₹20 प्रतिदिन/पशु
तृतीय वर्ष ₹30 प्रतिदिन/पशु
चतुर्थ वर्ष ₹35 प्रतिदिन/पशु
S- 47608/1
संरक्षण भी, संवर्धन भी
गौवंश के लिए समर्पित
साय सरकार
संचालन हेतु पात्र संस्थाएं –
छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग में पंजीकृत संचालित गौशाला की समिति, स्वयंसेवी संस्था, एन.जी.ओ. (गैर-सरकारी संगठन), ट्रस्ट तथा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी एवं सहकारी समिति
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

'ऑपरेशन नेत्र 1.0' से लद्दाख में नई रोशनी, सैकड़ों मरीजों को मिला लाभ

नई दिल्ली। भारतीय सेना ने उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में चिकित्सा सेवा का नया मानक स्थापित करते हुए लेह में 'ऑपरेशन नेत्र 1.0' के तहत चार दिवसीय उन्नत नेत्र शिविर का सफल आयोजन किया। 27 से 30 अप्रैल 2026 तक 153 जनरल अस्पताल में आयोजित इस शिविर का उद्घाटन 14 कोर के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल हितेश भल्ला ने किया।

दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंची चिकित्सा सुविधा

इस शिविर के माध्यम से लद्दाख के चुशुल, हानले, दुरबुक, डेमचोक, फुक्चे, द्रास, ज़ांस्कर, बटालिक, चुमाथांग और तुरतुक जैसे दूरस्थ क्षेत्रों के 950 मरीजों की जांच की गई। यह नागरिक-सैन्य सहयोग का एक उत्कृष्ट उदाहरण रहा।

214 सर्जरी, कई जटिल प्रक्रियाएं सफल

ब्रिगेडियर डॉ. संजय कुमार मिश्रा के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने 214 सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी कीं। इनमें 197 जटिल मोतियाबिंद ऑपरेशन और 10 विट्रियो-रेटिनल प्रक्रियाएं शामिल हैं। इसके अलावा ग्लूकोमा सर्जरी, विट्रेक्टॉमी और अन्य उन्नत प्रक्रियाएं भी की गईं, जिससे 15 दृष्टिबाधित मरीजों की आंखों की रोशनी बहाल हुई।

इस अभियान के दौरान 153 जनरल अस्पताल द्वारा विकसित 'ऑपरेशन नेत्र' ऐप भी लॉन्च किया गया। यह ऐप मरीजों के रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण, क्यूआर कोड आधारित पहचान और सर्जरी प्रबंधन को आसान बनाकर चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा बढ़ाता है।

देशव्यापी अभियान का हिस्सा

यह पहल नवंबर 2025 से चल रहे राष्ट्रीय अभियान का हिस्सा है, जिसके तहत अब तक 2,500 से अधिक दृष्टि बहाली सर्जरी की जा चुकी हैं। इससे पहले उधमपुर, देहरादून, जयपुर, बागडोगरा और गोरखपुर में भी ऐसे शिविर आयोजित किए जा चुके हैं।

वायु सेना का मिला सहयोग

भारतीय वायु सेना ने उन्नत चिकित्सा उपकरणों की हवाई आपूर्ति कर इस मिशन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित हो सकीं।

उपराज्यपाल की मौजूदगी में समापन

शिविर का समापन विनय कुमार सक्सेना की उपस्थिति में हुआ। सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा महानिदेशक आरती सरीन के नेतृत्व में यह अभियान "राष्ट्र सर्वोपरि" की भावना और हर नागरिक तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

'हमारे फैसले सोनिया गांधी लेती हैं': खरगे

कलबुर्गी। कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का एक बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने साफ कहा है कि फिलहाल सिद्धारमैया ही सीएम रहेंगे। हालांकि, अपने बयान में कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा है कि हमारे फैसले सोनिया गांधी लेती हैं। उनके बयान को लेकर भाजपा ने उन्हें कटघरें में लाकर खड़ा कर दिया है। यहां तक कि उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष होने तक पर सवाल खड़े कर दिए हैं। खरगे ने कहा कि मुख्यमंत्री पद में बदलाव की बात हर दिन होती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस समिति अध्यक्ष के रूप में वह, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी मिलकर यह निर्णय लेंगे। कांग्रेस आलाकमान प्रमुख संगठनात्मक और राजनीतिक मामलों पर निर्णय से पहले वरिष्ठ नेतृत्व से परामर्श करता है। खरगे ने कहा कि वे सामूहिक निर्णय लेने की प्रक्रिया पर जोर देते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सोनिया गांधी या राहुल गांधी की भागीदारी के बिना कोई निर्णय नहीं होता। आलाकमान के भीतर व्यापक चर्चा होती है और वरिष्ठ नेताओं से परामर्श किया जाता है। उन्होंने कहा कि अभी तक कोई तारीख तय नहीं हुई है, इसलिए किसी भी बदलाव पर अटकलें लगाना जल्दबाजी होगी। खरगे ने आगे कहा कि एक बार निर्णय लेने के बाद यह कर्नाटक के सर्वोत्तम हित में होगा। उन्होंने सभी से पार्टी नेतृत्व के अंतिम निर्णय का सम्मान करने का आग्रह किया। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार नेतृत्व-साझाकरण व्यवस्था को लेकर आंतरिक मतभेदों का सामना कर रही है।

लद्दाख बौद्ध संस्कृति और करुणा की जीवित प्रयोगशाला : अमित शाह

■ **इस भूमि पर सदियों से ज्ञान, संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराएं सुरक्षित और जीवित**

लेह/ए.। लेह (लद्दाख) में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर एक विशेष सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह (Amit Shah) ने भी भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने लद्दाख को केवल एक भौगोलिक क्षेत्र नहीं, बल्कि बौद्ध संस्कृति और करुणा की एक ÷जीवित प्रयोगशाला÷ बताया। अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की सभ्यता हजारों वर्षों से शांति और अहिंसा का संदेश देती आई है। उन्होंने बताया कि इस भूमि पर सदियों से ज्ञान, संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराएं सुरक्षित और जीवित हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि जब दलाई लामा यहां आते हैं, तो वे भी लद्दाख को बौद्ध संस्कृति और करुणा का केंद्र मानते हैं।

लद्दाख, कारगिल और अन्य क्षेत्रों के लोग इनसे आध्यात्मिक प्रेरणा प्राप्त करेंगे। अमित शाह ने यह भी कहा कि इन पवित्र अवशेषों के दर्शन से लोगों को आंतरिक शांति और दिव्यता का अनुभव होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि यह आयोजन बौद्ध धर्म के अनुयायियों के साथ-साथ अन्य समुदायों के लिए भी प्रेरणादायक साबित होगा। बुद्ध पूर्णिमा भगवान गौतम बुद्ध के जन्म दिवस के रूप में मनाई जाती है, जिन्हें बौद्ध धर्म का संस्थापक माना जाता है। उन्हें ÷एशिया का प्रकाश÷ भी कहा जाता है। माना जाता है कि बुद्ध का जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण तीनों एक ही तिथि को हुए थे, जो इस दिन को और भी विशेष बनाता है।

पूरे क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और शुभ अवसर : शाह

इस वर्ष की बुद्ध पूर्णिमा को विशेष बताते हुए अमित शाह ने कहा कि लगभग 75 वर्षों के बाद पवित्र बौद्ध अवशेष (Holy Relics) लद्दाख वापस लाए गए हैं। उन्होंने कहा कि पहले इस क्षेत्र में बेहतर सड़क और परिवहन सुविधाएं नहीं थीं, जिस कारण बहुत कम लोग इन पवित्र अवशेषों के दर्शन कर पाते थे। लेकिन अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं और अधिक लोग इसका आध्यात्मिक अनुभव ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार वैसाख पूर्णिमा के अवसर पर जब ये पवित्र अवशेष दोबारा लद्दाख पहुंचे हैं, तो यह पूरे क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और शुभ अवसर है।

पंजाब विधानसभा: पंजाब में न्यूनतम मजदूरी में 15 फीसदी की बढ़ोतरी

चंडीगढ़। इस दौरान सीएम भगवंत मान ने पंजाब में न्यूनतम मजदूरी में 15 फीसदी की बढ़ोतरी का एलान किया। इसमें सरकारी और गैर सरकारी दोनों शामिल हैं। मान ने कहा कि यह मजदूर दिवस पर उनके लिए तोहफा है। 2013 से दो सरकारें चली गई है, लेकिन मजदूरी में बढ़ोतरी नहीं हुई थी।

बेअदबी के खिलाफ बिल लागू होने के बाद सीएम भगवंत मान की तरफ से शुकराना यात्रा शुरू की जाएगी। छह से लेकर 9 मई तक यह यात्रा चलेगी। सीएम पहले श्री आनंदपुर साहिब, श्री अकाल तख्त साहिब और फिर दमदमा साहिब और फतेहगढ़ साहिब में नतमस्तक होंगे। सदन की शुरुआत पर नेता प्रतिपक्ष प्रताप बाजवा ने कहा कि नियमित सत्र बुलाया जाना चाहिए। हर बार विशेष सत्र बुला लिया जाता है लेकिन उसका कोई नतीजा नहीं निकलता है। अब तक आठ सत्र हो चुके हैं। न तो प्रश्नकाल रखा गया है और न ही शून्यकाल दिया जा रहा है। विधायकों को बात रखने का समय नहीं मिल रहा है, क्योंकि कई मुद्दे हैं। सीएम भगवंत मान ने कहा कि विशेष सत्र पर सवाल उठाना गलत है। पिछले सत्र के दौरान बेअदबी के खिलाफ प्रस्ताव पास किया था जो राज्यपाल की मंजूरी के बाद लागू हो गया। जब कांग्रेस इस पर एतराज जाता रही थी कि राष्ट्रपति को भेजना पड़ेगा। मानसून सत्र के दौरान पूरा टाइम देंगे, जितना समय चाहिए होगा तो आपको उस विधानसभा सत्र के दौरान देंगे।

पवन खेड़ा को एससी से मिली बड़ी राहत

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को अग्रिम जमानत दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने असम पुलिस द्वारा दर्ज किए गए एक जालसाजी और मानहानि के मामले में उन्हें अग्रिम जमानत दे दी है। असम पुलिस ने पवन खेड़ा के खिलाफ मानहानि और जालसाजी से संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी। पवन खेड़ा ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी को निशाना बनाया था। खेड़ा ने आरोप लगाया था कि शर्मा की पत्नी के पास कई पासपोर्ट हैं और विदेशों में उनकी कई अघोषित संपत्तियां मौजूद हैं। इन्हीं आरोपों और बयानों को आधार बनाते हुए असम पुलिस ने पवन खेड़ा के खिलाफछवि खराब करने और जालसाजी का आपराधिक मुकदमा दर्ज किया था। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि आपराधिक कानून का इस्तेमाल राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के औजार के तौर पर नहीं होना चाहिए। पवन खेड़ा ने गुवाहाटी उच्च न्यायालय के 24 अप्रैल के उस आदेश को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी है, जिसमें उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। यह पूरा विवाद मुख्यमंत्री की पत्नी रिंकी भुइयां शर्मा द्वारा दर्ज कराए गए मामलों से जुड़ा है, जिन्होंने खेड़ा और अन्य के विरुद्ध गुवाहाटी अपराध शाखा में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की विभिन्न धाराओं के तहत शिकायत दर्ज कराई थी। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि जांच निष्पक्ष और बिना दबाव के जारी रहेगी। कोर्ट न साफ किया कि जमानत का मतलब जांच में कोई रुकावट नहीं माना जाएगा। असम पुलिस को पूरा अधिकार है कि वह मामले की गहराई से जांच करे। साथ ही सुप्रीम कोर्ट भी कहा कि गुवाहाटी हाईकोर्ट ने आरोपी पर ही आरोप साबित करने का बोझ डाल दिया, जो कानूनन गलत है।

खेड़ा को इन शर्तों पर मिली है राहत

सुप्रीम कोर्ट ने जमानत के साथ सख्त शर्तें भी लगाईं जिन्हें पवन खेड़ा को मानना होगा। पहला जांच में पूरा सहयोग करना होगा और दूसरा पुलिस बुलाए तो पेश होना अनिवार्य है। खेड़ा गवाहों या साक्ष्यों से छेड़छाड़ नहीं करेंगे और बिना अदालत की अनुमति के देश नहीं छोड़ेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा गुवाहाटी का ट्रायल कोर्ट जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त शर्तें लगा सकता है।5

महाराष्ट्र दिवस पर 'मिसिंग लिंक' की हुई शुरुआत

मुंबई/ए.। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर बहुप्रतीक्षित 13.3 किलोमीटर लंबी 'मिसिंग लिंक' परियोजना का शुक्रवार को उद्घाटन किया। यह परियोजना खड़ी चढ़ाई वाले पहाड़ी दर्रे के हिस्से से बाहर-बाहर गुजरती है और इसका उद्देश्य सड़क सुरक्षा में सुधार करना एवं दोनों प्रमुख शहरों के बीच यात्रा की दूरी को कम करना है। इस परियोजना का उद्घाटन महाराष्ट्र स्थापना दिवस के अवसर पर किया गया।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने एक्सप्रेसवे के खालापुर (रायगढ़ जिला) छोर पर 'मिसिंग लिंक' का उद्घाटन किया और इसके बाद परियोजना के लोनावला जाने वाले मार्ग पर वाहन चलाया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे वाहन में उनके पास बैठे थे।

खोपोली से कुसगांव को जोड़ता है मिसिंग लिंक

'मिसिंग लिंक' परियोजना मुंबई की ओर खोपोली को पुणे जिले में लोनावला के पास कुसगांव से जोड़ती है। इससे एक्सप्रेसवे को पूरी तरह नियंत्रित प्रवेश वाला बनाए जाने और घाट यानी पहाड़ी दर्रे वाले हिस्से में यातायात दबाव कम करने में मदद मिलने की उम्मीद है। महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम द्वारा 6,700 करोड़ रुपये की लागत से विकसित इस परियोजना में दो सुरंगें, दो पुल और 'टाइगर वैली' पर एक केबल आधारित पुल शामिल है। यह खड़ी चढ़ाई वाले और दुर्घटना संभावित खंडाला या भोर घाट वाले हिस्से के बाहर-बाहर नया मार्ग उपलब्ध कराती है।

'अनुराग ठाकुर और प्रवेश वर्मा के भाषण नफरत फैलाने वाले नहीं': सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच से जुड़े एक अहम मामले में बड़ा फैसला सुनाते हुए भाजपा नेताओं अनुराग ठाकुर और प्रवेश वर्मा को राहत दी है। अदालत ने स्पष्ट किया कि उनके खिलाफ कोई भी संज्ञेय अपराध नहीं बनता। यह फैसला 29 अप्रैल को जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने सुनाया। अदालत ने कहा कि हेट स्पीच संविधान की भाईचारे की भावना के खिलाफहै और समाज की नैतिक संरचना को कमजोर करती है। हालांकि, कोर्ट ने यह भी माना कि मौजूदा कानून इस मुद्दे से निपटने के लिए पर्याप्त हैं और नए कानून बनाने की जरूरत नहीं है।

मामला 2020 में दिल्ली के शाहीन बाग में हुए एंटी-सीएए विरोध प्रदर्शन के दौरान दिए गए कथित भाषणों से जुड़ा था। अनुराग ठाकुर ने जहां 'देश के गद्दारों को...' वाली बात कही थी, वहीं प्रवेश वर्मा ने चेतावनी दी थी कि अगर शाहीन बाग के प्रदर्शनकारियों को नहीं रोका गया, तो वह आखिरकार घरों में घुसकर बलात्कार और हत्या करेंगे।

सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणियां

■ सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि:-
प्रस्तुत सामग्री और कथित भाषणों की जांच के बाद कोई संज्ञेय अपराध नहीं बनता।

■ भाषण किसी विशेष समुदाय के खिलाफनहीं थे।
इनमें हिंसा या सार्वजनिक अशांति भड़काने का स्पष्ट तत्व नहीं पाया गया।

■ अदालत ने यह भी कहा कि हाईकोर्ट का अंतिम निष्कर्ष सही था, लेकिन उसकी तर्क प्रक्रिया (सैंक्शन के आधार पर) पूरी तरह उचित नहीं थी। सुप्रीम कोर्ट ने साफकिया कि एफआईआर दर्ज करने के लिए पहले से सरकारी अनुमति जरूरी नहीं है। ऐसी अनुमति की आवश्यकता केवल उस चरण में होती है, जब अदालत मामले का संज्ञान लेती है। यदि जांच शुरू करने से पहले ही सैंक्शन को अनिवार्य कर दिया जाए, तो इससे जांच प्रक्रिया पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

सीजन में भारत का चीनी निर्यात 7.5 से 8 लाख टन रहने का अनुमान

नई दिल्ली/ए.। भारत मौजूदा 2025-26 विपणन सत्र (अक्तूबर-सितंबर) में केवल 7.5 से 8 लाख टन चीनी का निर्यात कर सकता है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने प्रतिकूल वैश्विक मूल्य समता को इसका कारण बताया है। विश्व का दूसरा सबसे बड़ा चीनी उत्पादक देश मिलों के बीच आनुपातिक रूप से वितरित कोटा के माध्यम से निर्यात को सरकारी नियंत्रण में रखता है। 2025-26 के लिए, खाद्य मंत्रालय ने शुरू में 15 लाख टन निर्यात की अनुमति दी, फिर 5 लाख टन का अतिरिक्त कोटा खोला, जिसमें से केवल 87,587 टन को ही मंजूरी मिली।

अधिकारी ने कहा, ÷पूरे सीजन में लगभग 7.5-8 लाख टन माल की भौतिक खेप आने की संभावना है। फिलहाल निर्यात के लिए वैश्विक कीमतों में कोई समानता नहीं है।÷

अधिकारी ने आगे बताया कि भारत 3 मार्च तक 5 लाख टन का निर्यात कर चुका है और मिलों द्वारा पूरे सीजन के निर्यात कोटा का उपयोग करने की संभावना नहीं है, भले ही सीजन की शुरुआत में निर्यात अधिक सक्रिय था। हाल के वर्षों में घरेलू चीनी खपत के पैटर्न में बदलाव आया है, और मांग में वृद्धि स्थिर हो गई है जबकि खपत की मात्रा में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इस प्रवृत्ति के कारण कुल खपत में कमी आई है, जिससे उत्पादन में मामूली सुधार के बावजूद निर्यात के लिए अपेक्षा से अधिक अधिशेष उपलब्ध है। इस सीजन में अब तक घरेलू चीनी उत्पादन 27.5 मिलियन टन तक पहुंच गया है, जबकि कुल उत्पादन 28.2 मिलियन टन रहने का अनुमान है - जो 2024-25 में दर्ज किए गए 26.1 मिलियन टन से थोड़ा अधिक है।

रांची के 7 वर्षीय इशांक ने बनाया नया वर्ल्ड रिकॉर्ड, पाक स्ट्रेट तैरकर किया पार

नई दिल्ली/ए.। भारत में प्रतिभा की कमी नहीं है और जब ऑफबीट खेलों या फिर तैराकी जैसे हुनर की बात आती है तो इसमें पिछले कई सालों से भारतीय प्रतिभाओं ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इसकी एक झलक झारखंड में देखने को मिल गई है। राज्य की राजधानी रांची के रहने वाले 7 वर्षीय मास्टर इशांक ने श्रीलंका और भारत के बीच स्थित दुर्गम पाक स्ट्रेट को तैरकर पार कर लिया और वो ऐसा करके उन्होंने दुनिया के सबसे कम उम्र के तैराक बनने का गौरव हासिल किया और नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। इंशांक ने लगातार 9 घंटे और 50 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद ये उपलब्धि हासिल की है। इशांक ने 29 किमी की दूरी तय कर इतिहास रचा है। इशांक दोपहर 1 बजकर 50 मिनट में धनुषकोडी के अरिचलमुनाई पहुंचे। जैसे ही उन्होंने रामेश्वरम की रेत पर कदम रखा, वहां मौजूद पदाधिकारियों ने इशांक का स्वागत किया। इससे पहले यह रिकॉर्ड तमिलनाडु के जय जशवंत के नाम था। उन्होंने 10 वर्ष की उम्र में 28 मार्च 2019 को श्रीलंका के तलाईमन्नार से रामेश्वरम तक 30 किमी की पाक जलडमरू मध्य की दूरी को 10 घंटे 30 मिनट में तैरकर पार किया था। इशांक की इस सफलता ने तमिलनाडु के तैराक जय जशवंत का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इससे पहले ये रिकॉर्ड जय जशवंत के नाम दर्ज था, जिन्होंने 28 मार्च 2019 को 10 वर्ष की उम्र में श्रीलंका के तलाईमन्नार से रामेश्वरम तक की 30 किलोमीटर की दूरी को 10 घंटे 30 मिनट में तैरकर पार किया था। आपको बता दें कि पाक स्ट्रेट को पार करना कोई आसान काम नहीं है। ये बेहद ही दुर्गम जल क्षेत्र है जहां तैरना या इसे पार करना किसी अनुभवी तैराक के लिए भी मुश्किल काम होता है। ऐसे में इशांक का इस उपलब्धि को हासिल करना उन्हें हर मायने में तारीफके काबिल बनाता है और भविष्य में वो इससे भी बड़े कमाल कर सकते हैं।

एयरपोर्ट से फिल्ममेकर का अवॉर्ड हुआ गायब, अथॉरिटी ने मांगी माफी

मुंबई/ए.। रूस के फिल्ममेकर पाशा तलांकिन ने इस साल बेस्ट फीचर डॉक्यूमेंट्री का अवॉर्ड जीता था। उन्हें 'मिस्टर नोबडी अगेंस्ट पुतिन' के लिए ऑस्कर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था, लेकिन हाल ही में एक अजीब और चौंकाने वाली घटना हुई। जानिए क्या है पूरा मामला। रूस के फिल्ममेकर पाशा तलांकिन, जो ऑस्कर जीतने वाली डॉक्यूमेंट्री 'मिस्टर नोबडी अगेंस्ट पुतिन' के को-डायरेक्टर हैं, उन्हें न्यूयॉर्क के जेएफके एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी ने अवॉर्ड के साथ फ्लाइट में चढ़ने नहीं दिया। बताया गया कि सिक्योरिटी अधिकारियों ने ऑस्कर ट्रॉफी को हथियार समझ लिया। यह ट्रॉफी करीब 3.8 किलो की होती है। तलांकिन ने कहा कि वह मार्च में अवॉर्ड जीतने के बाद कई बार फ्लाइट में इसे साथ ले जा चुके हैं, लेकिन पहले कभी कोई समस्या नहीं हुई। उन्होंने कहा कि उन्हें समझ नहीं आया कि आखिर ऑस्कर को हथियार कैसे माना जा सकता है। एयरलाइन के एक कर्मचारी ने मदद की कोशिश भी की, लेकिन सिक्योरिटी ने कोई भी बात मानने से इनकार कर दिया। आखिरकार, मजबूरी में तलांकिन को अपनी ट्रॉफी कार्गो में भेजनी पड़ी। एयरलाइन स्टाफ ने इसे बॉक्स में पैक कर भेजा, लेकिन जब वह जर्मनी के फ्रैंकफर्ट पहुंचे, तो उनका ऑस्कर वहां नहीं मिला। फिल्म की एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर रॉबिन हेसमैन ने बताया कि एयरलाइन के पास बॉक्स का रिकॉर्ड होने के बावजूद ट्रॉफी का पता नहीं चल पाया है। एयरलाइन ने इस मामले पर बयान जारी कर कहा कि उन्हें इस घटना का अफसोस है और वे ट्रॉफी को जल्द से जल्द ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं। बता दें कि यह फिल्म इस साल बेस्ट फीचर डॉक्यूमेंट्री का ऑस्कर जीत चुकी है, जिसे डेविड बोरेनस्टीन और तलांकिन ने मिलकर बनाया है।

शराब के लिए पैसे नहीं दिए तो युवक पर चाकू से हमला

रायपुर/नवप्रदेश। डंगनिया में शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। घटना 29 अप्रैल रात की है, जिसमें घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित युगल किशोर साहू ने बताया कि वह रात करीब 10.30 बजे मनीष पांडे की किराना दुकान के पास बैठा था। दुकान बंद कर घर जाते समय पड़ोसी महेश साहू वहां पहुंचा और शराब के लिए पैसे मांगने लगा। पैसे देने से मना करने पर आरोपी ने गाली-गलौज की और वहां से चला गया। कुछ देर बाद वह वापस आया और चाकू से युवक के सिर पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के दौरान आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ने जांच शुरू कर दी है।

नवप्रदेश राजरंग...39

प्याज के आंसू की सियासत और सिंधिया

प्याज का राजनीति से पुराना नाता है..साल 1998 में उसने दिल्ली में बीजेपी को ऐसा रूलाया कि उसे याद करके वह आज भी सिहर जाती है..इस साल मौसम जमकर गुलाटी मार रहा है..कभी जाड़ा आ जा रहा है तो कभी लू वाली गरमी पड़ने लगती है..अभी पिछले हफ्ते तक उत्तर भारत लू की चपेट में था..वैसे भी बुंदेलखंड की तपती गरमियां मशहूर हैं..इसी गरमी में एक उद्घाटन समारोह में संचार मंत्री ज्योतिरादित्य ह्यिसंधिया ने अपनी कार से प्याज निकाल डाली और उसका गुणगान शुरू कर दिया..कहा कि एक प्याज जेब में रखो और गरमी को दूर भगाओ..अपनी जवानी के पीछे प्याज के प्यार को भी बताने में उन्होंने देर नहीं लगाई..गरमी भगाने के इस देसी नुस्खे को अब नामचीन आदमी बताए तो उस पर वामपंथी और कांग्रेसी इको सिस्टम सवाल ना उठाए, ऐसे कैसे हो सकता है..प्याज का तीखापन मध्य प्रदेश से दिल्ली तक जा पहुंचा..वैसे भी सिंधिया जी पुराने कांग्रेसी रहे हैं..इसलिए उन पर कांग्रेसी कुछ ज्यादा ही निगाह रखते हैं..कांग्रेस उन्हें घेरने की कोशिश में लगी ही थी कि ओले पड़ गए..सचमुच के ओले..वह भी दिल्ली एनसीआर में...इससे वहां का मौसम ठंडा हो गया है और फ्लिहाल सिंधिया जी से जुड़ा प्याज प्रकरण भी ठंडा पड़ता नजर आ रहा है..यानी प्याज के आंसू से फ्लिहाल सिंधिया जी बच गए हैं..

मोदी के बाद योगी!

कभी बीजेपी को अपनी सेकंड लाइन ऑफलीडरशिप यानी दूसरी पांत के नेताओं पर बड़ा गुमान था.. 'अटल-आडवाणी-जोशी' की तिकड़ी तब टॉप पर होती थी, लेकिन तब दूसरी पांत के नेताओं में कई चमकीले चेहरे थे..प्रमोद महाजन, सुषमा स्वराज, वेंकैया नायडू, अनंत कुमार, अरूण जेटली की मौजूदगी पार्टी का भविष्य होती थी...आज की बीजेपी 'मोदी-शाह' की कही जाती है..दूसरी पांत तो जैसे गायब ही हो गई है..लेकिन अब लगता है कि पार्टी दूसरी लाइन के लिए नेता ढूंढ़ने और उन्हें आगे बढ़ाने में जुट गई है। बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन ने एक इंटरव्यू में साफकर दिया कि उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में अगले विधान सभा चुनाव योगी और पुष्कर सिंह धामी की अगुआई में ही लड़े जाएंगे। 'मोदी-शाह'की बीजेपी में पहली बार किसी राज्य के लिए पहले से ही नेता का नाम घोषित किया गया है..इसका अर्थ यह लगाया जा रहा है कि योगी जी को आगे लाने की तैयारी हो रही है...तो क्या मोदी के बाद योगी होंगे..संकेत तो यही लगते हैं..।

सरकार तुम्हारी, सिस्टम हमारा

कश्मीर फाइल फिल्म में एक संवाद है, सरकार भले ही उनकी हो, सिस्टम हमारा है। कुछ इसी अंदाज में चल रहा है दिल्ली स्थित पत्रकारिता की सबसे अच्छी पढ़ाई और ट्रेनिंग का सबसे बड़ा और प्रतिष्ठित संस्थान भारतीय जनसंचार संस्थान यानी आईआईएमसी.. आईआईएमसी में कांग्रेसी राज में उर्दू पत्रकारिता का कोर्स शुरू हुआ..साल 2022 में यहां दाखिले के लिए सीयूईटी के जरिए परीक्षा ली जाने लगी..लेकिन उर्दू को इससे अलग रखा गया..वैसे तो उर्दू पत्रकारिता के कोर्स के लिए यहां तीस सीटें हैं..लेकिन पिछले कुछ वर्षों से यहां दाखिले कम हो रहे हैं..इसकी वजह है यहां फारसी लिपि में उर्दू की प्रवेश परीक्षा..पिछले साल तो महज दो ही छात्रों ने दाखिला लिया..इसलिए इस बार यहां सुझाव दिया गया कि बेहतर हो कि उर्दू की दाखिला परीक्षा फारसी लिपि के साथ ही देवनागरी में ली जाए..ताकि उर्दू पढ़ना चाहने वाले उन बच्चों को भी दाखिला मिल सके, जो फारसी लिपि में पारंगत नहीं हैं। संस्थान की महानिदेशक प्रज्ञा पालीवाल ने मंजूरी दे भी दी और इसका उल्लेख करते हुए उर्दू के दाखिले के लिए आईआईएमसी की वेबसाइट पर विज्ञापन लोड भी कर दिया गया। लेकिन इस बीच पहले से यहां मौजूद प्रोफेसर आनंद प्रधान ने इसका विरोध किया तो विज्ञापन हटा लिया गया। महानिदेशक का अब तर्क है कि उर्दू को मिटाया जा रहा है..वैसे महानिदेशक कोई अकादमिक नहीं हैं, बल्कि आईआईएस अधिकारी हैं..उन्हें जब यह समझाया गया कि हिंदी और उर्दू का व्याकरण एक है तो उन्होंने इसे मानने से मना कर दिया..वैसे उन्हें कौन समझाए कि गांधी जी ने भी उर्दू वालों को सुझाव दिया था कि वे फारसी की बजाय देवनागरी लिपि को अपना लें..वैसे दिल्ली से देवनागरी लिपि में उर्दू की एक पत्रिका शमां अरसे तक निकलती भी रही है..उर्दू की मशहूर वेबसाइट है रेख्ता..वह भी देवनागरी का ही प्रयोग करती है.बहरहाल पत्रकारिता के इस सबसे बड़े संस्थान में अफसरों और प्रोफेसरों के बीच खींचतान जारी है..खींचतान भी किसके लिए..उर्दू के लिए..वह भी तब, जब केंद्र में हिंदी और हिंदुत्व की बात करने वाली बीजेपी की सरकार है...

छत्तीसगढ़िया पंडितजी का चलेगा जादू!

एक्जिट पोल यूं तो उन सभी पांचों राज्यों के सामने आए हैं, जिनमें विधानसभा चुनाव हुए हैं..लेकिन सबसे ज्यादा दिलचस्पी पश्चिम बंगाल को लेकर है..एक को छोड़ दें तो हर एक्जिट पोल ममता पर बीजेपी की जीत दिखा रहा है। बंगाल का काला जादू कभी काफी मशहूर रहा। अगर चार मई को एक्जिट पोर जैसे ही नतीजे आते हैं और बीजेपी को जीत मिलती है तो उसे भी काला जादू माना जाएगा और इस काले जादू के एक छत्तीसगढ़िया पंडित जी भी होंगे..ये पंडित हैं राज्य के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा..जनाब ने खूब पसीना बहाया है..उन्होंने इसकी रील भी खूब बनवाई और खूब चलाई भी...विजय शर्मा बंगाल की गलियों में सादे कपड़े में कमल खिलाने के लिए घूमते रहे..बच्चों के साथ गलियों में क्रिकेट खेली तो बुजुर्गों के सामने माथा नवाया...कमल का फूल खिलेगा तो तय है कि उन्हें भी इसकी सुगंध मिलेगी...वह कैसी होगी..यह तो भविष्य ही बताएगा..।

पचास प्रतिशत खुशी, पचास प्रतिशत मलाल

बीजेपी को मलाल रहा है कि उसके पूर्ववर्ती संगठन जनसंघ के संस्थापक की जन्मभूमि पर उसकी सरकार नहीं बन पाई। लेकिन लगता है कि इस बार उसका यह मलाल दूर होने जा रहा है। जिस पश्चिम बंगाल की माटी के सपूत जनसंघ के संस्थापक श्यामाप्रसाद मुखर्जी रहे, उसी बंगाल की क्रांतिकारी भूमि पर कमल खिलने जा रहा है। कम से कम एक्जिट पोल तो ऐसा ही बता रहे हैं। वैसे तो एक्जिट पोल काला जादू नहीं होते, लेकिन कई बार वे सच का आभास कराते हैं तो कई बार सही भी हो जाते हैं। बीजेपी के कार्यकर्ता मना रहे है कि बंगाल में वैसा ही हो, जैसा एक्जिट पोल ने दिखाया है..अगर बंगाल में बीजेपी को जीत मिलती है तो पार्टी और कार्यकर्ताओं में वैसी ही खुशी होगी, जैसी 2014 में केंद्र में जीत मिलने पर हुई थी। लेकिन उन्हें दुख भी होगा..इसकी चर्चा दबी जुबान से पार्टी के गलियारों में हो भी रही है...कि अगर ऐसा हुआ तो केंद्रीय स्तर पर जमी 'जोड़ी ' की मनमानी जारी रहेगी..मनमानी ये कि वह जिसे चाहेगी, जहां चाहेगी उसे वहां बिठा देगी..जिसे चाहेगी ताज पहना देगी और जिसे चाहेगी, उसे किनारे लगा देगी..संगठन के प्रति प्रतिबद्धता, अनुभव और त्याग उनके लिए कोई मायने नहीं रखेगा.. कहने का मतलब कि जीत में खुशी भी होगी और मलाल भी..

— राजदार

गर्मी में टमाटर के दाम दोगुने थोक व चिल्हर में बड़ा अंतर

■ टमाटर थोक बाजार में 18 से 20 रुपए प्रति किलो

■ चिल्हर बाजार में यह 40 रुपए किलो तक पहुंचा

रायपुर/नवप्रदेश। गर्मी के मौसम में टमाटर की कीमतों में अचानक उछाल से आम लोगों की रसोई का बजट बिगड़ गया है। लोकल फसल अंतिम चरण में होने के बावजूद सीमित आपूर्ति के चलते दाम बढ़ गए हैं। अच्छी क्वालिटी का टमाटर जहां थोक बाजार में 18 से 20 रुपए प्रति किलो बिक रहा है, वहीं चिल्हर बाजार में यह 40 रुपए किलो तक पहुंच गया है। एक सप्ताह पहले तक यही टमाटर चिल्हर में 20 रुपए किलो मिल रहा था, जबकि महीने की शुरुआत में इसकी कीमत 10 रुपए किलो तक थी। अचानक आई इस तेजी ने उपभोक्ताओं को चौंका दिया है। सब्जी कारोबारियों के अनुसार, राज्य में टमाटर की मुख्य फसल दीपावली के बाद शुरू होकर अप्रैल तक रहती है। अब पुरानी फसल लगभग समाप्त हो चुकी है और गर्मी की फसल धमतरी, नगरी, सिहावा और धमधा जैसे क्षेत्रों से आ रही है, जिसकी लागत अधिक होने से दाम भी ज्यादा हैं। डूमरतराई मंडी में फिलहाल अच्छी क्वालिटी का टमाटर 18 से 20 रुपए किलो मिल रहा है, जबकि पुराने टमाटर की मांग कम हो गई है। व्यापारियों का कहना है कि मई के पहले सप्ताह से बाहरी राज्यों से आवक बढ़ने पर कीमतों में कुछ राहत मिल सकती है। टमाटर ही नहीं, अन्य सब्जियों में भी थोक और चिल्हर कीमतों के बीच भारी अंतर देखने को मिल रहा है। पत्ता गोभी थोक में 6 रुपए किलो है, लेकिन चिल्हर में 30 रुपए में बिक रही है। फूल गोभी थोक में 15 से 20 और चिल्हर में 30 से 40 रुपए, भिंडी थोक में 15 से 20 और चिल्हर में 40 रुपए किलो बिक रही है। इसी तरह खीरा थोक में 10-12 रुपए और चिल्हर में 30 रुपए, लौकी 12-15 से बढ़कर 30 रुपए, कोचाई 25-30 से 80 रुपए और करेला 15-18 से बढ़कर 40 रुपए किलो तक पहुंच गया है।

ओवरलोड कोयला गाड़ियों से वसूला जा रहा है नजराना

■ सीआईएसएफ की मौजूदगी के बावजूद कैसे निकल रही गाड़ियां, जांच में कई बड़े नाम आने की चर्चा

कोरबा/नवप्रदेश। दीपका खदान क्षेत्र में पुलिस की ताजा कार्रवाई ने एक बार फिर कोयला परिवहन और सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। सिरकी मोड़ के पास पकड़े गए तीन ओवरलोड ट्रेलरों ने सिर्फ अवैध परिवहन ही नहीं, बल्कि खदान क्षेत्र में सक्रिय कथित कोयला सिंडिकेट की अंदरूनी व्यवस्था को भी उजागर करना शुरू कर दिया है। चर्चा इस बात की है कि चोरी या ओवरलोड कोयला लेकर निकलने वाली हर गाड़ी से रास्ते में नजराना वसूला जाता है और इसी सेटिंग के दम पर पूरा खेल लंबे समय से चलता आ रहा है। पुलिस द्वारा जब्त किए गए तीनों ट्रेलर महावीर कोल से जुड़े बताए जा रहे हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वाहन खदान क्षेत्र से ही संचालित हो रहे थे और तय क्षमता से अधिक कोयला लेकर बाहर निकले थे। कार्रवाई के बाद तीनों ट्रेलरों को दीपका थाना परिसर में खड़ा कराया गया है, जहां दस्तावेजों, लोडिंग स्लिप और परिवहन अनुमति की गहन जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, रात के समय कई गाड़ियां क्षमता से अधिक कोयला लेकर निकलती हैं और रास्ते में तय "एंट्री सिस्टम" के तहत रकम देकर आगे बढ़ जाती हैं। यही वजह है कि कार्रवाई होने के बाद भी यह कारोबार रुक नहीं पा रहा। अब जांच एजेंसियां यह भी खंगाल रही हैं कि आखिर गाड़ियां किस रूट से बाहर निकलीं, किस स्तर पर निगरानी में चूक हुई और क्या पूरे मामले में अंदरूनी मिलीभगत है।

■ ओवरलोड ट्रेलरों से खुल रही कोयला चोरी की परतें, खदान से सड़क तक सेटिंग का खेल

ओवरलोडिंग के पीछे कहीं बड़ा नेटवर्क तो नहीं

दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू ने साफ कहा है कि मामला केवल ओवरलोडिंग तक सीमित नहीं है। पुलिस अब इस एंगल से भी जांच कर रही है कि कहीं यह संगठित कोयला चोरी नेटवर्क का हिस्सा तो नहीं। सूत्रों का दावा है कि खदान क्षेत्र में लंबे समय से कुछ चुनिंदा ट्रांसपोर्टरों और कथित बिचौलियों के जरिए अवैध कोयला परिवहन का खेल संचालित हो रहा है।

सीआईएसएफ की तैनाती के बावजूद सवाल

सबसे बड़ा सवाल सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उठ रहा है। दीपका जैसे संवेदनशील खदान क्षेत्र में सीआईएसएफ की तैनाती है, जहां हर गतिविधि पर निगरानी का दावा किया जाता है। इसके बावजूद ओवरलोड और संदिग्ध गाड़ियों का बाहर निकलना कई गंभीर संकेत दे रहा है।

ईडी की छापेमारी में 17 किलो सोना और हीरे जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के शराब घोटाले के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार तड़के बिलासपुर में बड़ी कार्रवाई की। ईडी ने फरार आरोपी विकास अग्रवाल के भाई विवेक अग्रवाल के ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान 17 किलो सोना, हीरे के हार और नगदी बरामद की गई। छापेमारी का सिलसिला रात तक जारी रहा।

ईडी सूत्रों के मुताबिक, विवेक अग्रवाल के आवास पर अधिकारियों ने घर के सभी गेट को सील कर दिया और सुरक्षा के लिए जवानों को तैनात किया। वहीं, दूसरी टीम ने विवेक की ज्वेलरी शॉप, श्रीराम ज्वेलर्स में भी जांच की। टीम ने दुकान के स्टॉक, खरीद-बिक्री के रिकॉर्ड और निवेश से संबंधित दस्तावेजों की जांच की। बताया जा रहा है कि शराब घोटाले का मास्टरमाइंड अनवर ढेबर ने अपने करीबी विकास अग्रवाल उर्फ सुब्बू को भी अपने सिंडिकेट में शामिल किया था। विकास और उसके भाई विवेक, शराब दुकानों से वसूली करने का काम करते थे और कमीशन का हिस्सा इन दोनों के जरिए लिया जाता था। विकास अग्रवाल, जो चार साल से फरार है, को वांटेड घोषित किया गया है। उसके बारे में जानकारी मिली है कि वह दुबई शिफ्ट हो चुका है।

कैसा था शराब घोटाले का पैटर्न ?

ईडी को शक है कि फरार विकास अग्रवाल के निवेश और वित्तीय लेन-देन के दस्तावेज विवेक के व्यापारिक प्रतिष्ठानों में छिपे हो सकते हैं। अधिकारियों की नजर अब उन बेनामी संपत्तियों और ज्वेलरी निवेश पर है, जो पिछले कुछ सालों में किए गए हैं। बता दें कि छत्तीसगढ़ शराब घोटाला करीब 3 हजार करोड़ रुपये का बताया जा रहा है। ईडी ने इस मामले में एसीबी में एफआईआर दर्ज कराई थी और जांच में यह सामने आया कि तत्कालीन भूपेश सरकार के कार्यकाल में आईएएस अफसर अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के एमडी एपी त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर के सिंडिकेट के जरिए घोटाला किया गया था।

20 परिवहन अधिकारियों का तबादला

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन के परिवहन विभाग ने 20 परिवहन अधिकारियों का तबादला कर नवीन पदस्थापना की। इस आशय का आदेश संयुक्त सचिव कमलेश बंसोड के हस्ताक्षर से जारी हुआ। जारी आदेश के मुताबिक नवीन पदस्थापना इस प्रकार है। विवेक सिन्हा जिला परिवहन अधिकारी जांजगीर-चांपा, अब्दुल मजाहिद परिवहन मुख्यालय रायपुर, मोहन साहू जिला परिवहन अधिकारी बलौदाबाजार, गौरव साहू जिला परिवहन अधिकारी रायगढ़, अनिल भगत अति. क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजनांदगांव, प्रकाश रावटे जिला परिवहन अधिकारी कांकेर, अतुल असैय्या जिला परिवहन अधिकारी कांकेर, योगेश भंडारी जिला परिवहन अधिकारी बालोद, किशनलाल माहौर जिला परिवहन अधिकारी बेमेतरा, शिवभगत रावटे जिला परिवहन अधिकारी धमतरी, आनंद शर्मा जिला परिवहन अधिकारी मुंगेली, अमित प्रकाश कश्यप जिला परिवहन अधिकारी कोरिया, रामकुमार ध्रुव जिला परिवहन अधिकारी कोंडागांव, ऋषभनायडू परिवहन मुख्यालय, नवा रायपुर, गौरव पाटले जिला परिवहन अधिकारी कवर्धा, चुन्नुलाल देवांगन परिवहन मुख्यालय रायपुर, रविन्द्र ठाकुर जिला परिवहन अधिकारी दंतेवाड़ा, अरविंद भगत जिला परिवहन अधिकारी जशपुर, युगेश्वरी वर्मा जिला परिवहन अधिकारी गरियाबंद और विजय निकुंज जिला परिवहन अधिकारी सूरजपुर।

ओवरब्रिज डी-लॉन्चिंग से 3 और 10 मई को ट्रेनें रद्द, मेमू पैसेंजर रहेंगी प्रभावित

रायपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर मंडल में अधोसंरचना कार्य के चलते 3 और 10 मई को बोरीडांड-अम्बिकापुर रेलखंड की कई मेमू पैसेंजर ट्रेनें रद्द रहेंगी। यह फैसला डी-लॉन्चिंग कार्य के लिए लिए गए ब्लॉक के कारण लिया गया है। रेलवे के अनुसार कटोरा-बैकुंठपुर रोड के बीच शिवप्रसाद नगर-कटोरा सेक्शन में ओवरब्रिज डी-लॉन्चिंग के लिए ट्रैफिक-कम-पावर ब्लॉक लिया जाएगा। यह कार्य बोरीडांड-सूरजपुर रोड दोहरीकरण परियोजना के तहत किया जा रहा है। इस दौरान शहडोल-अम्बिकापुर (68749), अम्बिकापुर-अनूपपुर (68758), अनूपपुर-मनेन्द्रगढ़ (68759), मनेन्द्रगढ़-अम्बिकापुर (68757) और अम्बिकापुर-शहडोल (68750) ट्रेनें रद्द रहेंगी। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पहले ट्रेन की स्थिति की जानकारी लेकर ही सफर करें।

25 साल बाद वेंडर बदलेगा, सब्सिडी खत्म करने की तैयारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मंत्रालय महानदी भवन में करीब 25 साल बाद खानपान व्यवस्था में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। लंबे समय से कैंटीन संचालन कर रही इंडियन कॉफी हाउस अब अपना काम समेट रही है, और शासन नए वेंडर की तलाश में जुट गया है।

सबसे अहम बदलाव यह है कि संसद की तर्ज पर मंत्रालय कैंटीन में दी जाने वाली सब्सिडी खत्म करने की योजना बनाई जा रही है। इससे अब तक वेंडर को मिलने वाली आर्थिक सहायता बंद होगी और शासन पर पड़ने वाला अतिरिक्त वित्तीय बोझ कम होगा।

सरकार को हर साल लाखों का नुकसान

मंत्रालय की कैंटीन में भोजन की कीमत कम रखने के लिए शासन को नियमित रूप से सब्सिडी देनी पड़ती थी। इसके अलावा मंत्रियों के स्टाफ और विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा पर्ची के जरिए किए गए ऑर्डर का भुगतान भी सीधे शासन स्तर पर होता था। बताया जाता है कि कैंटीन के कुल खर्च का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा सरकार वहन करती थी, जिससे हर साल लाखों रुपए का अतिरिक्त भार पड़ रहा था।

अब कर्मचारियों को चुकानी होगी पूरी कीमत

सब्सिडी समाप्त होने के बाद मंत्रालय में काम करने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों को खानपान के लिए वास्तविक कीमत चुकानी होगी। इससे जहां सरकारी खर्च में कमी आएगी, वहीं कर्मचारियों पर महंगे भोजन का बोझ बढ़ सकता है। इसी को लेकर कर्मचारियों ने मुख्य सचिव से सस्ती दरों पर भोजन उपलब्ध कराने की मांग भी की है।

महिला समूह या नए वेंडर को मौका

सूत्रों के अनुसार, अब कैंटीन संचालन की जिम्मेदारी किसी बड़े महिला स्व-सहायता समूह या नए निजी वेंडर को दी जा सकती है। फिलहाल नए वेंडर के चयन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। मंत्रालय में हर महीने करीब 10 लाख रुपए का कारोबार कैंटीन के माध्यम से होता रहा है। ऐसे में नई व्यवस्था लागू होने के बाद न सिर्फ स्वाद में बदलाव दिखेगा, बल्कि खानपान की कीमतों और संचालन प्रणाली में भी बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com